திருநாவுக்கரசர் (அப்பர்) தேவாரம்

तमिल शैवभक्त कवि
अप्पर



प्रधान सम्पादक : डॉ. ना. महालिंगम्

लेखक : डॉ. रवीन्द्रकुमार सेठ



डॉ. ना. महालिंगम्

तमिलनाडु के 'शक्ति-समूह' कम्पनियों के अध्यक्ष, विख्यात उद्योगपति, डॉ. ना. महालिंगम् ने पिछले 5 से अधिक दशक अनेक कम्पनियों की स्थापना और उनके कुशल संचालन के द्वारा एक विशाल औद्योगिक ढांचे का निर्माण किया है। दर्जनों शिक्षण संस्थाओं की स्थापना द्वारा तकनीकी उच्च-शिक्षा को जन-सुलभ बनाकर एक शैक्षिक क्रांति को साकार किया है। भारतीय धर्म और संस्कृति के प्रसार और राष्ट्रीय भावात्मक ऐक्य की ओर अनवरत कार्यरत अरुट्चेल्वर जन्म से कृषक हैं। आप गांधवादी जीवन-दर्शन को अपनाकर प्रदेश, भाषा, जाति, धर्म आदि की सीमाओं से ऊपर उठकर रामलिंगर् के जीव-कारुण्य के मंत्र का विश्व में प्रसार कर रहे हैं। 'किसान वर्ल्ड'; 'ओम्शक्ति' आदि पत्रिकाओं के मानद सम्पादक डॉ. ना. महालिंगम् ने 1978 ई. में स्थापित प्राचीन सभ्यता एवं सांस्कृतिक शोध परिषद् (ISIAC) के माध्यम से अद्यतन 35 से अधिक महत्त्वपूर्ण ग्रंथों का प्रकाशन करवाया है। कृषि एवं जल संसाधन विषयक मौलिक चिंतन, अभियांत्रिकी के ज्ञान के समन्वय से सिंचाई और नगर-जीवन विषयक महत्त्वपूर्ण कार्य किए हैं। 'अरुट् चेलवर' नामक आपका जीवन-चरित राजनीति, धर्म, संस्कृति, साहित्य, शिक्षा, पुरातत्त्व आदि के क्षेत्र में किए गए आपके अद्वितीय योगदान का एक प्रामाणिक रूप प्रस्तुत करता है। मॉरिशस से प्रकाशित श्री एम. इब्राहीम् अल्लादीन द्वारा लिखित आपकी जीवनी Nachimuthu Mahalingam : A Living Legend में आपके कार्य के विशाल फलक और आपकी राष्ट्र के प्रति अनथक सेवाओं का विस्तृत विवरण है। आप संगीत-शोध, विविध संगीत कार्यक्रम द्वारा प्राचीन परम्परा का संरक्षण, मंदिरों की स्थापत्य कला के संरक्षण हेतु उनके नवीकरण और प्राचीन धरोहर की रक्षा का स्तुत्य कार्य कर रहे हैं। नवीन मंदिरों के निर्माण की कई योजनाएँ कार्यरूप ले चुकी हैं। 1989 ई. में 'इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा सम्मानित डॉ ना. महालिंगम् को भारतीयार विश्व-विद्यालय ने 'डॉक्टर ऑफ लॉ' (1984) तथा अन्ना विश्वविद्यालय ने 'डॉक्टर ऑफ साइंस' (1988) तथा अप्रैल 2000 में तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयम्बत्तूर ने 'डॉक्टर ऑफ साइंस' की मानद उपाधियों से विभूषित किया है। पिछले 14 वर्षों से आपने तमिल के विशाल साहित्य को हिन्दी में उपलब्ध करवाने की अनेक योजनाओं को साकार रूप दिया है, इस दिशा में आप सतत कार्यरत हैं।

तमिल शैवभक्त कवि

अप्पर

SAHITYA SHODH SANSTHAN
साहित्य शोध संस्थान,
8 ए/141, पश्चिमी विस्तार क्षेत्र,
करोलबाग, नई दिल्ली-110005
दूरभाष: 572-6216

8-A/141, W.E.A. KAROL BAGH
NEW DELHI-110005, PHONE: 572 6216

तमिल शैवभक्त कवि

अप्पर

(अप्पर तेवारम् के 400 गीतों का मूल तमिल, देवनागरी लिप्यंतरण, भावानुवाद; अप्पर के चिंतन, भक्ति, दर्शन, काव्य आदि का विवेचन)



प्रधान सम्पादक :

डॉ. ना. महालिंगम्

लेखक, अनुवादक :

डॉ. रवीन्द्रकुमार सेठ

ISBN 81-85073-18-X

CC O31, 1 (Q 23) w44

DDC 894 . 8111009

संस्करण :
प्रथम, 2002 ई.

मूल्य :
तीन सौ साठ रुपये मात्र (रु. 360/-)
पृष्ठ : (xl + 375)

प्रकाशक :
साहित्य शोध संस्थान
8ए/141, पश्चिमी विस्तार क्षेत्र,
करोल बाग, नई दिल्ली - 110005

लेज़र :
साहित्य शोध संस्थान;
एवं कैपिटल क्रिएशन्ज़ फ्लैट न. 4,
शुभ्रम् कॉप्लेक्स, डी - 96, मुनीरका गाँव,
नई दिल्ली - 110067

पुस्तबंध
गोयल एण्टरप्राइज़िज
जैन मंदिर गली, शाहदरा, दिल्ली - 110032

मुद्रक :
शकुन प्रिंटर्स, नवीन शाहदरा, दिल्ली - 110032

TAMIL SAIVA BHAKTA KAVI
APPAR

400 POEMS OF APPAR (TIRUNAVUKKRASAR) TEVARAMS (TIRUMURAI – IV, V, VI) WITH TAMIL TEXT, TRANSLITERATION INTO DEVANAGARI, TRANSLATED INTO HINDI WITH DETAILED ANALYTICAL STUDY OF THE PHILOSOPHY, DEVOTION, NATURE AND VARIOUS OTHER IMPORTANT ASPECTS OF SAINT POET'S TEVARAMS.

CHIEF EDITOR : DR. N. MAHALINGAM

AUTHOR, TRANSLATOR : DR. RAVINDER KUMAR SETH

PUBLISHERS : SAHITYA SHODH SANSTHAN
8A/141, W. E. A. KAROL BAGH
NEW DELHI - 110005
(TEL: 572-6216)

PRICE : RS. 360/- (RUPEES THREE HUNDRED SIXTY ONLY)

ISBN : 81-85073-18-X

तमिऴ् से देवनागरी लिप्यंतर संकेत चिह्न
தமிழ்—தேவநாகரி ஒலியாக்கம்

स्वर

அ	-	अ	எ	-	ए
ஆ	-	आ	ஏ	-	ए
இ	-	इ	ஐ	-	ऐ
ஈ	-	ई	ஒ	-	ऑ
உ	-	उ	ஓ	-	ओ
ஊ	-	ऊ	ஔ	-	औ

व्यजन

க	-	क, ग, ह	ம	-	म
ங	-	ङ	ய	-	य
ச	-	च, ज, श, स	ர	-	ऱ
ஞ	-	ञ	ல	-	ल
ட	-	ट, ड	வ	-	व
ண	-	ण	ழ	-	ऴ
த	-	त, द	ள	-	ळ
ந	-	न	ற	-	र
ப	-	प, ब	ன	-	न

ग्रंथाक्षर

ஜ	-	ज	ஹ	-	ह
ஷ	-	ष	க்ஷ	-	क्ष
ஸ	-	स			

□ □ □

Chief Editor's Preface

The '*Naalvar*', the four Saiva saint poets rekindled in the people of Tamilnadu of their times the faith in Siva. Appar followed the role of servant i.e. *Dasamaargam,* Tirugnana-sambandhar followed the role of *Satputramaargam* and Sundaramurthy followed the role of *Sakhamaargam*. The fourth saint-poet Manickavasahar followed *Gnanamaargam* - *Sanmaargam*.

Marulnikkiyar - later known as Tirunavukkarasu and made famous as Appar by Tirugnanasambandhar was born in a family of farmers. His parents died when he was young. He was a compassionate person and performed several charities, helped the poor, planted large number of trees and gave alms unfailingly. The ephemeral nature of the world took him to Jainism where he mastered various Jain Scriptures and literature. He was given the name Dharmasena and became the head of the monastery. After some years he was afflicted with unbearable colic and all efforts to cure him failed. At the suggestion of his widowed sister Tilakavati, who had renounced the world and taken the path of Siva at Tiruvadigai, he prayed to Siva to cure him and returned to Saivism. Dharmasena's desertion from Jainism could create problems of desertion by a large number of followers. Pallava king Mahendravarman (600-650 A. D) was briefed against him and when he was asked to come to court he is said to have sung the famous poem :

We are subject to none, we fear not Death,
We do not grieve in Hell, we are without falsity,

We know no illness, we do not crouch and crawl,
Forever with us joy abides, never will we suffer sorrow,
We have taken refuge in the lotus feet of Lord Sankara......

There is evidence that cruelities were afflicted on him and effort was made to wipe him out but he was saved miraculously due to his intense faith on Siva resulting in Pallava king Mahendravarman changing his faith to embrace Saivism.

Appar's poems have rich material connected with his acts of worship at various Siva-temples and contain much autobiographical material also. His meeting with his contemporary Tirugnanasamandhar at Sirkali where he fell at the feet of young saint who in return fell at his feet addressing him '*Appre' - father* is embedded in the hearts of the devout. The poetry of Appar is compiled in three Tirumurais (fourth, fifth and sixth) in 312 patikams, totalling 3064 hymns. It is believed that a larger number of hymns were sung by him but have now been lost. Appar has mentioned several Saivite centres of India besides more than 170 places of Tamilnadu associated with Siva. Many Puranic legends like Siva's drinking the poison churned from the sea, *Lingodbhava*, *Daksha yagna samhara*, *Tarakasur vadha*, *Ravananugrah* etc. are mentioned in his poetry. The philosophy of absolute surrender and intense devotion is the basis of Appar's poetry. Lord Siva has been conceived as *Muttamil - Iyal, Isai and Nataka*. The *Panchaksra Namasivaya* is the mantra given by him for the devotees. In his opinion the days not spent in the singing of the praises of the Lord Siva are sheer waste. He prays for His grace inspite of his ignorance and misdeeds. He the '*paramjoti*' is the resplendet light, celetial and fulfiller of all desires. His poetry is charged with emotions, he describes the true devotion, the path of knowledge and final realisation of the blemishless Lord wearing high matted locks. A large number of pointed references to *Vedas*, *Vedangas*, and associated material indicate that Appar was expounding the Saiva

Sidhanta philosohpy. His deep knowledge of Tamil, Sanskrit and Vedas is an accepted fact. Like Tirumular his concept of Siva is 'embodiment of *Omkara*.' He holds Vibhuti - *nïru, podi, thirunïru* - sacred ash as a venerable object. The symbolic meaning that all impediments in the path to God - worldly desires, greed, be burnt by true devotion is never lost.

Appar's Tevaram brings out the Saiva Sidhanta philosophy of *Pati*, *Pasu* and *Pasa*. Siva emanated as the directions and the *Paramäkäsa*, expanded as the seven worlds, remains beyond the deluge. The final abode of the entire earthly beings and heavenly Gods, Siva, according to Appar becomes the immobile and mobile, earth, water, fire, *äkäsä* etc. The mention of ninety six *tattvas* by 'Appar' and other related material provide the then prevailing views about Siva. Appar's use of '*akam*' conventions of Tamil poetry is just like the '*kanta - bhakti*' as seen in some other Indian languages like Marathi and Hindi etc.

The songs having images of devotion and aesthetic response connected with Siva also include the description of the natural sorroundings of the place. Appar's hymns give us an insight into his conflict, shortcomings, suffering and complete surrender leading to the supreme mystic experience. Appar has earned the reputation as the 'king of *tandakam* verse' where description with built up tempo of emotional involvement gives heart-warming sound effects. He sings of service and realisation of Siva in various ways including the path of yoga and the path of wisdom. From external '*puja*' as basis he develops the higher and internal involvement, mental worship with tranquil perception.

Siva-bhakti influenced the religious life of Tamilnadu and also the art, culture, sculpture, architecture, music etc. in no ordinary way. Understanding the poetry of these saint-poets helps in proper appreciation of Tamil cultural heritage.

A book on Tirugnanasambandhar by Dr R. K. Seth

containing 350 hymns with transliteration, translation and a comprehensive study has already been published. By bringing out this volume containing 400 hymns of Appar with Tamil text, Devanagari transliteration and Hindi translation alongwith the critical study of philosophy and poetry of saint-poet he has fulfilled a part of the mission suggested by our late ex-President of India, Dr Shankar Dayal Sharma. I am associated with these works as Chief Editor of the volumes and am happy to note that the volume on Sundaramurthy Nayanar prepared by Dr R. K. Seth & being published by Sahitya Shodh Sansthan is at final stages. Tiruvachakam of Manickavasahar is also being finalised for publication with full text in Tamil, Devanagari transliteration and Hindi translation. We propose to publish this 'unique devotional literature' in the year 2002 itself. A book about the Temples of Tamilnadu has also been published recently.

Dr R. K. Seth has specialised in bringing Tamil literature and culture in Hindi. His published works on Tiruvalluvar, Subrahmania Bharati, Vaishnav poets-Alvars, Periapuranam, Ramalinga Swami, Tirumantiram and History of classical Tamil literature etc. have been acclaimed as 'pioneering works'. These publications, regular radio talks on Tamil themes, his T. V. Serial '*Chayan*' etc. have created a better understaning about Tamil literary and cultural aspects and paved the way for strengthening 'national emotional integration through literature'.

The appreciation of these publications by reputed scholars of various Indian languages, by print and electronic media has been quite encouraging. It gives me immense happiness and satisfaction to provide all possible guidance and help for Dr R. K. Seth's untiring and dedicated efforts for the cause of national emotional integration.

Chennai **(Dr N Mahalingam)**

प्रधान सम्पादक का प्राक्कथन

'नालवर' – चार शैव संत कवियों ने अपने युग के तमिलनाडु के जन-जन में शिव के प्रति आस्था को·पुनः प्रदीप्त किया। तिरुज्ञानसम्बन्धर ने सत्पुत्र मार्ग, अप्पर ने दास मार्ग सुन्दरर ने सखा मार्ग और माणिक्कवाचकर ने ज्ञान का 'सन्मार्ग' ग्रहण किया।

मरुळ्नीक्कियार – जो बाद में तिरुनावुक्करसु नाम से जाने गए और तिरुज्ञानसम्बन्धर द्वारा दिए गए 'अप्पर' नाम से प्रसिद्ध हुए – का जन्म एक कृषक परिवार में हुआ था। उनकी छोटी आयु में ही माता-पिता का देहावसान हो गया। वे दयालु स्वभाव के व्यक्ति थे और उन्होंने कई रूपों में दान-कार्य किए। उन्होंने निर्धनों की सहायता की, बड़ी संख्या में वृक्ष लगाए और निरंतर दान देते रहे। जगत् की नश्वरता की भावना उन्हें जैन धर्म की ओर ले गई जहाँ वे विविध जैन शास्त्रों और साहित्य में पारंगत हुए। उन्हें 'धर्मसेन' नाम से अभिहित किया गया और वे मठ के अधीक्षक बने। कुछ वर्षों बाद उन्हें असह्य आन्त्र-शूल हुआ और उपचार के सभी प्रयास विफल रहे। उनकी विधवा बहिन तिलकवती, संन्यास लेकर तिरुवदिगै में शिव-भक्ति को समर्पित थीं। बहिन के परामर्श से उन्होंने शिव से रोगमुक्ति की प्रार्थना की और शैव धर्म में लौट आए। 'धर्मसेन' के जैन धर्म से परित्याग के फलस्वरूप अन्य अनुयायियों द्वारा भारी संख्या में परित्याग की समस्या सम्भव थी। पल्लव-नरेश महेन्द्रवर्मन (600-650 ई.) को उनके विरोध में भड़काया गया और जब राज-दरबार में आने का आदेश मिला तो उन्होंने यह प्रसिद्ध पद गाया –

प्रजाजन नहीं हम किसी मानव के, भय नहीं मृत्यु से
नरक-यातना तुच्छ है आडम्बर या अहंकार की बात नहीं
दूर हैं रोक-शोक से, दुःख संताप से,
आनन्द ही आनन्द है, सदा परमानन्द

क्योंकि हम दास हैं शंकर के,
हम हैं प्रभु के कमल सरिस
चरण युगल की शरण में ......

प्रमाण मिलते हैं कि उन पर अनेक अत्याचार किए गए और उन्हें नष्ट करने का प्रयास हुआ पर अपने अदम्य विश्वास के कारण वे चामत्कारिक रूप से बच गए परिणामतः पल्लव-नरेश महेन्द्रवर्मन ने अपना धर्म-परिवर्तन कर शैव धर्म अपनाया।

अप्पर-काव्य में विविध शिव-मंदिरों में की गई पूजा-प्रार्थनाओं के विषय में तथा आत्म-कथात्मक विषयक प्रचुर सामग्री है। सीरकाळी में अपने समकालीन तिरुज्ञानसम्बन्धर से उनकी भेंट, – जहाँ वे बालक संत के चरणों में दण्डवत् हुए तथा बालक संत 'अप्पर'–'ओ पिता !' कहते हुए उनके चरणों में झुक गए–भक्तों के हृदयों में अंकित है। अप्पर- काव्य तीन तिरुमुरै ग्रंथों (4, 5, 6) में संकलित है जिसमें 312 दशकों में 3064 पद हैं। मान्यता है कि अप्पर द्वारा गाए गए पदों की संख्या कहीं अधिक थी पर अब वे लुप्त हो गए हैं। 'शिव' से सम्बद्ध तमिलनाडु के 170 स्थलों के अतिरिक्त अप्पर ने भारत के अनेक शिव-स्थलों का भी उल्लेख किया है। उनके काव्य में अनेक पौराणिक आख्यानों यथा शिव द्वारा समुद्र-मंथन से निःसृत हलाहल का पान, लिंगोद्भव, दक्ष-यज्ञ-संहार, तारकासुर वध, रावण-अनुग्रह आदि का उल्लेख है। पूर्ण समर्पण का चिंतन और अनन्य भक्ति-भावना अप्पर-काव्य का आधार है। प्रभु शिव को *मुत्तमिल*–त्रितमिल–साहित्य, संगीत और नाटक–रूप में कल्पित किया गया है। भक्तों के लिए उन्होंने पंचाक्षर 'नमः शिवाय' मंत्र प्रदान किया है। उनके विचार में प्रभु शिव की स्तुति में व्यतीत न होने वाले दिवस व्यर्थ नष्ट हुए। वे अपने अज्ञान और दुष्कर्मों के रहते भी उनके अनुग्रह की प्रार्थना करते हैं। वे परम्ज्योति, प्रकाशित ज्योति हैं, दिव्य हैं और मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाले हैं। अप्पर के काव्य में भावना का प्रवाह है, सच्ची भक्ति का वर्णन है, तथा ज्ञान-साधना द्वारा प्रकाशमान जटाधारी शिव की प्राप्ति का मार्ग है।

वेद और वेदाङ्ग के अनेक स्पष्ट संदर्भ तथा सम्बद्ध सामग्री से ज्ञात होता है कि अप्पर शैव-सिद्धान्त दर्शन का प्रतिपादन कर रहे थे।

उनका तमिल, संस्कृत और वेदों का गम्भीर ज्ञान एक स्वीकृत तथ्य है। तिरुमूलर के समान उनके शिव 'ॐकार रूप' हैं – विभूति – *नीरु, पोडि, तिरुनीरु* – पवित्र भस्म को उन्होंने श्रद्धेय वस्तु माना है। प्रतीक अर्थ कि ईश्वरीय संधान के मार्ग की सभी सांसारिक कामनाएँ, लोभ, आदि सात्विक भक्ति से भस्म हो जाती हैं, कभी विस्मृत नहीं होता।

अप्पर तेवारम् द्वारा शैव-सिद्धान्त दर्शन के पति, पशु और पाश का विवेचन हुआ है। दिशाओं और परम आकाश रूप शिव ही सप्तलोक बने और प्रलय उपरान्त भी विद्यमान रहते हैं। शिव समग्र धरती के प्राणियों और देवलोक के देवताओं की अंतिम आश्रयस्थली हैं। अप्पर के अनुसार शिव ही जड़ और चेतन, धरती, जल, अग्नि, आकाश बनते हैं। अप्पर द्वारा 96 तत्त्वों तथा अन्य सम्बद्ध विचारों से तद्‌युगीन शिव-विषयक चिंतन स्पष्ट होता है। अन्य भारतीय भाषाओं यथा हिन्दी और मराठी की कान्ता-भक्ति सदृश तमिल काव्य की '*अहम्*' परम्परा का प्रयोग अप्पर ने किया है।

भक्ति और शिव-सम्बद्ध सौन्दर्यानुभूति के गीतों में उस स्थल विशेष की प्राकृतिक सुषमा का वर्णन भी समाविष्ट हुआ है। अप्पर के पदों में हमें उनके संघर्ष, दुर्बलताओं, यंत्रणा और पूर्ण समर्पण के माध्यम से परम रहस्यमय अनुभूति के दर्शन होते हैं। अप्पर को 'ताण्डकम् छन्द नरेश' रूप में प्रसिद्धि प्राप्त है। इस छन्द में वर्णन के साथ अंतः-समाविष्ट भावनात्मक जुड़ाव हृदयग्राही नाद-प्रभाव प्रदान करता है। उन्होंने योगमार्ग और ज्ञानमार्ग सहित विविध रूपों में शिव के प्रति सेवा और आत्म-दर्शन के गीत गाए हैं। वे बाह्य 'पूजा' विधि को आधार बनाकर उच्चतर, अंतःसंयोग और शान्त अनुभूति-युक्त मानसिक प्रार्थना की ओर विकास करते हैं।

शिवभक्ति का असाधारण प्रभाव तमिलनाडु के धार्मिक जीवन, कला, संस्कृति, मूर्ति-कला, स्थापत्य, संगीत आदि पर पड़ा। इन संत कवियों की कविताओं का ज्ञान तमिल सांस्कृतिक विरासत के उपयुक्त गुण-निरुपण में सहायक है।

डॉ. रवीन्द्रकुमार सेठ द्वारा रचित तिरुज्ञानसम्बन्धर के 350 तमिल पदों के देवनागरी लिप्यंतरण, अनुवाद और विशेष विवेचन सहित

ग्रंथ पहले ही प्रकाशित हो चुका है। अप्पर के 400 पदों के मूल तमिल, देवनागरी लिप्यंतरण और हिन्दी अनुवाद तथा उनके दर्शन एवं काव्य के सम्यक् विश्लेषण सहित के प्रकाशन द्वारा उन्होंने हमारे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकरदयाल शर्मा द्वारा निर्दिष्ट लक्ष्य को आंशिक रूप से प्राप्त कर लिया है।

मुख्य सम्पादक के रूप में इन ग्रंथों के साथ मैं निरंतर सम्बद्ध हूँ और यह जानकर हर्षित हूँ कि डॉ. आर. के. सेठ द्वारा रचित एवं साहित्य शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित किया जा रहा सुन्दरमूर्ति नाय्नार् विषयक ग्रंथ भी प्रकाशन के लिए तैयार है। इसमें भी मूल तमिल पाठ देवनागरी लिप्यंतरण एवं हिन्दी अनुवाद दिया गया है। 'तमिलनाडु के मंदिर' पुस्तक हाल ही में प्रकाशित हो गई है।

डॉ. आर. के. सेठ ने तमिल साहित्य और संस्कृति को हिन्दी में प्रस्तुत करने में विशेषज्ञता प्राप्त की है। तिरुवल्लुवर, सुब्रह्मण्य भारती, वैष्णव भक्त–आळ्वार, पॅरियपुराणम्, रामलिंग स्वामी, तिरुमंतिरम् और प्राचीन तमिल साहित्य का इतिहास आदि को 'पथ प्रदर्शक' ग्रंथों के रूप में मान्यता मिली है। इन प्रकाशनों, तमिल सम्बद्ध विषयों पर नियमित रेडियो–वार्ताओं, उनके दूरदर्शन धारावाहिक 'चयन' आदि द्वारा उन्होनें तमिल के साहित्यिक और सांस्कृतिक पक्षों के विषय में सम्यक् गुण-विवेचन द्वारा 'साहित्य के माध्यम से राष्ट्रीय भावनात्मक ऐक्य' को सुदृढ़ करने का मार्ग प्रशस्त किया है।

विविध भारतीय भाषाओं के प्रसिद्ध विद्वानों, पत्र-पत्रिकाओं तथा इलैक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इन ग्रंथों की प्रशंसा पर्याप्त उत्साह-वर्धक रही है। राष्ट्रीय भावात्मक एकता के उद्देश्य से किए जा रहे डॉ. आर. के. सेठ के अनथक और समर्पित प्रयासों को हर सम्भव परामर्श और सहायता प्रदान कर मुझे अत्यन्त आनन्द और संतुष्टि का अनुभव होता है।

ना. महालिङ्

चेन्नै **(डॉ. ना. महालिंगम्)**

लेखक - अनुवादक की ओर से....

ईश्वर समस्त चराचर में व्याप्त हैं। अर्चाविग्रह तो भक्त द्वारा उन्हें अनुभव करने का निमित्त है। भक्ति-मार्ग का पथिक मंदिर के भगवान् की वंदना करने के साथ ही प्रत्येक मानव और प्राणिमात्र में निवसित उस सर्वव्याप्त सत्ता को अनुभव करता है। संत तुकाराम ईश्वर साक्षात्कार होने पर चराचर में विश्वात्मा को और उस विश्वात्मा में सब प्राणियों का प्रतिबिम्ब देखते हैं, उसी प्रकार आत्मतत्त्व का बोध हो जाने पर सर्वत्र ईश के ही दर्शन होते हैं। जब ज्ञेय, ज्ञाता और ज्ञान की त्रिपुटी के भेद को छोड़कर आत्मज्ञान का दीपक प्रज्ज्वलित होता है तो 'अहं' विगलित होकर सर्वत्र आनन्द व्याप जाता है। तमिल के शैव-भक्त कवि देहात्म बोध और 'अहं' की सीमाओं को लांघकर भाव-जगत् को प्राप्त कर चुके थे। वे अपने अंतर्जगत् में साधना का क्रमविकास कर चुके थे। अमूर्त, निर्गुण-निराकार और निष्कल स्वरूप का ज्ञान जिस उन्नत आध्यात्मिक स्थिति का परिचायक है उस स्थिति को भाव-रूप में प्राप्त करना साधक-भक्त के लिए सम्भव है।

ईश्वर-सान्निध्य का आनन्द और 'मौन-आस्वादन' को विश्व के अनेक साधकों ने अनुभव किया है। इसे 'अनिर्वचनीय' अथवा 'गूंगे का गुड़' कहा गया, फिर भी विविध पद्धतियों से इसका 'मार्ग' स्पष्ट करने की चेष्टा युगों से की जाती रही है। कायासाधन, हठयोग, कुंडलिनी-जागरण अथवा लययोग आदि के अर्थ भिन्न हैं पर लक्ष्य एक ही है। प्राणिमात्र अपने अंतःकरण के शुद्ध होने पर अनन्त के साथ सम्पृक्त हो सकता है। रागात्मिका भक्ति के अंतिम सोपान पर भक्त पराभक्ति की भूमिका में प्रवेश कर प्रभु-प्रेम में विभोर होकर 'उसी को देखता,

उसी को सुनता, उसी की कहता और उसी का चिंतन करता है।' यहाँ पहुँचकर साधक-भक्त गुण-रहित, कामानाशून्य, प्रतिक्षण अविच्छिन्न रूप से विकास करता हुआ सूक्ष्मतर और अनुभव-रूप हो जाता है। इस प्रक्रिया के मूल में अपनी वृत्तियों को लौकिक राग-द्वेष से असम्पृक्त कर उन्हें ईश्वरोन्मुख करना अनिवार्य आवश्यकता है। वृत्तियों की यह स्थिति अहेतुक, निष्काम, अनन्य और अनवरत प्रेम रूपी भक्ति का रूप धारण करती है। भक्ति की यह 'सिद्धि' मानव को 'विश्व-मानव' के रूप में विकसित कर देती है। भक्त कवि 'अप्पर' इस सिद्धि को प्राप्त कर विश्व-मानव की कोटि में विकसित हो चुके थे।

इस अनुभूति का स्वरूप अति व्यापक है और इसके प्रभाव से मानव-जीवन में अद्‌भुत, आमूल परिवर्तन हो जाता है। जब अप्पर ने तिरुवैयारु में सर्वत्र व्याप्त शिव के दर्शन किए तो हाथी और हथिनी, मयूर और मयूरी, बटेर और उसकी प्रिया, सारस और उसकी मादा, वृषभ और गाय सभी में मूंगे की चट्‌टान के समान दीप्त 'शिव' और अर्द्धांगिनी 'शैलजा' के दर्शन हुए। अनिंद्य वीणा, संध्याकालीन चन्द्र, मलय-पवन और भ्रमर के गुंजन को शिव के चरणों में प्राप्त करने वाले अप्पर के काव्य का आनन्द हिन्दी पाठकों को देने की प्रबल कामना इस कृति की मूल प्रेरणा रही है।

अद्‌भुत तो लगेगा पर अप्पर का चिंतन शुद्ध भारतीय परम्परा और वेद-वेदाङ्ग से प्रेरित होने पर भी ईरान के मौलाना रूमी के इस भाव के समीप है–

मेरा स्थान वह है जो कोई स्थान ही नहीं है और न मेरा पता किसी पते में है। न मैं शरीर हूं और न प्राण हूं, प्रत्युत मैं प्राणों का भी प्राण हूं। मैंने अपने मस्तिष्क तथा हृदय से द्वैत का विचार निकाल डाला है। मैं एक ही को ढूंढ़ता हूं, उसी से परिचित हूं, वही एकमात्र मेरी दृष्टि में है और उसी का नाम लेता हूं। वही आदि है और वही अंत, वही प्रकट है और वही गुप्त। मेरा वही सर्वस्व है। यह भी तू ही है और वह भी तू ही है, इसके अतिरिक्त मैं अन्य किसी को नहीं

जानता। यदि मैंने अपने जीवन में तुझे भूल कर एक भी सांस ली है तो उस समय और उस घड़ी के लिए आज मैं पछता रहा हूं।

(मकानम् लामकां बाशद् निशानम् बेनिशां बाशद।
न तन बाशद न जां बाशद, के मन अज़ जाने जानानम्।।
दुई अज़ खुद बदर करदम्, यके दीदम् दो आलम रा।
यके जोयम् यके दानम्, यके बीनम् यके ख़ानम्।।
होवल अव्वल होवल आख़िर, होवल ज़ाहिर होवल बातिन।
बजुज़ याहू व यामनहू, कसे दीगर न मी दानम्।।
अगर दर उम्र खुद रोज़े, दमे ब तो बर आवुर्दम।
अज़ां वक़्तो अज़ां सायत, ज़े उम्रे खुद पशेमानम्।।)

– मौलाना रूमी

इसी भाँति श्वेताश्वर के 'एको देवः सर्वभूतेषु गूढ़ः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा' (6-11) के साथ चिंतन-तादात्म्य का मूल कारण कवि की 'चराचर में विश्वात्मा' और विश्वात्मा में चराचर को देखने की भावना है।

अनुवाद की प्रक्रिया के संदर्भ में यह उल्लेख आवश्यक है कि अप्पर तथा अन्य शिवभक्तों के युग की तमिल अपने अर्थ-गाम्भीर्य के लिए विख्यात है। मूल पाठ के प्रामाणिक ग्रंथों के उपलब्ध रहने के कारण पाठ-भेद की समस्या नगण्य है। भाषा के अतिरिक्त अनुवाद के संदर्भ में तद्युगीन युग-बोध, दार्शनिक चिंतन की स्थिति और परम्परा का ज्ञान अनिवार्य आवश्यकता है। एक उदाहरण देकर कथ्य स्पष्ट हो सकेगा। एफ. किंग्ज़बरी और जी. ई. फिलिप्स द्वारा किया गया अप्पर के 64 पदों का अंग्रेजी अनुवाद 1921 ई. में प्रकाशित हुआ था। एक पद (4-1-1) का अनुवाद इस प्रकार है –

कूट्रायिनवारु विलक्कगलीर्
कांडुमै पल चेय्दन नानऱियेन्
एट्रायडिक्के इरवुम् पगलुम्
पिरियादु वणंगुवन् ऍप्पॊऴुदुम्

तोट्रादन् वयिट्रनगम्पडिये
कुडरोडु तुडक्कि मुडक्कियिड
आट्रेनडियेन् अदिगैक्कंडिल
वीरट्टानन्तुरै यम्मानै । (4-1-1)

Thou takest not my deadly pain away,
My torments, Nandi-rider, never cease;
At thy feet would I worship night and day,
But since my bowels writhe, and ne'er find peace,
I can no more ! O Sire, to Thee I cry,
Who dwell'st by Kedila, in Athihai.

मूल तमिल को समक्ष रखकर जब हिन्दी में इस पंद का भावानुवाद करने का प्रयास किया गया तो इस कृति में निम्न अनुवाद प्रस्तुत हुआ है –

दूर नहीं कर रहे हो प्रभु !
काल बनकर त्रास देते आंत्रशूल को
बोध नहीं मुझे निज पातकों का
हे वृषवाहन ! प्रणत रहूँगा
तेरे चरणों पर निशिदिन अविरत
अज्ञात रूप से साल रहा
उदर भीतर आंतड़ियों को
शूल सम यह आंत्रशूल
असहाय मैं, निरुपाय हूँ
कंडिल नदी तट पर वीरट्टानम् धाम में विराजे
हे परमेश्वर ! परित्राण करो निज दास का। (4-1-1)

निश्चय ही कवि की विचार-प्रक्रिया अथवा भावना-क्रम का समग्र निरूपण अनुवाद में सम्भव नहीं पर प्रयास रहा कि सातवीं शती के भक्त अप्पर उस पीड़ा, यंत्रणा की स्थिति में जो सम्प्रेषित कर रहे हैं उसे यथासम्भव ग्रहण कर लिया जाए। मूल तमिल के शब्द *वीरट्टानम्, अदिगैक्केडिल* से 'केडिल नदी तट पर वीरट्टानम् धाम में विराजे'

स्वतः स्पष्ट है। इसी भाँति विविध शब्दों के अंतर्निहित अर्थ और कवि-हृदय की स्थिति का मूल तमिल में उपलब्ध विविध टीकाओं आदि से अनुमान कर पाना सम्भव होता है। इस दिशा में यह अनुवाद कहाँ तक सफल रहा इसका मूल्यांकन तमिल और हिन्दी दोनों का ज्ञान रखने वाले सहृदय विद्वान् ही कर सकते हैं।

पूरे अनुवाद की दीर्घकालीन प्रक्रिया में मेरे बन्धु, सुहृद डॉ. एच. बालसुब्रह्मण्यम् का धैर्यपूर्ण सहयोग और परामर्श न होता तो सम्भवतः यह कार्य पूर्ण न हुआ होता। ईश्वरीय अनुग्रह का ही परिणाम है कि डॉ. एच. बालसुब्रह्मण्य अपने अन्य साहित्यिक, सामाजिक कार्यों के साथ-साथ यथासम्भव समय निकाल कर इस अनुवाद-कार्य में अपना योगदान करते रहे। उनका तमिल और संस्कृत भाषा का ज्ञान तथा भक्ति-भावना से ओतप्रोत चिंतन इस अनुवाद को परिमार्जित करने के लिए विशेष रूप से सहायक रहा। उनके निःस्वार्थ सहयोग के लिए मैं उनका कृतज्ञ हूं। प्रथम प्रूफ-संशोधन के उपरान्त चेन्नै में संगीत और तेवारम् परम्परा के विद्वान् प्रो. एम. वैद्यलिंगम् के साथ कई दिवस परामर्श और सुधार की प्रक्रिया से गुज़रने के बाद अनुवाद को अंतिम रूप दिया गया।

कतिपय अपरिहार्य परिस्थितियों के क़ारण लेखन और प्रकाशन कार्य को अल्प विराम देना और सम्पूर्ण शक्तियों को अन्य दिशाओं में केन्द्रित करना अनिवार्य हो गया। अनन्त कृपालु 'शिव' की अनुकम्पा से पुनः परिस्थितियाँ अनुकूल हुईं; लेखन कार्य नियमित और सुचारु रूप से कर पाना सम्भव हुआ अतः सहृदय विद्वानों और भक्ति-भावना से ओतप्रोत सुधी पाठकों को 'अप्पर' के भक्तिपूर्ण पद और उनकी भक्ति-दर्शन और चिन्तन-विषयक सामग्री भेंट करने का सुअवसर मिल रहा है।

भारत राष्ट्र की विडम्बना ही है कि जब यहाँ का कोई ग्रंथ विश्व की किसी अन्य भाषा अथवा किसी विदेशी 'विद्वान्' द्वारा अंग्रेजी अथवा किसी अन्य भाषा में प्रस्तुत होता है तो हम भारतवासी उसको

सिर-आँखों पर बिठाते हैं, पलक-पाँवड़े बिछाते हैं और अतिशयोक्ति की सीमाओं को लाँघकर भी उसकी प्रशस्ति गाते हैं। वही कार्य यदि हमारे ही किसी प्रान्त अथवा नगर-गाँव का कोई व्यक्ति करता है तो मौन साध लेते हैं अथवा अत्यन्त संयत शब्दावली में 'दो शब्द' कहकर अपने कर्त्तव्य की इतिश्री मान लेते हैं।

तमिल साहित्य हमारी राष्ट्रीय धरोहर है, हमारा अपना है, राष्ट्र की अपूर्व निधि है जिसमें हमारी सांस्कृतिक चिन्तन-धारा, हमारी परम्परा, हमारी भक्ति, हमारा दर्शन तथा ज्ञान-विज्ञान की अनेक विधाएँ सुरक्षित रही हैं। यह कथन कन्नड़, तेलुगु, मलयालम, मराठी, बंगला, गुजराती आदि के विषय में भी सत्य है। पिछले पाँच दशकों से विविध राष्ट्रीय और प्रान्तीय स्तर की संस्थाएँ भारतीय भाषाओं के साहित्य और ज्ञान-विज्ञान को हिन्दी में प्रस्तुत करने के लिए साधनारत रही हैं। करोड़ों रुपया इन योजनाओं में व्यय हुआ है पर परिणामों के विषय में स्थिति संतोषप्रद नहीं मानी जा सकती। प्राचीन तमिल साहित्य को हिन्दी में उपलब्ध करवाने के अपेक्षाकृत कम प्रयास हुए और कार्य की जटिलता और दुरुहता के कारण जो प्रयास हुए उनमें से अधिकांश या तो मार्ग में या फिर प्रकाशित होने की प्रक्रिया में अवरुद्ध हो गए।

इन दिनों एक और प्रकार का प्रयास देखने को मिला है जहाँ तमिल के स्थान पर अंग्रेजी अनुवाद को आधार बनाकर उसका हिन्दीकरण कर दिया गया है। इस विधा की अपनी सीमाएँ हैं। विशेष रूप से यदि मूल तमिल से अनुवाद किसी ईसाई पादरी द्वारा किया गया हो तो उनकी पूर्ण निष्ठा और सद्भावना के रहते भी उनके चिंतन में विद्यमान ईसाई धर्म और पाश्चात्य प्रभाव अंग्रेजी अनुवाद का अंतरंग अंश बन जाता है। वही अंग्रेजी अनुवाद जब हिन्दी में अवतरित होता है तो मूल तमिल से उसकी दूरी स्वतः ही परिलक्षित होने लगती है।

अप्पर के गीतों का अध्ययन, विश्लेषण और अनुवाद ईश्वरीय

आनन्द से सराबोर करता रहा है। अत्यन्त विनम्रभाव से हृदय की यह कामना अभिव्यक्त कर रहा हूँ कि जो आनन्द मुझे, डॉ. एच. बालसुब्रह्मण्यम् तथा प्रो. एम. वैद्यलिंगम् को मिला वह आनन्द सबको प्राप्त हो। शिव का नृत्य तो सर्वत्र व्याप्त है, चिदाकाश में आप भी उसे अनुभव कर सकते हैं। तिरुमूलर ने इसी स्थिति के लिए कहा –

तानन्दम् इल्ला सदानन्द सत्तिमेल्
तेनुन्दुम् आनन्द मानडम् कण्डीर्
ज्ञानम् कडन्दु नडम् चेय्युम् नम्बिक्कङ्गु
आनन्दक्कूताड आडरङ्गानदे। *(मंत्र संख्या–2724)*

अंतहीन सदानन्द शक्ति के संग
नृत्यरत हैं नटराज
हो रहा मधुमय नृत्य
देख लिया तुमने यह ज्ञानातीत नृत्य
निज हृदय को बना लो मंच
प्रभु के आनन्द नृत्य के हित।

मात्र तमिलनाडु ही नहीं अपितु विश्व भर में फैले तमिल भाषियों में सम्मानित और समादृत अरुट्चेलवर डॉ. ना. महालिंगम् भारतीय भाषाओं के साहित्य की असीमित क्षमताओं से भली भाँति परिचित हैं। प्राचीन सांस्कृतिक सम्पदा की खोज और उसके सम्यक् विश्लेषण के लिए उनके द्वारा स्थापित एक अंतर्राष्ट्रीय संस्था के माध्यम से दर्जनों ग्रंथ प्रकाशित हुए हैं। उनके सद्परामर्श, मार्गदर्शन और नेतृत्व में कार्य करना ज्ञान और आनन्द का मणिकांचन योग है। मंदिरों की स्थापत्य कला, प्राचीन मंदिरों का पुनरुद्धार, संगीत विषयक शोध, तकनीकी उच्च शिक्षा, राष्ट्रीय भावात्मक एकता आदि अनेकानेक क्षेत्रों में उनका असाधारण योगदान उन पर अलौकिक कृपा का प्रतिफल है। डॉ. ना. महालिंगम् का 'स्वप्न' मेरे लिए कर्म-क्षेत्र बना, उन्हें ईश्वरीय कृपा-सम्पन्न – अरुट्चेलवर – माना जाता है। यह प्रभु-कृपा

ही है कि मुझे उनकी असाधारण ज्ञान-भक्ति साधना का सम्बल मिला और निमित्त बनकर साहित्य-साधना के मार्ग पर अग्रसर होना सम्भव हुआ।

डॉ. ना. महालिंगम् के अनुरोध पर कुमरगुरु कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रो. के. अरुमुहम् द्वारा प्रदत्त विशिष्ट सहायता के लिए मैं उनके और रामानन्द अडिगलार फाउंडेशन के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ। चेन्नै में डॉ. ना. महालिंगम् के सचिव श्री सी. रवीन्द्रन् एक कर्मठ, निष्ठावान्, भक्ति-भाव से प्रेरित व्यक्ति हैं। मेरा सौभाग्य है कि मुझे उनका भ्रातृवत् स्नेह प्राप्त हुआ है। विषय से सम्बद्ध ग्रंथ उपलब्ध करवाना हो या भक्तों, मंदिरों आदि के चित्रों की आवश्यकता हो, वे तत्काल सहायता के लिए प्रस्तुत होकर समस्या-समाधान कर देते हैं। उनके निरंतर सहयोग के लिए मैं उनका आभार मानता हूँ।

गोयल एन्टरप्राइजिज़ के श्री चन्द्रमोहन और श्री अनमोल गोयल ने समग्र प्रकाशन व्यवस्था और पुस्तबंध का दायित्व निभा कर विशेष सहयोग दिया है। कैपिटल क्रिएशन्स के श्री शाहजहाँ और श्रीमती मैथिली ने पुस्तक के तमिल अंश को तैयार करने में पर्याप्त श्रम किया है। मैं उन्हें हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। तमिलनाडु के हिन्दी विद्वान् डॉ. एम. शेषन्, श्री र. शौरिराजन्, श्री त. शि. कण्णन् तथा श्रीमती मणिमेखलै आदि स्नेह और परामर्श द्वारा उत्साहवर्द्धन कर हृदय के विश्वास को दृढ़ करते हैं। श्रीमती सीतालक्ष्मी राजगोपालन का सहयोग मिलने से कतिपय समस्याओं का सहज समाधान हुआ है, मैं उनका आभार मानता हूँ। 'किसान वर्ल्ड' के श्री एस.कुंचितपादम्, 'ओम् शक्ति' और 'संयदिमडल' के श्री पी. चिदम्बरनाथन् द्वारा ग्रंथों का परिचय जनजन और विद्वत् वर्ग तक पहुँचता है जिससे इन ग्रंथों के पाठक वर्ग का विस्तार होता है। 'हिन्दू' के दिल्ली संस्करण के सहसम्पादक श्री यशपाल नरुला और संवावदाता श्री कण्णन् का आभार मानता हूँ क्योंकि तमिल-हिन्दी विषयक सभी कार्यक्रमों और

ग्रंथों को प्राथमिकता देकर तमिल साहित्य विषयक हिन्दी में हो रहे कार्य को देशव्यापी स्तर पर प्रसारित करते हैं।

पी. जी. डी. ए. वी. (सांध्य) कॉलेज मेरी कर्मस्थली है। संस्था के सहयोगियों से प्राप्त आत्मीयता और सद्भाव से नव-स्फूर्ति और शक्ति का संचार होता है। जीवनसंगिनी डॉ. रमेश सेठ ने पुस्तक की रचना तथा प्रकाशन की प्रक्रिया में विविध रूपों में सहयोग देकर कार्य को सुचारु रूप से करने में अपना स्नेहपूर्ण योगदान किया है। प्रियवर अशोक, स्मिता, संचिता और श्रेया के अगाध स्नेह द्वारा जटिल भी सहज हो जाता है।

इस ग्रंथ की रचना प्रक्रिया और अनुवाद कार्य में जिन विद्वानों के ग्रंथों का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष उपयोग किया गया है उनके प्रति मैं कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ। यह कृति 'भक्ति' मार्ग के समस्त पथिकों के लिए सादर प्रस्तुत है –

नई दिल्ली (डॉ. रवीन्द्रकुमार सेठ)

'दास हूँ मैं निश्चय तिरुनावुक्करसर (अप्पर) के दास का
जो कि निष्कलंक शिवभक्ति के निरुपम प्रतीक हैं'

सुन्दरर कृत 'तिरुतोण्डत्तोगै'

तमिलनाडु के ज्योति-उपासक संत रामलिंगर्–अरुट्प्रकाश वल्ललार (1823-1874 ई.) ने राष्ट्र को 'जीवकारुण्य' और 'अनन्त करुणापूर्ण ज्योति' विषयक चिंतन प्रदान किया। उनके द्वारा अप्पर (तिरुनावुक्करसु) की स्तुति में प्रसिद्ध पद –

तिरुत्तगु सीर् अदिगै अरुळ् तलत्तिन् ओङ्गुम्
शिवक्कोऴुन्दिन् अरुट्पेरुमैत् तिऱ्त्ताळ् वाय्मै
उरुत्तगुमेय् उणर्चिवडिवागि शैव
ओळिविळङ्ग नावरसेन्ऱोरु पेर् पेट्रुप्
पोरुत्तमुऱ् उळवारप्पडै कैक्कोण्ड
पुण्णियने नण्णिय सीऱ्प् पुनिदने ऍन्
करुत्तमर्न्द कलैमतिये करुणै त्रानक्
कडले निन् कऴल् करुदक् करुदुवाये।

श्रीलसित पुण्यनगरी अदिगै के अधीश
शिवज्योति के अनुग्रह विशेष से
सत्य साकार हुआ, भावना ने रूप लिया
और वह शैव-धर्म को ज्योतित करने वाले
नावुक्करसर के नामधेय से साकार हुआ;
कितना अनुयोज्य नाम है तुम्हारा
और इतनी महत्ता के होते हुए भी
सेवाधर्म को व्याख्या देने के लिए
मंदिर के परिसरों को स्वयं परिमार्जित करने के लिए
प्रभु वागीश ! तुमने धारण किया कंधे पर फावड़ा
हे पुण्यस्वरूप ! मेरे हृदय-कमल पर आसीन
हे कलामय चन्द्र !
तुमसे सविनय प्रार्थना है ! वरदान दो मुझे
हे करुणा और ज्ञान के अगाध सागर, वरदान दो
मैं तेरे पुनीत चरणों का ध्यान करूँ नित।

प्रथम खण्ड

1

तमिल शैवभक्त कवि अप्पर

व्यक्तित्व और कृतित्व

ईश्वर-भक्तों का अद्‌भुत मिलन, अप्पर का समय, असह्य पीड़ा-पुनः शैव-भक्त बनना, अत्याचारों की शृंखला, संदेह-दृष्टि की पीड़ा, अप्पर-काव्य में शिव का रूप, शिव के नाम, शैव-सिद्धान्त दर्शन, अद्‌भुत चमत्कार अप्पूदि अडिगळ् का संदर्भ, चर्या-मार्ग–सेवा भावनां; योग, ध्यान, कांता-भक्ति, जगत् की नश्वरता, सत्य का संधान, शिव-भक्तों का सादर स्मरण, तिरुवडि दीक्षा, अप्पर-स्मृति उत्सव, शिव-मंदिर की पुनः प्रतिष्ठा : सत्याग्रह का मार्ग, शिव-दर्शन : बुभुक्षा का शमन, कैलाश-दर्शन, अद्वितीय विनम्रता, तृष्णा का जाल : परीक्षा की घड़ी, मानवीय संवेदनाएँ, मूलमंत्र : सेवा-भावना, मुमुक्षु : प्रार्थना का स्वर, वेदारण्यम् के मंदिर के बंद द्वार खुलवाना, **पौराणिक आख्यानों के संदर्भ** : रावण-दम्भ का नाश, रावण-अनुग्रह आदि, दक्ष-यज्ञ-ध्वंस, त्रिपुरसंहार, अर्जुन को 'पाशुपत' प्रदान करना, मत्तगज को चीरना और गजचर्म धारण करना, शिव का ज्योति-लिंग रूप, विष्णु और विरिंचि के लिए अज्ञेय, जलंधर-वध, महाकाल द्वारा काल को दण्डित करना, काम-दहन, समुद्र-मंथन, शिव के प्रति विष्णु की भक्ति, प्रकृति, स्कन्द-षण्मुख-मुरुगन, आर्द्रा-उत्सव, पूजा-विधि काव्य-सौंदर्य – एक टिप्पणी।



अप्पर की एक प्राचीन काँस्य-प्रतिमा

ईश्वर-भक्तों का अद्भुत मिलन

शिवभक्तों की एक मण्डली तिरुनावुक्करसु के नेतृत्व में सीरकाळी की ओर शिवमंदिर दर्शन के लक्ष्य से आ रही थी। इस बीच बालक-भक्त ज्ञानसम्बन्धर् के अद्भुत शिवभक्ति-गीतों की यत्किंचित् प्रसिद्धि हो चुकी थी। इधर से ज्ञानसम्बन्धर् को उनके आगमन की सूचना प्राप्त हुई तो वे चारों ओर भक्तों से घिरे उनकी अगवानी के लिए आगे आए। भाव-विभोर, आनन्दातिरेक में तिरुनावुक्करसर् बालक ज्ञानसम्बन्धर् के चरणों में दण्डवत् लेट गए। आँखों में अश्रु-प्रवाह, जिह्वा पर शिव का पंचाक्षर ! बालक-भक्त ने कोमल पुष्प-सदृश हाथों से उन्हें आदरपूर्वक उठाया और कहा – 'अप्परे' – ओ पिता ! उत्तर में तिरुनावुक्करसु के मुख से मात्र ये शब्द निकले – 'मैं तुम्हारा दास हूँ प्रभु !' दो शिव-भक्तों का यह मिलन तमिलनाडु के भक्ति-साहित्य के इतिहास में एक अपूर्व घटना के रूप में स्मरण किया जाता है। उस दिन से तिरुनावुक्करसु – वाणी के देवता – वागीश 'अप्पर' हो गए। विश्व में प्रत्येक तमिलभाषी उन्हें 'अप्पर' के नाम से स्मरण करता है। इस घटना के उपरान्त दोनों पर्याप्त समय साथ रहे, धार्मिक विचार-विमर्श हुआ; अप्पर ने सम्बन्धर् को युगीन परिस्थितियों का विस्तृत परिचय दिया। तमिल प्रदेश में शैव-धर्म की प्रतिष्ठा को पुनः स्थापित करने की तीव्र कामना दोनों में थी। अप्पर और सम्बन्धर स्वतन्त्र तीर्थ-यात्रा करते रहे; विविध शैव-मंदिरों में भक्ति पदों का गायन करते रहे। इनका पुनर्मिलन बाद में तिरुपुहलूर में हुआ।

अप्पर का समय

तिरुनावुक्करसु नायनार् अथवा 'अप्पर' का समय 570 ई. से 651 ई. माना जाता है। तमिल प्रदेश के धार्मिक, सामाजिक और दार्शनिक इतिहास में उनका योगदान महत्त्वपूर्ण है। उनका जन्म पेण्णै नदी के तट पर बसे तिरुवाय्नूर में वेल्लाल–खेतिहर जाति में

हुआ। उनका बचपन का नाम मरुळ् नीक्कियार् (भ्रम को दूर करने वाला) था। युवावस्था में आप श्रमण-धर्म में दीक्षित हो गए और अपनी कुशाग्र बुद्धि और योग्यता के कारण तिरुप्पातिरिप्पुलियुर (पाटलिपुत्तिरम्) के जैन-मठ के अधीक्षक बने और उनका नाम धर्मसेन रखा गया। दक्षिण भारतीय अभिलेखों के आधार पर तिरुनावुक्करसु 'वागीश' के नाम से भी जाने जाते हैं। इनके माता-पिता का देहावसान इनके बचपन में ही हो गया था और बहिन तिलकवती ने इनका पालन-पोषण किया। तिलकवती का वाग्दान जिस व्यक्ति के साथ हुआ था वह युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुआ अतः तिलकवती ने आजीवन वैधव्य का व्रत स्वीकार किया। वे संसार त्याग कर शिवभक्ति के मार्ग पर अग्रसर हो गईं।

असह्य पीड़ा—पुनः शैव-भक्त बनना

अप्पर जैन धर्म में पर्याप्त प्रतिष्ठा प्राप्त कर चुके थे। एक जिज्ञासु, प्रौढ़ पाण्डित्ययुक्त श्रेष्ठ तार्किक होने के कारण उन्हें पर्याप्त सम्मान मिला। एक बार अप्पर को भयंकर आंत्र-शूल हुआ; असह्य उदर-पीड़ा के कारण वे तड़पते रहे। जैन साधुओं के मंत्रोपचार, औषधि-प्रयोग आदि से रोग की यंत्रणा कम न हुई। अप्पर ने बहिन तिलकवती को स्मरण किया और उन्हें बुलवा भेजा। शैव-धर्म से विमुख अप्पर को मिलने आने से उन्होंने इन्कार कर दिया। पीड़ा की विभीषिका से व्याकुल अप्पर जैन वस्त्रादि का त्याग कर, श्वेत चादर ओढ़कर तिरुवदिकै नामक स्थल में बहिन तिलकवती की शरण में जा पहुँचे। तिलकवती ने स्नेहपूर्वक भाई को उठाया, पवित्र भस्म उनके मस्तक पर लगायी और तिरुवदिकै वीरट्टानम् मंदिर में ले गयीं। अप्पर ने वहां अपनी असह्य पीड़ा से मुक्ति के लिए शिव से प्रार्थना की –

.... अज्ञातरूप से साल रहा
उदर भीतर आंतड़ियों को
शूल सम यह आंत्र शूल

असहाय हूँ, निरुपाय हूँ ..... (4-1-1)

.... *ब्रह्मकपाल में भिक्षाटन करते प्रभु !*
दूर करो मेरा आंत्र शूल
कलपाता है असह्य रूप से। (4-1-6)

.... *पसीने में तर होकर लुढ़क रहा भुवि पर*
उठकर तड़पता गिर रहा मैं, असहाय हूँ
कॅडिल तट के वीरट्टानम् में विराजे
परमेश्वर ! परित्राण करो निज दास का। (4-1-10)

इस संदर्भ का वर्णन पॅरियपुराणम् में चेक्किळार ने इस भाँति किया है –

भस्म से लेपित था निज देह, भक्ति से पूरित था उनका मन
खड़े थे मरुळ्नीक्कि, दैवी प्रेम में सर्वस्व भूल
गाने लगे वीरट्टानेश्वर की स्तुति, दूर करने को निज उदरशूल,
करने लगे त्रिपुरारि का कीर्तिगान, सुदीर्घ छन्द में भक्ति-भाव से,
'हे प्रभु कालकाल, नाश करो यमभय' वागीश का यह छंद इतना अमोघ
जिससे ध्वस्त है दुःखदर्द सातों लोकों का।

निराशा, मानसिक यंत्रणा और शारीरिक पीड़ा से मुक्ति की प्रार्थना निष्फल न हुई। सच्चे हृदय से की गई आर्त पुकार, साधक की प्रार्थना परमतत्त्व क्षणमात्र में स्वीकार करते हैं। इसके साथ ही श्रमण धर्मसेन शिवकृपा में अवगाहन करने लगे। उन्हें अलौकिक आनन्द के साथ ही आकाशवाणी सुनाई दी और उनका नाम नावुक्करसु – 'जिह्वा का अधीश' 'माधुर्यपूर्ण सार्थक भक्ति गीतों का गायक' 'वागीश' हो गया।

अत्याचारों की शृंखला

जैन-धर्म के प्रचारक 'क्षुल्लक धर्मसेन' पुनः शिव-भक्ति के मार्ग पर अग्रसर हो चुके थे। लगभग 35 वर्ष अपने अपार ज्ञान, गम्भीर अध्ययन से प्रेरित स्पष्ट चिंतन द्वारा जैनधर्म के विविध महत्त्वपूर्ण कार्य

सम्पादन करने वाले अप्पर जब शैवधर्म में लौट आए तो उस युग की परिस्थितियों में व्याप्त धार्मिक संघर्ष के परिणामस्वरूप जैन धर्म के कट्टर अनुयायी पल्लव नरेश, नरसिंह वर्मा प्रथम (580-630 ई.) के अत्याचारों की शृंखला प्रारम्भ हुई। अप्पर को राज्यसभा में बुलवाया गया; उन्होंने कहा –

प्रजाजन नहीं हम किसी मानव के,
भय नहीं मृत्यु से,
नरक-यातना तुच्छ है
आडम्बर या अहंकार की बात नहीं है
दूर हैं रोग-शोक से, दुःख संताप से
आनन्द ही आनन्द है, सदा परमानन्द
क्योंकि हम दास हैं शंकर के
जो सर्व-तंत्र-स्वतंत्र है
स्वामी है सकल लोक का ..... (6-98-1)

शुभ्र शंख का कर्ण-फूल धारण किए हुए शंकर का यह दास अपनी निर्भीकता के लिए विख्यात है। जैन मठाधीशों के परामर्श के अनुसार अप्पर को चूने की जलती भट्टी में डाल दिया गया। भगवान् के चरणों की शीतल छाया का गुणगान करते अप्पर का सात दिन भट्टी में रहने पर बाल भी बांका न हुआ –

भय नहीं मुझे किसी अनल का
लेश भी होगा नहीं अहित मेरा
हो रहा मेरे हृदय में
ईश का धा-धै नृत्य सदा ही
प्रभु के कर में विलसित है
त्रिकाग्नि सम त्रिशूल भी
और स्वयं वे अग्नि-वर्ण हैं
धर्माग्नि स्वरूप हैं। (4-17-1)

यातनाओं के विषय में अप्पर-काव्य में अनेक अंतः-साक्ष्य हैं

यथा–

भले ही दें यातना दुरित परम्पराएँ
याचना नहीं करेंगे किसी और से
कि त्राण करो, मानूँ तुम्हें अपना स्वामी
जैसे कि रावण के साथ हुआ था
दबा रहना पड़े पहाड़ के नीचे
अनुग्रह कर भीति दूर करने वाला
केवल मात्र नमः शिवाय नाम ही। (4-11-4)

पुनः परामर्श किया गया; निर्णय हुआ कि मदमत्त हाथी के पैरों तले कुचलवा देना चाहिए। अप्पर ने श्वेत-भस्म और चंदन लेप युक्त प्रकाशमान चन्द्र, मणियुक्त हाथी का वल्कल धारण करने वाले, धर्म रूप वृषभ को वाहन बनाने वाले अद्वितीय केडिलम् नदी के तट पर प्रतिष्ठित शिव का गायन किया –

मंगल करने में सुदृढ़ कंडिल नदी के अधीश के
हम बंधु हैं, परिजन हैं, दास हैं
कुछ भी नहीं है यहाँ जो हमें भयभीत कर सके। (4-2-1)

मत्त गजराज ने प्रभु-प्रेम में मग्न भक्त अप्पर के चरणों में प्रणाम किया और क्रोधपूर्वक जैन भिक्षुओं की ओर घूमा तो वहां त्राहि-त्राहि की पुकार होने लगी। उन्हें भोजन में विष देकर मार डालने का प्रयास भी विफल रहा। विष उनके लिए अमृतमय हो गया। यातना-शृंखला का अंतिम चरण था एक विशाल चट्टान से बांधकर सागर के अथाह जल में फेंका जाना। अप्पर-काव्य के अंतःसाक्ष्य इसका संकेत देते हैं –

शब्द का वाच्य है
वेदसार परमेश्वर
यदि एकाग्रचित्त से
कराञ्जलि-बद्ध हो

नमन करें ज्योति-स्वरूप को,
देवाधिदेव को,
भले ही फेंक दें
पत्थर से बांधकर समुद्र में
ध्रुव ही साथ देगा
पावन नाम नमः शिवाय का। (4-11-1)

प्रभु-प्रेम के सागर में अवगाहन करता हुआ भक्त अविचलित, आनन्दित नमः शिवाय का जाप करता रहा। अप्पर के गीतों के स्वर के साथ ही वह पत्थर मानो लकड़ी का स्तम्भ होकर जल में तैरने लगा। नीलग्रीव ने जिसके विष को ग्रहण कर लिया था उस सागर की लहरों ने उन्हें बहाकर तिरुप्पादिरिप्पुलियूर के तट तक पहुँचा दिया। *'प्रकट हुए तिरुप्पादिरिपुलियूर के अधीश तात-मात-बंधु रूप में मेरे लिए'* कहकर भक्तवत्सल, मार्गदर्शक, त्रैलोक्य के सृजनकर्ता को अप्पर ने स्मरण किया है। (4-94-1)

जैनधर्म अहिंसा से अटूट आस्था की भावना से जुड़ा है ऐसी स्थिति में पल्लव नरेश और उस युग के श्रमण कट्टरपंथियों द्वारा किए गए अत्याचार के मूल कारण की खोज करने पर स्पष्ट होता है कि जैन मठाधीश धर्मसेन के रूप में परम्परा और शास्त्र आदि से पूर्णतः परिचित होकर जब अप्पर पुनः शैवमार्ग पर अग्रसर हुए तो उनका यह धर्म-परिवर्तन जैन-धर्म के प्रचार, प्रसार और विस्तार के लिए एक बाधक-तत्त्व बन गया। यह सत्ता और धार्मिक आधिपत्य का संघर्ष था, सत्य के मार्ग का संधान नहीं। इसलिये अप्पर का यह कथन महत्त्वपूर्ण है कि चाहे आकाश टूट जाये, भारी भूकंप मच जाए, बड़े बड़े भूधर स्थानच्युत होकर डगमगा उठें, विशाल पारावार सूख जाए, नभ के ज्योतिःपिण्ड टूटकर गिर जाएँ, गरल पीकर अमर रहने वाले नीलकंठ का भक्त विचलित न होगा। यह अडिग आस्था, अटूट विश्वास और श्रद्धा से संयुक्त भक्ति का मार्ग है।

संदेह-दृष्टि की पीड़ा

अनुमान लगाया गया है कि इन जटिल परीक्षाओं में से पूर्ण सफल रहने और चामत्कारिक रूप से बच जाने के बाद भी कुछ समय तक अप्पर को जन-समाज ने शिव-भक्त के रूप में स्वीकार न किया। मंदिरों में जन-जन द्वारा संदेह की दृष्टि से देखा जाना अत्यन्त पीड़ादायक था। अतः उन्होंने कडन्दै में अपने प्रार्थना-गीत में प्रभु से विनती की–

भक्तवत्सल प्रभो ! सुनो
स्तुतिगान रत इस दास का एक निवेदन
यदि श्री हृदय में संकल्प है
इस दास के परित्राण का
तो अंकित कर दो मम देह पर
विद्युल्लता सम प्रभासित
त्रिशूल का चिह्न – जिससे
पास न फटके काल ! (4-109-1)

उल्लेखनीय है कि किसी उत्सव के समय शिव के किसी भक्त ने अनायास ही उनके कंधे पर त्रिशूल और शिव-वाहन नांदी का चिह्न गोद दिया। अप्पर-काव्य में जैनियों की निंदा भी यदा-कदा ही मिलती है। अत्याचारों का उल्लेख संयत भाषा में हुआ है और ऐसे पदों में प्रभु की अपार दया का वर्णन प्रमुख है। प्रभु शिव की शक्ति में अनन्य और अदम्य आस्था का परिणाम यह हुआ कि पल्लव नरेश शैव धर्म में दीक्षित हो गए। पाटलिपुत्र के जैन मठ को समाप्त कर दिया गया और उसी सामग्री से तिरुअदिगै में शिव-मंदिर का निर्माण किया गया। गुणभद्र नाम से प्रसिद्ध महेन्द्र वर्मा द्वारा निर्मित इस मंदिर के अवशेष अब भी विद्यमान हैं। भक्ति-साधना के मार्ग पर अग्रसर अप्पर को इन सब कार्यों में रुचि न थी, वे विविध मंदिरों के दर्शन और शिव-धर्म के प्रचार में अपनी यात्रा पर आगे बढ़ते रहे।

अप्पर-काव्य में शिव का रूप

अर्धनारीश्वर शिव रहस्यमय है। कोई नहीं कह सकता कि वह नर है, नारी है अथवा क्लीव है। वह आद्यन्त-विहीन ज्योतिराट् है; वह एक भी है, अनेक भी। (4-72-1) इस जड़-चेतन विश्व का सृजन कर प्रभु इसमें तन-प्राण बनकर रम गए। निखिल ब्रह्माण्ड में प्रभु का ऐश्वर्य कण-कण में व्याप्त है; वह दान भी है, दाता भी और दान का धन भी। (4-43-5) वह ज्योति-स्वरूप आदि का आदि है, अंत का भी अंत है। (4-25-7) भक्त के लिए वह तात-मात-बंधु रूप धारण करता है; त्रैलोक्य का सृजनकर्ता सदा साधक के हृद्य में बना रहता है। (4-94-1) वह वेदागमों, आरण्यकों का सार-स्वरूप है; सकल चराचर का मूल स्रोत है; विद्या, कला और ज्ञान का आदि पुरुष है। (5-68-2) वह ज्योतिराट् है, आदि अंतविहीन परम ज्योति है। (5-73-2) व्योममण्डल में भासित ज्योतिराट् प्राणों में प्राण बनकर अंतर में आकर चिंतन में अनंतराय बनकर व्याप्त होता है। (5-74-9) अप्पर ने अपने शिव का वर्णन करते हुए कहा है –

'शब्द भी हो, तुम नाद भी हो
सकल लोक के नायक भी हो'

जगत् में ज्योतिरूप में भासित वह स्वर्णिम ज्योति है। (6-38-1) वह प्राकृतिक सुषमा का साकार रूप है; सकल तत्त्व में व्याप्त है, पृथिव्यप्-तेज, वायु-आकाश में अनंतराय रूप से व्याप्त है। ब्रह्माण्डों के इस पार और उस पार भी वही महिमामय प्रभु विराज रहा है। (6-4-3) वह वेद-वेदान्त का तत्त्व-स्वरूप, चन्द्र-सूर्य, अनल-अनिल, आकाश और जलधि समग्रतः पंचतत्त्व बनकर व्याप्त है। वह सकल जीव का आत्मबंधु शरीर में प्राण-रूप में बसा है। लोकैकनायक प्रभु ॐकार रूप है; अजर, अमर अजन्मा है। (6-80-4) प्राकृतिक सुषमा का साकार रूप सर्वव्यापी प्रभु सकल तत्त्व में व्याप्त है। (6-4-3) वही मंत्ररूप है, वही तंत्ररूप है, धर्म का साकार रूप भी वही है। (6-2-3)

वह सप्त ब्रह्माण्ड के उस पार भी है और स्वर्णिम कोन्रै पुष्प की सुवास में भी है; वह सर्वव्याप्त है; हिमगिरि में, अनल-अनिल में, कैलास पर्वत के शिखर पर वही रमण करता है। (6-8-5) शिव के रूप का आख्यान करने का प्रयास करता हुआ कवि कहता है –

मूल पुरुष वह लोक का आदि पुरुष है
सृजन किया है सकल चराचर का विधिपूर्वक
सर्वलोक से संस्तुत परमेश्वर
व्याप्त है सप्तलोक में,
आनन्दस्वरूप सर्वेश्वर ने दूर किये दुःख दुरित
संरक्षक है सर्वलोक का
सबका द्रष्टा है ..... (6-44-1)

उस जाज्वल्यमान ज्योतिरूप ने अप्पर-आत्मा को स्वप्न-दर्शन दिया –

प्रियतम को देखा मैंने स्वप्न में
और विनय की
नाथ ! अपना लो इस दासी को
अनुभव किया तत्क्षण मैंने
मुक्त हो गई मैं दुःखदुरित रोग शोक से। (6-45-1)

वेद-विहित षण्मतों के अनिषेध्य अधीश स्वयंभू परमेश्वर तत्त्वमय हैं और तत्त्वातीत भी हैं। अचिंत्य, अव्यक्त, अनन्तस्वरूप, कल्याणमय प्रभु को सर्वत्र मंदिरों के विग्रहों में देखनेवाले अप्पर जब उसका वर्णन करने की चेष्टा करते हैं तो उसके सर्वव्यापक रूप को ही उद्घाटित करते हैं –

घुला मिला है प्रभु जीवों के हृदय में
गीत में नाद सम, फलों में माधुर्य सम,
नर या नारी रूप में अनिर्वचनीय
वह अवाच्य है
जिसका नहीं कुछ रंग-रूप

कांची का 'एकाम्रनाथ' सर्वप्रिय है
नयनों में तारा सम। (5-47-8)

भक्त जब विग्रह में उपास्य का आह्वान कर लेता है तो वह प्रतिभा भगवत्स्वरूपा हो जाती है। सृष्टि, स्थिति, संहार, तिरोभाव और अनुग्रह करने वाले महिमामय, अनन्त प्रेमरूप शिव अप्पर को प्रत्येक मंदिर में मानो साक्षात् दर्शन देते हैं। वीरट्टानम्, तिरुवारूर, एकाम्रनाथ, गोकर्ण, तिरुवैयारु, ओट्रियूर, पुगलूर, तिल्लै चिदम्बरम्, तिरुप्पयट्रूर, वेदारण्य, तिरुनेय्त्तानम्, तिरुच्चोट्रुतुरै, तिरुवलम्पुरम्, तिरु आवडुतरै, अवळिवणल्लूर, रामेश्वर, मधुरापुरी, अण्णामलै, वीळि मिऴलै, सीऴकाली, चाय्क्काडु, नागवीश्वरम्, ननिपळ्ळि, तिरुवालंकाडु, तिरुकोण्डीश्वर, इन्नम्पुरी, तिरुच्चेरै, कऴुमलम्, कण्डियूर, तिरुच्चत्ति मुट्रम्, तिरुप्पादिरिपुलियूर, बृहत् कांची, तिरुक्कडवूर, तिरुककडम्बूर, कुंभकोणम् आदि 125 तीर्थ स्थलों की यात्रा करते हुए अप्पर ने जो भक्तिगीत गाए उनमें से 312 दशकों में 3064 पद आज उपलब्ध हैं। मान्यता है कि उन्होंने विशाल भक्ति-साहित्य की रचना की थी पर इन 3064 पदों के अतिरिक्त शेष काल-कवलित हो गए। चतुर्थ तिरुमुरै में 113 दशकों में 1049 पद, पंचम् तिरुमुरै में 100 दशकों में 1015 पद और षष्टम् तिरुमुरै के 99 दशकों में 980 पद आज उपलब्ध हैं।

शिव के नाम

शैव-सिद्धान्त के मूल शब्द पति, पशु और पाश के अतिरिक्त अप्पर के काव्य में प्रयुक्त शब्दावली उनके चिंतनपक्ष के विस्तार और अद्भुत ज्ञान का प्रमाण है। मल, क्रोध, लोभ, पाप आदि को उन्होंने आत्मा को मलिन करने वाले तत्त्व माना है। भक्ति, योग, सिद्ध, ज्ञानी, व्रती, तपस्वी, स्तुति, स्तोत्र, धूप, दीप, हविष, चन्दन, नित्य-नियम, समाधि आदि शब्दों का प्रयोग उनके युग की प्रासंगिक जानकारी देते हैं। पंचमहाभूत, पंचेन्द्रिय, पंचमंत्र, अष्टमूर्ति, अष्टपुष्प आदि से दार्शनिक शब्दावली के ज्ञान का परिचय मिलता है तो गीत, वण्णम्,

नृत्त, नाटकम्, पंचमम्, गांधर्वम् आदि से संगीत-विषयक ज्ञान का बोध होता है। शिव के लिए प्रयुक्त अनेकानेक नामों में से कुछ ये हैं – एकमूर्ति, ज्ञानमूर्ति, परममूर्ति, अष्टमूर्ति, रुद्रमूर्ति, पुण्यमूर्ति, देशमूर्ति, आकाशमूर्ति, लोकमूर्ति, देव, करिकाल, पर, परापर, परम, परमयोगी, परमज्योति, पशुपति, भूतनाथ, वेदान्त, आदिनाथ, परमाणु, भव, भूतगणनाथ, रुद्र, उमापति, कापाली, त्र्यम्बक, शंकर, सदाशिव, एकपाद, निर्मल, निरामय, स्वयंभू, लिंग आदि। इन शब्दों के उल्लेख से कवि के अनुभव के विस्तृत आयाम का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

अप्पर ने 'शिव' के तीन रूपों का वर्णन किया है। इनमें 'शिवरूप' का कार्य विश्व का संहार करना है, इससे उच्चस्तर 'परापर' का है जहां शिव अपनी शक्ति के साथ प्रकट होते हैं। यह शिव के 'पर' रूप की ज्योति है अतः इसे परमज्योति भी कहते हैं। यह वही रूप है जिसे न जान पाने के कारण ब्रह्मा और विष्णु चकित हुए थे। इस परापर रूप से भी परे 'ज्योति' अथवा 'स्तम्भ' (खम्बा) रूप है जिसका अथर्ववेद में वर्णन है। यह वर्णनातीत है, यही शैव-सिद्धान्त द्वारा स्वीकृत 'शिव' है।

शिव को ज्ञानमूर्ति और मुक्ति-कामियों के लिए सद्गति मानते हुए अप्पर उन्हें कल्याणकारी ज्योति-स्वरूप कहते हैं –

वैखरी रूप चतुर्वेद से परे
शब्दातीत नाद हो तुम
और नादातीत सूक्ष्म मौन हो ..... (6-95-4)

वह चराचर जगत् का अधीश, पंचतत्त्व स्वरूप प्रभु अणोरणीयान् महतो महीयान् है; वह परात्पर सर्वोपरि है, अपरिमेय है। सदाशिव रूप में निर्लिप्त वह ब्रह्म ईश बनता है, जीव भी और जीव के उद्धार का कारण भी। (6-98-7) वह आदि-अनादि, सनातन-चिरंतन प्रभु स्वानुभूति में रमे उन्मत्तों में उन्मत्त है, आत्म-ज्ञानियों के लिए अग्रणी नायक है, उसकी महिमा से समस्त संचित कर्म सुकृत के रूप में परिवर्तित हो

जाते हैं। (6-11-2) जगत् के मूलकारण प्रभु उसका आधार भी हैं, बीज भी, अंकुर भी और सुदृढ़ करती जड़ भी वही हैं। वह भक्तजन के इष्ट-पूर्ण के हित वांछित रूप लेते हैं और भक्ति की दशविध दशा में भक्तजन के संगी-साथी भी वही हैं। 6-15-1) एक स्थल पर अप्पर कथन है – 'आदित्य स्वयं शिवस्वरूप हैं'। (5-100-8)

शिव के गुरुरूप का उल्लेख भी अप्पर-काव्य में कई स्थलों पर हुआ है –

धर्म के साकार रूप प्रभु ने
व्याख्यायित किया वटवृक्ष के तले
सनकादि चार शिष्यों को पुराकाल में। (6-2-3)

इसी भांति *'व्याख्या कर रहे हैं धर्म के गूढ़तत्त्व की वटवृक्ष के तले'* (6-30-3); *'व्याख्यायित किया धर्म का निगूढ़ तत्त्व, वटवृक्ष के तले हे गुरुमूर्ति'* ..... (6-32-3) वर्णन हैं। दक्षिणामूर्ति के रूप में शिव तमिलनाडु में प्राचीन काल से स्मरण किए जाते रहे हैं। मंदिरों में उनके इस रूप की मूर्तियां उपलब्ध हैं। धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष का ज्ञान देने वाले गुरुमूर्ति की स्तुति अनेक पदों में गाई गई है।

भक्ति-मार्ग में प्रभु के प्रति अनुराग अथवा भाव का सबसे अधिक महत्त्व होता है। ज्ञान और कर्म इसी के अंतर्गत स्वयंसिद्ध है। साधनावस्था में अहं की स्वीकृति रहती है भले ही आत्मज्ञान, प्रभु-दर्शन के बाद अहं का विनाश हो जाए अतः ज्ञान भक्तों के लिए सहज सुलभ और ज्ञानियों के लिए कष्ट-साध्य और दुर्लभ माना गया। इस संदर्भ में देखें तो अप्पर के कथन स्वतः स्पष्ट हो जाते हैं –

चाहे कितने बड़े शास्त्रज्ञ बनें
भले ही वेदागमों का श्रवण करें
यज्ञ-याग में अर्पित करें घृत और हवि
दान-कर्म करें या सत्कार करें अतिथियों का
इन सब से सिद्धि-लाभ न होगा
यदि तुम्हारे चित्त में

अनुराग नहीं है परमेश्वर से। (5-99-3)

इसी भांति '*क्या प्रयोजन मिलने वाला है, षडंग सहित वेदों के अध्ययन से, यज्ञ-भागों के अनुष्ठान से, नीति-शास्त्रों में अवगाहन से*' जैसे कथन हैं। (5-99-4) अन्यत्र कवि हिंदी संत कवियों की भांति तीर्थ-स्नान आदि को प्रेमाभक्ति के समक्ष वृथा ठहराता है –

भले ही स्नान करें यत्न से
लाकर कोटि तीर्थों का जल
चित्त में यदि आसक्ति नहीं ईश पर
तो तीर्थ स्नान ऐसी ही मूर्खता है
जैसे तल-बिन कलश में
जल भरें और बंद कर दें यत्न से। (5-99-9)

प्रभु उद्दीप्त ज्योतिसम भासमान है। विनयशील भक्त-जन के लिए वह सहज सुलभ है परन्तु जो दर्प से कहते हैं कि 'हम दर्शन पाकर रहेंगे' उन गर्वितों के ध्यान में उसका यत्किंचित् स्फुरण भी नहीं होता। (5-81-4)

शैव-सिद्धान्त दर्शन

शैव-सिद्धान्त दर्शन में स्वीकृत 96 तत्त्वों का उल्लेख अप्पर ने अनेक पदों में किया है। 24 आत्मतत्त्व (पंचभूत, पंचतन्मात्रा, पंच ज्ञानेन्द्रिय, पंच कर्मेन्द्रिय, तथा मनस्, बुद्धि, चित्त और अहंकार), 10 नाड़ी, 5 अवस्थाएं, 3 मल, 3 गुण, (सत्व, रजस, तमस), 3 मण्डल (सूर्य, अग्नि, चन्द्र), 3 दोष (वात, पित्त, श्लेषमा), अष्ट विकार (काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर्य, दम्भ, असूया), 6 आधार धातु, 10 वायु, 5 कोष, 9 द्वार का वर्णन है। इसके अतिरिक्त पांच कंचुकों का वर्णन है। नियति, कला, काल, राग, विद्या – ये पांच शरीर में प्रवेश कर शरीर के 96 तत्त्वों को उद्वेलित करते हैं।

अप्पर ने शिव के अष्टमूर्ति रूप का वर्णन किया है। ये रूप पंच-तत्त्व, सूर्य, चन्द्र आदि हैं। वे जल रूप में, अग्नि रूप में, धरती तथा

आकाश रूप में शिव के दर्शन करते हैं। "वह अद्वितीय प्रभु जिसका सभी तपस्वीगण ध्यान करते हैं, जो वेदों का सार रूप है, जो अणु है, जिसके समस्त गुणों को नहीं जाना जा सकता, जो मधु है, दूध की धारा है, जो अलौकिक प्रकाश है, जो देवाधिदेव है" – ऐसे प्रभु की आराधना करने वाले अप्पर कभी उसे पवित्र अग्निपुंज के रूप में देखते हैं तो कभी मेघाच्छादित पर्वत-प्रदेश में उनके उमापति रूप के दर्शन करते हैं। वह 'ज्ञान-मंदिर का नटराज' अपनी घुंघराली लटों में शीतल चन्द्र और पावन भागीरथी को धारण किए हुए है। अप्पर को विभिन्न तांत्रिक ग्रंथों, पौराणिक आख्यानों तथा प्राचीन तमिल की विशाल परम्परा का सम्यक् ज्ञान था – यह निष्कर्ष उनके गीतों से सहज ही निकाला जा सकता है।

श्री एम. अरुणाचलम् की कृति 'म्यूज़िकल ट्रैडिशन ऑफ तमिलनाडु' में प्रमाणों द्वारा सिद्ध किया गया है कि तिरुनावुक्करसु–अप्पर को संगीत का पर्याप्त ज्ञान था और अपने पदों में उन्होंने विभिन्न 'पणों' यथा 'कुरिंजि', 'कोल्लि', 'पळन्तक्क रागम्', 'तिरुनेरिसै', 'तिरुविरुत्तम्', 'तिरुकुरुन्दोगै', 'तिरुताण्डकम्' आदि का प्रयोग किया है।

अद्भुत चमत्कार : अप्पूदि अडिगळ् का संदर्भ

अप्पर द्वारा अप्पूदि अडिगळ् के सर्पदंश से मृत्यु को प्राप्त ज्येष्ठ पुत्र को पुनर्जीवन प्रदान करने की घटना का उल्लेख पेरियपुराण में मिलता है। अप्पर के काव्य में उपलब्ध अंतः-साक्ष्य द्वारा भी इसकी पुष्टि होती है। अप्पूदि अडिगळ् तिंगलूर नामक स्थल में निवास करते थे। उन्होंने अपने अनेक प्याऊ, सरोवर, उद्यान आदि का नाम तिरुनावुक्करसु के नाम पर रखा था। ऐसे निष्ठावान् ब्राह्मण भक्त के घर अप्पर मध्याह्न के भोजन पर आमंत्रित थे। तिरुनावुक्करसु को अत्यन्त आदर और सम्मान के साथ भोजन करवाने की तैयारी चल रही थी कि भोजन परोसने के लिए केले के पत्ते उतारते समय डाल में छिपे एक सर्प ने बालक को भयंकर दंश मारा। बालक ने

केले का पत्ता तो माँ तक पहुंचा दिया पर स्वयं सर्पदंश के विष से मूर्च्छित हो गया, देह नीली पड़ गई। माँ ने ममता के स्थान पर प्रभु-भक्त के प्रति अपने दायित्व को प्राथमिकता दी और एक चटाई में शरीर को लपेट कर घर के एक कोने में रख दिया। पति-पत्नी इस दारुण दुःख को हृदय में ही छिपाकर अप्पर के आतिथ्य-सत्कार में जुट गए। भोजन के लिए बैठते ही अप्पर ने उनके पुत्र के विषय में पूछा। अप्पूदि अडिगळ् और उनकी पत्नी को सत्य बताना पड़ा। अप्पर ने उनकी त्याग-भावना, अतिथि-सत्कार और अपार निष्ठा की भूरि-भूरि प्रशंसा की। मृत बालक के शरीर के निकट पहुंच कर उन्होंने भगवान् शिव की महिमा का गुणगान करते हुए दस पदों का गायन किया। गीत मानो गारुड़ी-मंत्र बन गए, मृत बालक पुनः जीवित हो उठा। आज भी इन पदों का प्रयोग सर्पदंश के विष को दूर करने के लिए किये जाने का उल्लेख मिलता है। इस पदिकम् में एक से दस तक शिव-सम्बन्धी शक्तियों, तत्त्वों, आदि का वर्णन है। उदाहरणतः एक कैलाश, एक ही चन्द्र, एक ही शिव के हाथ का मुंड, एक ही नन्दी का उल्लेख है। 'दो' के संदर्भ में उनके दो पद, पुरुष-प्रकृति अथवा साकार-निराकार दो रूपों का वर्णन है।

दस तक आते आते कवि मानो सर्प-दंश के प्रभाव को वशीकरण द्वारा समाप्त करने का प्रयास कर रहा है :

दस हैं नेत्र उसके –
पांच फनों वाले सर्पों के
दस हैं, जिह्वा उसके उन
पाँच फनों वाले सर्पों की
और दस ही हैं मस्तक (रावण के)
उसके, जो उसके कोप भाजन बने थे
और जिसे तब तक कुचला गया था
जब तक उसकी दस दंतावलियां चूर-चूर नहीं हो गयीं।
दस ही होते हैं
अध्यात्म में आत्मा के अनुभव।

बालक के पुनर्जीवित होने के उपरान्त स्नानादि कर अप्पर तथा परिवार के लोगों ने भोजन किया।

चर्या मार्ग–सेवा भावना

विविध तीर्थ-स्थलों में स्थित शिव मंदिरों में भक्तिभाव से पूजन, अर्चन चर्या का मार्ग है। शिवज्ञानसिद्धियार के अनुसार चर्या अर्थात् दास मार्ग में परमेश्वर के मंदिर को धोना, विग्रह की सज्जा के लिए पुष्पचयन और माला पिरोना, पुष्प-वाटिकाओं का निर्माण करना, मंदिर में दीप ज्योतित करना, ईश की आरती, ईश-भक्तों की आज्ञा का पालन आदि चर्या में कर्त्तव्य हैं। इसके मूल में मंदिर-संस्कृति के साथ मानव के सम्बन्धों का सम्यक् रूप से विकास है। इस मार्ग में 'मन की पवित्रता' का विशेष महत्त्व है। तिरुमूलर ने 'चर्या' का वर्णन करते हुए कहा कि स्निग्ध ह्रदय से प्रभु का आराधन चर्या का शील है। चर्या का वर्णन इन शब्दों में हुआ है –

श्रृंगार करें प्रभु का मलय पर्वत के सुगंधित चंदन से,
पूजन नमन करें प्रभु का नन्दन-कानन के दिव्य प्रसून से,
मधुस्त्रवित चरण कमल तक पहुँच पाते हैं वही पुण्यात्मा,
जो मांसल-इच्छाओं से ऊपर उठे हों, मग्न हों जो दिव्य शिवानुभव में...

(मंत्र-संख्या, 1452)

चर्या-मार्ग के साधक होने के कारण अप्पर ने सेवा-भावना को प्रमुखता दी है –

ओ मेरे ह्रदय ! अभिलाषा है यदि
शाश्वत पद पाने की
तो चलो ! मेरे नाथ के मंदिर में
नित्य ही ब्राह्म-मुहूर्त से पूर्व,
स्वच्छ करो मंदिर को झाड़ू-फुहारी से
पिरोकर समर्पित करो पुष्प-माला
श्रद्धा-भक्ति से प्रेम से

प्रसन्न करो प्रभु को स्तुतिगीतों से
नर्तन करो भक्ति-भाव से गाते हुए। (6-31-3)

अप्पर के हाथ में लकड़ी का एक कुदाल उनकी सेवा-भावना का प्रतीक है।

योग, ध्यान

अप्पर से कई शती पूर्व तमिल प्रदेश में योग-मार्ग का विशद ज्ञान उपलब्ध था। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि का विवेचन अन्य ग्रंथों के साथ-साथ 'तिरुमंतिरम्' में भी विस्तार से हो चुका था। तिरुमंतिरम् में तिरुमूलर ने कहा –

शिवमान चिन्तैयिर जीवन् चिदैय
पवमान मुम्मलम् पाऱिप् पऱिय
नवमान अन्तत्तिन् नऱ्चिव बोदम्
तवमा मवैगायित् तानल्लवागुमे। *(मंत्र संख्या, 2539)*

जीव लीन होता है ज्यों ज्यों शिव ध्यान में,
भाग जाते हैं तीनों मल, जन्म-मरण के कारण;
नवावस्था के अंत में, सिद्ध होती है शिव-सुषुप्ति,
रहता है ऐसे में केवल शिवबोध,
तब मिट जाता जीव का निजबोध।

अप्पर ने तिरुवारूर के पुण्यधाम में गाया–

हे सत्यस्वरूप ! मेरे नाथ !
अनुभव-वेद्य होते हो तुम उनके लिए
जो नियंत्रित करते हैं निज प्राणवायु को,
आरेखित कर हृदय-पट पर तुम्हारा रूप
एकाग्रता से होते हैं, ध्यान-मग्न
समर्पित कर देते हैं तेरे हाथ में
निज मन-प्राण और आत्मा को
रमते हो आत्माराम होकर उनके हृदय में,

धन्य हैं अनुगृहीत हैं ऐसे पुण्य पुरुष
अन्य लोग वंचित हैं तेरे कृपाकटाक्ष से। (6-25-1)

तिरुमूलर द्वारा वर्णित चर्या, क्रिया, ज्ञान और योग मार्ग तथा उससे प्राप्त होने वाले सालोक्य, सामीप्य, सारूप्य और सायुज्य की चिंतनधारा शैव-भक्ति काव्य, विशेषतः अप्पर-काव्य में मुखरित हुई है—

सालोकमादि चरियादियिऱ् पॅरुम्
सालोकम् सामीपम् तङ्गुम् चरियैयाऴ्
मालोकम् चेरिल् वऴियाकुम् सारूपम्
पालोकमिल्लाप् परनुरुवामे। (मंत्र संख्या, 1507)

प्राप्त होते हैं चर्यादि प्रक्रिया से
सालोक्य, सामीप्य, सारूप्य और सायुज्य
चर्या से मिलता है सालोक्य,
सालोक्य से प्राप्त होता है सामीप्य,
जहां सतत मिलता है दिव्यदर्शन
सामीप्य से सिद्ध होता है सारूप्य,
जिसकी परिणति होती है
अखंड ब्रह्मानंद सायुज्य में। (1507)

यही विचार हमें वन्नियूर धाम में प्रतिष्ठित शिव के वर्णन के संदर्भ में अप्पर में लगभग यथावत् मिलता है—

वन्नियूर धाम में विराजे प्रभु
अनुग्रह बरसाते हैं भक्तजन पर
ज्ञान देकर मार्ग दिखाते हैं
चर्या, क्रिया और योग का,
शिव सन्मार्ग पर आरूढ़ जन
पद पाते हैं सालोक्य-सारूप्य का
जो सर्वस्व समर्पण करते हैं
पाते हैं समुन्नत सायुज्य पद। (5-26-3)

कान्ता-भक्ति

अप्पर-तेवारम् में कतिपय पद कान्ता-भक्ति के हैं। भक्त अपने इष्ट के साथ अधिकाधिक घनिष्ठ और ममतापूर्ण सम्बन्ध स्थापित करना चाहता है। शैव-भक्त कवि सख्य अथवा दास्य भक्ति की ओर अधिक उन्मुख हैं पर अप्पर के कतिपय पद कान्ता-भाव के भी हैं। यहां प्रेम स्वकीया प्रेम तक ही सीमित है पर इसमें भाव की तीव्रता है। शिव के सर्वव्यापकत्व, सर्वशक्तिमत्ता के समक्ष भक्त का अपना दैन्य, और असामर्थ्य का भाव रहते हुए भी उसके प्रति अगाध प्रेम की अभिव्यंजना है। एक पद में शिवकामिनी नायिका कोयलिया को दूती बनाकर भेजती है –

मधुमय शब्द का, तान का
अभ्यास करती कोयलिया !
निवेदन करो मेरे नाथ से –
अलिवृन्द के मधु गुंजन से
पूरित पऴन नगर का स्वामी धारण किये है जो
संध्यापूर्व आकाश में शोभित चंद्र को निज शिर पर,
स्वर्णिम हार को वक्ष पर,
क्या वह मेरा स्वामी
व्यर्थ बीतने देगा मेरे कौमार्य को ! (4-12-1)

एक अन्य पद में सखी नायिका के विषय में कथन करती है कि वह नाथ के प्रेम में डूबी है, आसक्ति में उसकी चूड़ियाँ पतली कलाइयों से स्रवित हो रही हैं, नाथ के दिव्य नाम का वियोगयुक्त हृदय से निरंतर उच्चार कर रही है। उसकी वेदना गंगाधर जटाधर के वियोग की वेदना है। (5-39-1) 'तिरुवारूर' शीर्षक दशक में नाम की जिज्ञासा से लेकर उसके प्रति पूर्ण समर्पण कर एकाकार होने वाली तन्वंगी का हृदयग्राही चित्रण हुआ है –

प्रथम श्रुति हुई उसके पावन नाम की
पृच्छा कर जान लिया बाला ने,

मूर्ति का रंग-रूप का इतिवृत्त,
तदनंतर जिज्ञासा हुई प्रिय धाम की
तत्क्षण हुई बावरी प्रिय के नाम की
तज दिया उसी दिन निज तात-मात को
तज दिया गेह, ग्राम, लोकलाज आचार
भूल कर सुध बुध भूल गई निज नाम भी
खोकर निज बोध
एकाकार हो गई तन्वंगी
प्रिय चरणों के संग। (6-25-7)

श्री टी. एन. रामचन्द्रन् ने इस पद को जीवन मुक्ति का वर्णन माना है। वह 'श्मशान क्षेत्र का भिक्षुक', 'हलाहलपायी', पेरुम् पित्तन – बावरा है। आरूर उसका क्षेत्र है; आरूर का अर्थ है–क्या/किसका नगर ? अर्थात् यह किसी का नहीं है। शिव का कोई गृह-क्षेत्र नहीं, फिर भी नायिका उसकी ओर खिंची चली जाती है क्योंकि वह स्वयं भी तो पिच्ची – पगली है – शिव के प्रेम में पागल ! मुझे शिव के अतिरिक्त किसी 'सत्य' का ज्ञान नहीं – यह भावना है उसकी ! तुलना के लिए श्री टी. एन. रामचन्द्रन् का अंग्रेजी अनुवाद प्रस्तुत है–

To begin with, she heard of His name;
 She heard of Moorti's way of life;
Then she heard of His Aaroor;
 Yet she became mad after Him;
She quit her mother and father that very day;
 She forsook the mores of the worldly;
She became oblivious of herself; she became nameless;
 The woman was oned with the feet of her lover. (258)

कान्ताभाव के अनेक पदों में से कुछ में तो भक्त-नायिका, आत्मा-नायिका द्वारा नायक की रूप-माधुरी आदि का चित्रण है यथा निम्न उदधृत पद में नायिका का आमात्तूर के प्रभु का सखियों के प्रति वर्णन–

सच कहती हूँ सखियो ! आए थे प्रीतम
गा रहे थे यहीं खड़े होकर
रसभरी रागिनियों में नव-नव गीत,
खींच लिया बलपूर्वक मेरा चित्त
फिर घायल किया नयन-बाण से
मुग्ध कर दिया मीठी चिकनी बातों से
प्रेमालाप से,
और फिर झट से आरूढ़ होकर निकले
अपने त्वरित वृषभ पर
धवल भस्म से लेपित था सकल शरीर,
धारण किये थे व्याघ्रचर्म और यज्ञोपवीत
आकर देखो सुंदर सखियो,
वह जा रहे हैं
आमात्तूर के प्रभु, मेरे प्रियतम ! (6-9-1)

इस पद की भाव-विभोर नायिका, शिव (नायक) के साथ हुए अनुभव को अगले पद में विकसित करती हुई शिव के तन की धवल भस्म, जटा पर धारण की गई पुष्पमाला आदि का वर्णन करती है –

उजला था तन धवल भस्म से, जटा पर सित पुष्पमाल,
गुंजित था कर-वीणा का गांधार-तार
बानगी वह देखने योग्य थी
खड़े रहे मेरे द्वार पर किंचित् क्षण
पूछा मैंने, "कौन है तुम्हारा धाम ओ नीलग्रीव पुरुष ?"
इतना पूछना था कि आ गए भीतर
बहाना बनाते हुए वेदना का
कहने लगे, यदि इच्छा है मेरा धाम जानने की
तो बता रहा हूँ, "सुन लो हे तन्वंगी
आमात्तूर है मेरा धाम ....."
कहा इतना तिरोधान हो गए सहसा। (6-9-2)

तिरुआमात्तूर में गाए गए इस दशक के शेष पदों में शिवमहिमा का गायन हुआ है। सर्प की मेखला, भिक्षाटन, अग्नि के प्रकाश सम शरीर, त्रिनेत्र, श्वेत विभूति धारी, स्वच्छ जल-युक्त गंगा को जटा में धारण किए, कोदै और मालै (*अर्धनारीश्वर होने के कारण एक माला स्त्रियोचित और एक पुरुषोचित*) धारण करने वाले, वृषभवाहन के स्वामी के रूप-सौंदर्य का वर्णन हुआ है। 'अर्ध-अंगिनी बनी गिरिजा मनोहरी' 'प्रेम पगे भक्त मानस को पिघला देने वाले', 'विलेपित है देह पर दुग्ध धवल भस्म' आदि का उल्लेख करते हुए दशक के अंतिम पद में उस नायक (शिव) के घर का पता 'अदिकै वीरट्टानम्'–नायिका को लग जाता है। नायक-नायिका का यह मिलन तमिल के 'अहम्' शैली के अनुसार है; प्रेम-मिलन तो है पर विवाह नहीं पर अब नायिका (भक्त) क़ो उसके निवास-स्थान ओट्रियूर (तिरुओट्रियूर) का ज्ञान हो गया है। नायिका कथन है–आप जाना चाहते हो तो यह स्मरण रहे कि तुमने अपने तृतीय नेत्र से हमारा कौमार्य ग्रहण किया है, हमें सदा पीड़ा देते हो। नायक प्रस्थान करता है पर कहीं यह आश्वासन भी है कि प्रभु के 'काल' खण्ड में सर्वत्र मंगल होगा। 'शिव-सायुज्य' की मांगलिक भावना से ओत-प्रोत, प्राचीन तमिल साहित्य की 'अहम्' शैली में रचित ये स्तुतियाँ सामान्य जन के लिए हृदयंगम करना सहज नहीं पर साहित्य के मर्मज्ञ, भक्ति-परम्परा के ज्ञाता इनके मूल में अन्तर्व्याप्त अपार भक्ति, ज्ञान और प्रेम की मंदाकिनी में अवगाहन करके शिवानुभव करते हैं।

जगत् की नश्वरता, सत्य का संधान

मानव जीवन 'तत्त्व' का अनुभव प्राप्त करने के लिए हुआ है। संयम और वैराग्य से संयुक्त चित्त में ही उस 'सत्य' का साक्षात्कार होता है। जड़-चेतन से परे, तत्त्वातीत, 'ज्योतिस्वरूप' को जानने के लिए जगत् के निवासियों को सम्बोधित करते हुए अप्पर कहते हैं –

अर्थहीन हैं तुम्हारे आचरण
व्यर्थ भाषण लोक-व्यवहार के

तिक्त हैं नीम के सम – अतएव त्याज्य भी
लगे हो शरीर-पोषण में
उदर-कुहर को पाटने में
जो कभी नहीं पट सकता
मान रहे हो स्वजन-परिजन को
शाश्वत बंधुजन जो कि मृषा है...... (4-102-1)

जीवन लक्ष्यहीन व्यतीत होता जा रहा है। कतिपय वर्ष बाल्यावास्था में क्रीड़ा करते हुए व्यतीत हो गए; शेष की स्थिति भी इसी प्रकार की है –

रमणियों के अंग-लावण्य में
मुग्ध होकर बीते कतिपय वर्ष
बुढ़ापे में जरा-रोग में, दौर्बल्य में
लाठी के सहारे बीते कतिपय वर्ष..... (4-60-1)

मानव कभी भी अपनी इन्द्रियों का दमन नहीं कर पाता; विद्या-ज्ञान का अर्जन करने का प्रयास नहीं करता; मन, वचन, कर्म की शुचिता पर ध्यान देकर प्रभु की सेवकाई का स्मरण नहीं करता। (4-57-1)

तिरुवल्लुवर ने स्पष्ट किया था कि पंचेन्द्रिय पर विजय पाना ही व्यक्ति को संन्यासी होने के योग्य बनाता है। भक्ति का मार्ग भी उसी के लिए है जिसने पंचेन्द्रिय रूपी हाथियों को ज्ञान के अंकुश द्वारा वशीभूत कर लिया है। नियंत्रित वाणी, तत्त्वयुक्त वचन, जीवों के प्रति स्नेह एवं दयाभावना भक्ति-मार्ग के आवश्यक तत्त्व हैं पर वास्तविकता तो यह है कि –

अंदर बैठे पांच मूर्ख चला रहे हैं विनाश-मार्ग में
तड़पते तड़पाते इनके संग जीना महा कठिन है.....(4-52-1)

अप्पर मानव-शरीर की व्याख्या इस भाँति करते हैं –

हाथ भर लंबा यह सरोवर
नौ-छेदों वाला है
बालिश्त भर के इस सरोवर में
मगर-मच्छ रहते हैं पाँच
जिनसे पीड़ित होकर मैं
पड़ा हूँ गुहा-सम तुम्हारे द्वार पर,
हे एकाम्रनाथ कांची के !
जिसकी अटारियों पर
झूमते हैं नील नीरद ! (4-44-2)

संत कबीर ने 'पोथी पढ़ी पढ़ी जग मुवा' कहकर पोथी के स्थान पर प्रेम का महत्त्व प्रतिपादित किया। अप्पर कहते हैं –

बिता रहे हो जीवन व्यर्थ में
पोथियों के पठन पाठन में
स्मरण की सुधि नहीं आती निर्मल निष्कल परात्पर की,
ज्योति स्वरूप की ..... । (4-41-9)

महाराष्ट्र के संत तुकाराम ने कहा था कि कोई कितना ही बड़ा पंडित, उच्चकोटि के ग्रंथों का अध्येता तथा ज्ञानी क्यों न हो, चाहे जितना आत्मनिष्ठ और जीवमुक्त हो, वह भक्ति सुख के रहस्य को ईश्वर-अनुग्रह के बिना नहीं जान सकता। अप्पर ने लोक माया में भ्रमित मानव को परामर्श दिया कि –

अंतकाल आए इससे पूर्व ही
स्मरण करो विमल मन से
नीलकंठ प्रभु का भक्ति-भाव से ..... (5-56-8)

पंचेन्द्रिय को नियंत्रित कर निज हृदय में शिवज्ञान का मणिदीप जलाने से सत्य का मार्ग प्रशस्त होगा। मनन और निदिध्यासन से जो शिव को अनुभूति में ला सकें वे जनन-मरण के बंधन को काटने में समर्थ होंगे। (4-53-3) वेदों में प्रकीर्तित परमेश्वर के दिव्य चरण पाने

का मार्ग स्पष्ट करते हुए अप्पर कहते हैं –

चेतना में ज्ञानाग्नि जगाकर विनष्ट कर डालो झाड़-झंखाड़ को
असत्य और काम-क्रोध के कांतार को
जब निर्मल होगा हृदय
ज्ञान-स्वरूप हो भासित होगा परमेश्वर। (4-45-1)

नमश्शिवाय मंत्र को ज्ञानस्वरूप महाज्योति मानते हुए कवि का मत है कि जीव-हृदय के इस मणिदीप द्वारा बाहर-भीतर के तम का नाश होता है –

शब्द में भासित अर्थपूर्ण दीप यह
प्रसरित करता चतुर्दिक् ज्योति है
बहुमार्ग में निहित तत्त्व-दीप
सर्व-दर्शनों की तेजोमय ज्योति है। (4-11-8)

परन्तु मानव का विचित्र स्वभाव है वह सांसारिक नश्वर तत्त्वों की ओर आकृष्ट होता है –

धन-संपत्ति बटोर लेने के चक्कर में
रचते रहते हो प्रपंच
मिथ्या भाषण करते हो जान-बूझ कर
आप ही आप प्रसन्न हो रहे
अपने चातुर्य पर ओ निर्लज्ज ! (5-84-2)

पिंजड़ा छोड़कर पंछी उड़ जाए इससे पूर्व ही अप्पर उस परम-तत्त्व के चरणों की शरण लेने का परामर्श देते हैं। माया का प्रपंच, स्वर्ण, प्रिय जन का मोह, धन-सम्पदा का संग्रह आदि विषयों पर अनेक संदर्भों में अप्पर ने मानवमात्र को सावधान किया है –

माया का यह प्रपंच है इस जग में
बंधु, प्रियजन के मोह में, कनक की कांति में
व्यर्थ में क्यों फँसे रहते हो ?

मृत्यु अश्वयंभावी है और उस समय की स्थिति भी सर्वज्ञात है पर विचित्र तो यह है कि इस सहज ज्ञात वास्तविकता का स्मरण भी भक्त कवियों को करवाना पड़ता है। नश्वरता से परिचय सत्य-मार्ग का आश्रय ग्रहण करने का संकेत है – कबीर-कथन *'मातपिता बनिता सुख संपति अंति न चले संगात'*। (क. ग्रं. पृ. 44); *'उतानै खटिया गड़िले मटिया संग न कछु लै जाई'* भगवद्भक्ति की ओर प्रेरित करने के लिए ही तो कहे गए। अप्पर शिव-सन्मार्ग पर मानव-मन को अग्रसर करने का सतत प्रयास करते हुए कहते हैं –

मरण-काल में कोई काम न आते
तात-मात-बंधुजन
चाहे कितने ही प्रिय हों,
विपुल संपत्ति भी वृथा है
साथ न चलती कानी कौड़ी भी,
चलते बनते हैं श्मशान में जलाने के बाद;
सिद्ध वेश में शोभित परमेश्वर
पुण्यमय कावेरी तट पर
जम्बुकेश्वरम् में विराजे प्रभु,
यदि तुम्हारे कनक चरणों का योग मिले
क्या बिगाड़ेंगे मेरा दुःखदुरित और संताप। (6-62-1)

इसी कारण अप्पर का दृष्टिकोण है कि मनुष्य को चंद्रचूड़ प्रभु की शरण ग्रहण करनी चाहिए। मृत्यु-उपरांत होने वाले संस्कार का एक शब्दचित्र उस युग के तमिल-प्रदेश की संस्कार-परम्परा का संकेत देता है –

रुद्ध हो जाए गला कफ़ के आधिक्य से,
प्राण निकल जाएँ देह तज कर,
और तब बंधुजन-परिजन मिल कर
नयनों पर अँजन लगाएँ,
हार पहनाकर, श्मशान में डाल आएँ। (6-61-7)

जो भक्तजन के दुःखदुरित को क्षणभर में दूर करने वाला है, विश्वसनीय आश्रय है, उसे प्राप्त करने के लिए इन्द्रियोन्मुख मन को जीतकर, बंधु, मित्र और नारी के मोह को काटकर सक्षम होना होगा। ऐसा साधक अंतरंग की नृत्यसभा में नटराजराज का दर्शन प्राप्त करता है। (6-1-5) इस मार्ग को स्पष्ट करने वाला भक्त कवि सामाजिक जीवन की वास्तविकता को भी भलीभांति जानता है अतः वह प्रश्न करता है –

बताओ किस काम आएँगे
यत्न से अर्जित धन, प्रिय नारियाँ
बंधु परिजन जो युक्त दिखते हैं बाहर से
किंतु भीतर से हैं वियुक्त
क्या प्रयोजन सधेगा इनसे ? (5-77-7)

अप्पर के एक पद में सांसारिक माया-प्रपंच के जाल से बचने और परमज्योति शिव को पाने के मार्ग का वर्णन हुआ है जिसको तमिल साहित्य में अनेकानेक विद्वानों ने उद्धृत किया है –

काया के गेह में दीया बने मानस
पूरित हो जाए सुरति के घृत से
प्राणों की बाती लगा के ज्ञान की ज्योत जगाएँ
दूर होगा अज्ञान शिवबोध जाग्रत होगा
शिवप्रकाश की ज्योति में
दर्शन होगा दिव्य चरणों का
स्कन्द प्रिय स्कन्द-तात के पुण्य चरणों का। (4-75-3)

इसी भांति मानव-देह को देवालय बनाकर भक्त प्रेमासक्त हृदय से सत्य का आचरण करे :

मणि-निभ मन लिंग हो
अभिषेक करें स्नेह रूपी घृत-दुग्ध-नीर से
मंत्र हो नाम-जप पूजन
यही ईश को प्रिय है। (4-76-4)

शिव-भक्तों का सादर स्मरण

4286 पदों की संरचना 'पेरियपुराणम्' में तमिलनाडु के आठवीं शती तक के प्रमुख शैव-भक्तों का चित्रण है। सुन्दरमूर्ति नाय्नार् ने इन भक्तों की प्रशस्ति का 'तिरुतोण्डतोकै' के ग्यारह पदों में गायन किया। दसवीं शती में नम्बिआण्डार नम्बि ने 89 छंदों में 'तिरुतोण्डर तिरुवन्दादि' के नाम से इनका वर्णन किया। चेक्किळार ने ग्यारहवीं शती में विस्तृत पेरियपुराण की रचना की। इन भक्तों में से कतिपय भक्तों का सादर उल्लेख अप्पर ने अपने काव्य में किया है। चण्डेश का वर्णन इन शब्दों में हुआ है –

हरित 'आत्ति' तरु के तले
स्थापित कर पृथ्वी-लिंग
अभिषेक करने लगा प्रचुर गोक्षीर से
बालक चंडेश
पुण्यमय पूजा में व्यवधान डालते
प्रमत्त तात को दंडित किया बालक चंडेश ने
पैर पर परशु के आघात से;
कुरुक्कै वीरट्ट धाम में विराजे
ईश ने प्रदान किया निर्माल्य का अमृत चंडेश को। (4-49-3)

चण्डेश का उल्लेख अन्यत्र भी हुआ है। इसी भांति कोच्चेंङ्कणन् – आरक्तनयन नाम से विश्रुत चोलराज का वर्णन किया गया है –

'आनैक्का' नाम से विश्रुत
जम्बुकेश्वर धाम में एकदा
मकड़ी ने जाले बुनकर मंडावा रचा था शिवलिंग के लिए
हस्ति-कोप से ध्वस्त हुई;
किंतु तत्क्षण ही
कुरुक्कै वीरट्टानम् के ईश की कृपा से
जन्म लिया पुण्यशील मकड़ी ने
कोच्चेंङ्कणन् – 'आरक्तनयन' – नाम से विश्रुत

चोलराज के रूप में
कावेरी-सिंचित समृद्ध चोल देश में
ईश के लिए नव-नव मंदिरों के निर्माण के लिए। (4-49-4)

भक्त कण्णप्पर शिवभक्तों की परम्परा में अपनी अद्‌भुत भक्ति के लिए विख्यात हैं। यह व्याध-भक्त अपनी अपूर्व निष्ठा के लिए पुनः-पुनः स्मरण किया जाता है। अप्पर इनको 'तपोधनों में श्रेष्ठ' भक्त के रूप में सादर स्मरण करते हैं –

पूजा वह महान् थी व्याध की
सुपुष्ट स्कंध पर धरा है तिर्यक् धनुष
करतल पर माँस
हटा रहा है निर्माल्य चर्म-पादुका से
कर रहा अभिषेक मुख के पवित्र नीर से
सहसा देखता है नाथ-नेत्र से बहता रुधिर
निकाल कर निज-नेत्र लगा रहा नाथ-नेत्र पर
प्राप्त होता है अनुग्रह
कण्णप्प बनता है तपोधनों में श्रेष्ठ
आशुतोष हैं 'चायक्काडु' में विराजे प्रभु। (4-65-8)

इसके अतिरिक्त भी विविध स्थलों पर अपने से पूर्व के विश्रुत भक्तों का अप्पर ने सादर स्मरण किया है। मन-वचन-कर्म से प्रभु के प्रति पूर्ण आस्था-युक्त प्रेम ही शिव-भक्ति-परम्परा का मार्ग है। आज का युग-बोध आस्था और विश्वास के युग के बोध से नितान्त भिन्न है। अप्पर अपने युग में शिव-भक्त के प्रति जिस अखण्ड आस्था और पूर्ण श्रद्धा का परिचय अपने काव्य में देते हैं आज वह उच्च आदर्श तो माना जाता है, सम्भवतः अनुकरणीय नहीं। इस दृष्टि से ही निम्न पद पर विचार करना उपयुक्त होगा –

पापी हो, पाखंडी हो, व्यक्ति वह कैसा भी हो
यदि धारण किया है ललाट पर विभूत,
धरे हैं यदि रुद्राक्ष आदि साधन और शिव-चिह्न,

उसके दर्शन-मात्र से ही भक्ति से गद्गद् हो जाएँ
आदर-भक्ति के साथ उनका स्वागत करें
शिव में और भक्त में भेद न करें,
भक्त को शिव ही मानकर
चरणों पर प्रणत हो,
यों द्विविधा तजकर
जो शिवभक्त की करते हैं पूजा
उनके हृदय में सहज भाव से बसते हैं
कन्ऱाप्पूर में विराजे परमेश्वर। (6-61-3)

इसी कोटि का एक पद अप्पर की शिव और शिव-भक्तों के प्रति अगाध आस्था का संकेतक है। भक्त को प्रभु से इतर अन्य कोई कामना नहीं। अप्पर-कथन है कि कोई मुझे यदि शंख-निधि और पद्म-निधि के संग भूलोक और स्वर्ग का साम्राज्य भी प्रदान् करे और वह महादेव से विमुख हो तो समग्र ऐश्वर्य वृथा है पर इसकी तुलना में –

कोई कोढ़ी हो, गल गया हो अंग अंग,
या कि वह निम्नतम 'पुलय' हो
छील कर खाल खाता हो गोमांस,
यदि वे अनुरक्त हों महादेव पर
छिपा ली जिसने गंगा निज जटा पर
ऐसे दास का दासानुदास हूँ मैं
देवता हैं ये मेरे लिए। (6-95-10)

अमरनीतियार् की कथा का उल्लेख भी अप्पर ने किया है। प्रभु-भक्तों की सेवा करना, उनके भोजन-वस्त्र आदि की व्यवस्था करना उसकी दिनचर्या थी। एक बार प्रभु ब्रह्मचारी रूप में आकर अपना एक कौपीन अमरनीति को सौंप कर कावेरी में स्नान करने चले गए। इस बीच सुरक्षित रखा हुआ कौपीन अदृश्य हो गया। ब्रह्मचारी की कौपीन न मिलने पर जटिल समस्या हो गई। अंत में

एक पुराना फटा सा कौपीन निकाल कर उसके वजन के बराबर वस्त्र देने पर समझौता हुआ। सम्पूर्ण स्वर्ण, चाँदी, ढेरों कपड़े की गांठें रखने पर भी फटे-पुराने कौपीन वाला पलड़ा भारी रहा। अंत में अमरनीति यह कहकर कि 'मेरे शरीर पर धारण की गई पवित्र विभूत और प्रभु के भक्तों की सेवा के प्रति हमारी निष्ठा यदि सत्य है तो दोनों पलड़े बराबर हो जाएँ' तथा 'नमः शिवाय' मंत्र का जापकर पलड़े में बैठ गए। बैठते ही चमत्कार हो गया। उन्हें ब्रह्मचारी शिव ने पार्वती सहित आकाश में दर्शन दिए। भगवद्कृपा रूपी ऐश्वर्य के समक्ष संसार की संपदा भी अपर्याप्त है, जीव की अहैतुकी प्रेमाभक्ति ही भगवद्कृपा के समक्ष तुल सकती है – ऐसा संदेश देने वाले भक्त की जीवन-गाथा को अप्पर ने सादर वर्णित किया है। तेल के स्थान पर त्यागराज के मंदिर में जल से दिया जलाने वाले नमिनंदी अडिगळ् को भी एक पद में स्मरण किया गया है। तिरुच्चंगमंगै गांव के शाक्यर बौद्ध भिक्षु हो गए थे और प्रतिदिन एक कंकड़ शिव के निराकार रूप शिवलिंग पर मारकर आनन्द की अनुभूति करते थे। शिव द्वारा उन्हें भी अपनाया गया क्योंकि आत्मबोध खोकर वे शिव के ध्यान में मग्न रहे। शंकर पर कंकड़ फेंकने का विचित्र अनुष्ठान करने वाले शाक्यार का भी अप्पर ने सादर उल्लेख किया है।

तिरुवडि दीक्षा

'नल्लूर' नामक स्थल पर अप्पर को 'तिरुवडि दीक्षा' प्राप्त हुई ऐसा अंतः साक्ष्य के ज्ञात होता है –

नाथ ने धरा निज चरण कमल शीर्ष पर
अहोभाग्य मेरा ! शीतल हुआ मेरा सिर
मधु मकरन्द की धार से। (6-14-1)

तिरुवैयारु में वर्णित एक पद में कवि इसकी पुष्टि करता है –

धन्य हूँ मैं धर दिये तुमने
प्रशस्त चरण मेरे शीर्ष पर
प्रदान करते हो उत्कृष्ट मुक्ति-धन ...... (6-38-7)

शैव-सिद्धान्त में 'गुरु' अथवा स्वयं 'शिव' द्वारा साधक-भक्त के सिर पर चरण-स्पर्श को 'तिरुवडि-दीक्षा' कहते हैं। प्रभु-मार्ग में दीक्षित होने का यह सर्वाधिक पवित्र मार्ग माना गया है। प्रतीक रूप में प्रभु-चरण 'ज्ञान' का रूप हैं। पवित्र चरण शीश पर रखने का अर्थ है कि भक्त को ज्ञान का प्रकाश प्राप्त हुआ। श्री पाद-दीक्षा का अर्थ है ज्ञान-दीक्षा।

अप्पर-स्मृति उत्सव

तमिलनाडु के मंदिरों में अप्पर-जीवन की घटनाओं को आज भी धूमधाम से मनाया जाता है। श्री आर. नागस्वामी के अनुसार 'तिरुपुहलूर', तंजाऊर में दस-दिवसीय कार्यक्रम होता है। यहीं अप्पर ने 'शिवैक्य' प्राप्त किया था। अप्पर का जैन-धर्म से शैवधर्म में प्रत्यागमन, चूने की जलती भट्टी में बिठाया जाना, मदमत्त हाथी के द्वारा रौंदे जाने का उपक्रम; चट्टान बांधकर सागर में फेंका जाना, त्रिशूल और ऋषभ चिह्न से गोदा जाना, तिरुवडि दीक्षा प्राप्त करना, अपूदि अडिगल के पुत्र को सर्पदंश से हुई मृत्यु से पुनः जीवन-दान करवाना, तिरुज्ञानसम्बन्धर के साथ तिरुवीऴिमिलई तथा वेदारण्यम् के मंदिरों में जाकर 'शिव' से स्वर्ण मुद्राएं प्राप्त करके जन-जन की सेवा करना तथा अन्य घटनाओं को अभिनीत किया जाता है। दस दिन के उत्सव का अंतिम चरण अप्पर की पत्थरं तथा धातु की मूर्तियों का विशेष अभिषेक और पूजन होता है। ब्राह्मण-वेश में शिव द्वारा अप्पर को तिरुप्पैंगिलि के मार्ग में भोजन करवाया गया था, उस घटना का स्मरण दिलाने के लिए शिव की मूर्ति को भोजन-पात्र सहित अप्पर की मूर्ति के निकट लाया जाता है। 'भोग' रूप में भोजन लाकर अप्पर के समक्ष रखा जाता है। दोनों मूर्तियों – शिव एवं अप्पर – को निकट रखकर विशेष पूजा की जाती है। शिव-मूर्ति की 'शोभा

यात्रा' होती है; तथा संध्या के समय अप्पर के जीवन के एक अन्य संदर्भ – जिस में उन्होंने मणियों और स्वर्ण को कूड़े के समान उठाकर जल में फेंक दिया था – का स्मरण किया जाता है। इस भांति यह उत्सव अप्पर के जीवन की, उनके साधक-भक्त रूप की स्मृति को नवीनता प्रदान करता है।

शिव-मंदिर की पुनः प्रतिष्ठा : सत्याग्रह का मार्ग

पळयारै नामक स्थल में जैन-मतावलम्बियों द्वारा एक शिव मंदिर को दीवार से घेर कर बंद कर दिया गया था। अप्पर ने प्रतिज्ञा की कि जब तक उन्हें मंदिर में प्रतिष्ठित शिव के चरण-कमलों के दर्शन नहीं होंगे वे निराहार रहेंगे और उस स्थान से आगे नहीं बढ़ेंगे। चेक्किलार ने वर्णन किया है कि शिव ने स्वप्न में नरेश को आदेश दिया कि उन्हें जैन भिक्षुओं द्वारा छिपाए गए स्थल से निकाल कर तिरुनावुक्करसु से उनका मिलन करवाया जाए। मंत्रि-परिषद् से अपने स्वप्न के विषय में परामर्श कर नरेश ने उस स्वप्न-निर्दिष्ट स्थान की खोज की, शिवमूर्ति की पुनः स्थापना की और अनन्त शक्तिमान् शिव के अद्भुत भक्त अप्पर के चरणों की सादर वंदना की। मंदिर की पुनः प्रतिष्ठा करवाने के उपरान्त अप्पर ने विधिवत् शिव-पूजा की और तभी अपना उपवास समाप्त किया। तदुपरान्त सत्याग्रह का मार्ग अपनाने वाले अप्पर तिरुआणिक्कै आदि शिव-स्थलों के दर्शन करते हुए कावेरी के पार गए तथा उनका यात्रा-क्रम चलता रहा।

वेदारण्यम् के मंदिर के बंद द्वार खुलवाना

विभिन्न तीर्थ-स्थलों की यात्रा करते हुए तिरुज्ञानसम्बन्धर और तिरुनावुक्करसु (अप्पर) तिरुमरैक्काडु (वेदारण्यम्) नामक स्थल पर पहुंचे। जनश्रुति है कि उस स्थल पर वेदों ने आकर भगवान् शिव की पूजा की थी। पूजा-उपरान्त जाते समय वे मुख्य द्वार बन्द कर गए। तब से भक्त-जनों ने मंदिर में प्रवेश के लिए दूसरा द्वार बना लिया था। यह द्वार बहुत छोटा था और भगवान् के सीधे दर्शन भी नहीं हो

पाते थे। फिर भी भक्तगण उसी में संतोष कर लेते थे। ज्ञानसम्बन्धर को यह ज्ञात हुआ तो उन्होंने तिरुनावुक्करसु से निवेदन किया कि वे ऐसा उपाय करें कि मुख्य द्वार खुल जाए। तिरुनावुक्करसु ने एक पद गाया –

रागिनी सी सुभाषिणी उमा
विलस रही है वाम भाग में
परिक्रमा रत है भक्तलोक
पुण्यमय वेदारण्य धाम में
विराजे देवदेव प्रभो !
दयापूर्वक निश्चित रूप से
उद्घाटित करो निज मणिमय कपाट
दर्शन लाभ पाएँ सेवक के नेत्र। (5-10-1)

इसी प्रकार से अप्पर ने प्रभु प्रार्थना में दस पद गाए परन्तु द्वार न खुला। उनके ग्यारहवें पद के गायन के उपरान्त मंदिर के द्वार स्वतः खुल गए। यह पद था –

वर्धित 'पुन्नै' वन से वलयित
वेदारण्य में विराजे प्रभो !
पादांगुलि से दबोचकर
अनुगृहीत किया रक्षराज को
कृपा नहीं है तुम्हारे हृदय में
लेश मात्र भी मुझ पर
दयापूर्वक प्रभो ! त्वरा से
उद्घाटित करो निज कपाट। (5-10-11)

सम्बन्धर एवं अप्पर ने मंदिर में प्रवेश किया, ईश्वर के दर्शन किए और आत्मतुष्टि प्राप्त की। लौटते समय अप्पर के आग्रह पर ज्ञानसम्बन्धर ने द्वार बन्द करने के लिए प्रभु से प्रार्थनारूप एक पद गाया – *सदुरम़् मरैदान् तुदिसेय्दु वणङ्गुम* – मुख्य द्वार इस पद के गायन के साथ ही स्वतः बन्द हो गया।

इस घटना के उपरान्त अप्पर प्रभु-आदेश से वाय्मूर गये, सम्बन्धर भी उनके पीछे चल दिए। यहाँ दोनों को साक्षात् शिव के दर्शन हुए। तमिल के भक्ति-साहित्य में अप्पर और ज्ञानसम्बन्धर के संयुक्त योगदान विषयक प्रचुर सामग्री उपलब्ध है।

शिव-दर्शनः बुभुक्षा का शमन

जब अप्पर तिरुप्पारई होकर तिरुप्पैंगिलि जा रहे थे तो निर्जन मार्ग में उन्हें भूख, प्यास से अत्यन्त व्याकुलता हुई। भूख और प्यास से व्याकुल भक्त के लिए त्रिनेत्र प्रभु ने माया द्वारा एक कुंज और लघु सरोवर रच दिया। स्वयं ब्राह्मण-वेश में आकर उन्हें खाने को स्वादु व्यंजन दिए। भोजन खाकर निर्मल जल पीकर थकान से मुक्त हुए अप्पर से ब्राह्मण ने पूछा – 'भाई ! कहां जा रहे हो ?' अप्पर बोले 'मैं तिरुपैंगिलि जा रहा हूँ।' 'मैं भी तो वहीं जा रहा हूँ' कह कर ब्राह्मण अदृश्य हो गए। भाव-विभोर अप्पर ने अनुभव किया कि स्वयं शिव ही उन्हें दर्शन देने आए थे। गद्‌गद् होकर अवरुद्ध कंठ से वे अपने प्रभु के गुणों और उनकी असीम अनुकम्पा का गान करने लगे।

कैलाश-दर्शन

अप्पर ने अनेक दुर्गम स्थलों की यात्रा कर आधुनिक कर्नाटक राज्य की सीमा पार की। मार्मगोआ और मंगलौर के पश्चिम की ओर स्थित गोकरणम् के शिवलिंग की आराधना की। 'प्रभु वही रूप धारण कर लेता है जिस रूप में भक्त उसकी पूजा करते हैं।' अप्पर द्वारा इस मूल भावना से युक्त गीत की रचना यहीं हुई। विभिन्न स्थलों को पार कर असहनीय कष्टों को सहन करते हुए वे वाराणसी होते हुए कैलाश पर्वत तक जाना चाहते थे। छिली हथेलियां, अंग-प्रत्यंग में पीड़ा, पांव में छाले, अस्थि-पंजर शरीर लिए वे आगे बढ़ रहे थे। एक ही लगन, एक ही कामना कि कैलाश शिखर पर शैलपुत्री के साथ विद्यमान विश्व के पालनहार प्रभु शिव का दर्शन प्राप्त करें। एक ऋषि के रूप में शिव प्रकट हुए, उन्हें वापिस जाने को कहा पर भक्त ने

कहा – 'यदि मुझे मृत्यु का भी आलिंगन करना पड़े तो भी वापिस नहीं जाऊंगा।' शिव अन्तर्धान हो गए, भक्त के शरीर का सम्पूर्ण कष्ट दूर हो गया, आकाशवाणी हुई – 'इस ताल में कूदो, तुम्हें तिरुवैयारु में कैलाश और हमारे दर्शन होंगे।' प्रभु आदेश के अनुसार भक्त सामने स्थित तालाब में कूद गए। आश्चर्यचकित अप्पर ने स्वयं को तिरुवैयारु के कुएं में पाया। तिरुवैयारु में उन्हें प्रत्येक जीव में शिव और शक्ति के दर्शन हुए। हिमाच्छादित कैलाश पर्वत पर स्थित शैलजा के साथ प्रभु शिव स्वयं वहां विद्यमान थे। मूंगे की चट्टान के समान दीप्त शिव मानो गिरिराज पुत्री के साथ उनके समक्ष थे। भक्ति-भाव के अतिरेक में वर्णित इस विस्तृत यात्रा का घटना-क्रम तथा शिव-दर्शन आदि सम्भवतः कवि के अंतस् में हुई मानसिक यात्रा थी, जिसने काव्य के रूप में अभिव्यक्ति प्राप्त की। यह शिव-दर्शन अभूतपूर्व था क्योंकि उन्होंने मोर और मोरनी, मुर्गे और मुर्गी, धारीदार बटेर और उसकी प्रिया, सारस और उसकी मादा, तोते और तोती, गाय और वृषभ सभी में उस प्रभु के दर्शन किए। सर्वत्र प्रभु के ही दर्शन करनेवाला यह भक्त उनके गुणों का गायन तथा उनकी अर्द्धांगिनी देवी शैलजा की आराधना करता रहा। उसे अब विश्व-रूप के दर्शन हो चुके थे।

अद्वितीय विनम्रता

तिरुत्ततुरैप्पूंडी में अप्पर ने जैनियों के साथ संघर्ष में विजय प्राप्त की तथा ज्ञानसम्बन्धर के भक्तों की टोली में मिलक़र उनकी रत्न-जटित पालकी को अपने कंधों से उठाया। उनकी दास-भावना में भक्त और भगवान् का अंतर समाप्त हो गया था। बालक ज्ञानसम्बन्धर को जैसे ही यह ज्ञात हुआ वे पालकी से कूद पड़े और उनके चरणों में साष्टांग प्रणाम के लिए झुके पर इससे पूर्व अप्पर उनके चरणों में दण्डवत् हो चुके थे। पारस्परिक सम्मान, अद्वितीय विनम्रता का यह संदर्भ मानवीय सम्बन्धों और भक्ति-मार्ग के पथिकों के लिए एक प्रेरणाप्रद उदाहरण है।

मानवीय संवेदनाएँ

एक बार सम्बन्धर तिरुवीऴिमिऴलै नामक स्थल पर पहुंचे। संत तिरुनावुक्करसु भी उनके साथ थे। वहां वर्षा के अभाव में भयंकर अकाल पड़ा हुआ था। भूख-प्यास से व्याकुल जनता त्राहि-त्राहि कर रही थी। तिरुज्ञानसम्बन्धर और अप्पर मात्र भक्त ही नहीं थे, उनके हृदय में प्राणि-मात्र के लिए अपार दया थी; उनके भौतिक कष्टों को दूर किए बिना उन्हें 'भक्ति' का मार्ग दिखा पाना संभव न था। समाज-सेवा और लोक-कल्याण की भावना से प्रेरित होकर पीड़ित मानव-समुदाय, पशु-पक्षी आदि को कष्ट-मुक्त करने के लिए सम्बन्धर और तिरुनावुक्करसु ने भगवान् शिव की स्तुति की। स्तुति से प्रसन्न हो शिव ने आदेश दिया कि वे प्रतिदिन मंदिर जायें, जहां उन्हें जनता में बांटने और उसके कष्टों को दूर करने के लिए पर्याप्त धन मिलेगा। शिव स्तुति करने के बाद प्रतिदिन एक-एक स्वर्ण-मुद्रा उन्हें मंदिर में प्राप्त होती। इस राशि के उपयोग द्वारा वे दोनों दुर्भिक्ष से त्रस्त लोगों को अन्न उपलब्ध करवाते। कुछ समय उपरान्त वर्षा प्रारम्भ हो गई, धरती से अन्न प्राप्त होने तक यह चमत्कार निरंतर चलता रहा।

मूलमंत्र : सेवा-भावना

अप्पर पश्चिमी सागर-तट पर आधुनिक मंगलौर और मार्म-गोआ के मध्य स्थित तिरुक्कोकरणम् (गोकरणम्) नामक शिव-स्थल पर भी गए। यहां तथा अन्य अनेक मंदिरों, पवित्र-स्थलों में इनका कार्य प्रभु-सेवा था। अप्पर सेवा-भावना को विशेष महत्त्व देते थे। उनके जीवन का लक्ष्य 'सेवा' था। अपनी समृद्धि के दिनों में उन्होंने कुएँ खुदवाए, तालाब बनवाए तथा प्याऊ स्थापित किए। यही नहीं, धर्मशालाएँ बनवाईं, निर्धन ज्ञानी लोगों को यथासम्भव सहायता दी; देवस्थलियों, मंदिरों और निकटवर्ती क्षेत्र की सफाई की समुचित व्यवस्था श्रमदान द्वारा करना इनकी सूझबूझ का परिणाम था। भक्तों के चरणों में काँटे न चुभें, प्रभु के निवास की स्थली भली भांति स्वच्छ हो, ये कोमल

भावनाएँ अप्पर के जीवन के मानवीय पक्ष को तथा उनकी भक्ति में निहित सात्विक चिंतन को उजागर करती हैं।

तिरुनावुक्करसु के काव्य का विश्लेषण करते हुए डॉ. मु. वरदराजन् का कथन है–'तिरुनावुक्करसु के भक्ति-गीतों में उनका दैन्य, आत्म-विगलन और आस्था का भाव है।' वे निरंतर प्रभु की 'अनन्त कृपा' की कामना करते हैं।

मुमुक्षु : प्रार्थना का स्वर

तिरुज्ञानसम्बन्धर और तिरुनावुक्करसु (अप्पर) के काव्य में तात्त्विक अंतर है। अप्पर के काव्य में प्रार्थना है, प्रभु-कृपा की कामना है, मुक्ति की आकांक्षा है अतः उनका 'मुमुक्षु' रूप मुखर है। तिरुज्ञानसम्बन्धर मानो 'मुक्त' हो चुके थे – वे मानव-जाति को मुक्ति का मार्ग दिखाने के लिए जन्म ग्रहण कर अपने काव्य द्वारा सत्य और प्रेम के मार्ग का वर्णन करते हैं। पाप-पुण्य, दुर्बलताओं, कामनाओं, आकांक्षाओं से ऊपर वे मानो 'पूर्ण' हैं, वे जीव नहीं स्वयं ईश्वर ही हैं। जी. वन्मीकनाथन् तो उन्हें 'ईश्वरकोटि' कह कर उनके काव्य का विवेचन करते हैं। अप्पर के हृदय में अपार करुणा है, जीव के हृदय की सहज स्वाभाविक पीड़ा है और परमतत्त्व से मिलने की अद्‌भुत आकांक्षा, प्रेम की अमिट प्यास है–यही कारण है कि अप्पर के गीत सहज प्रतीत होते हैं।

अथर्व-वेद का ऋषि-वचन है –

अभयं मित्रादभयममित्रादभयं ज्ञातादभयं पुरो यः।
अभयं नक्तमभयं दिवाः नः सर्वा आशा मम मित्रं भवन्तु। (19-15-6)

हमें मित्र की ओर से अभय मिले, शत्रु की ओर से भी अभय प्राप्त हो, परिचित से अभय हो, अज्ञात से अभय हो। रात्रि से अभय हो, दिवस से अभय हो, एवं सभी दिशाएँ हमारी मित्र हों। श्रीमद्-भगवद्‌गीता में (16-1) भी भय के सर्वथा अभाव और सत्व संशुद्धि तथा तत्त्वज्ञान के लिए ध्यान योग में निरंतर दृढ़ स्थिति का

प्रतिपादन हुआ है। इसी संदर्भ में दम, यज्ञ, स्वाध्याय, तप, अहिंसा, सत्य, अक्रोध, त्याग, शान्ति, निन्दा न करना, दया, क्षमा, धृति इत्यादि गुणों का विवेचन हुआ है। संत अप्पर के काव्य में अभय, श्रद्धा, त्याग एवं सेवा के महत्त्व का विशेष प्रतिपादन हुआ है। पल्लव नरेश को स्पष्ट रूप से नकारात्मक उत्तर देने में सक्षम अप्पर अपार निष्ठायुक्त, मानव-सेवा के मंत्र में अटूट विश्वास रखने वाले भक्त थे। नंदिकेश्वर की शरण में आ जाने मात्र से ही उनका चिंतन लोक-कल्याण तथा प्रभु-कृपा पर अटूट विश्वास से युक्त हो गया था। अप्पर ने शैव-सिद्धान्त की इस मान्यता को अपने गीतों में स्वीकृति दी कि शिव के भक्तों की पूजा शिव के समान ही होनी चाहिए। इस भक्ति-मार्ग में पंथ, जाति, धर्म, भाषा तथा लिंग के आधार पर भेद का कोई स्थान नहीं। अप्पर के इन भावों से युक्त एक पद का भावानुवाद इस कथन की पुष्टि करता है–यह विशाल विश्व हमारा देश है, प्रत्येक नगर एवं प्रत्येक गांव में जो व्यक्ति भोजन पकाएगा, किसी अतिथि को खिलाकर ही वह स्वयं भोजन करेगा, भिक्षा देने से कभी मुंह नहीं मोड़ेगा। धरती माता अपने वक्ष पर विश्राम करने वाले किसी भी प्राणी को आश्रय से वंचित नहीं करती, यह ध्रुव सत्य है। ......हम पाप रहित हैं, हमें नांदी जैसे विशाल वाहन के स्वामी ने अपनी शरण में लिया है। हम सभी कामनाओं, आकांक्षाओं से मुक्त हैं .....स्वर्ण आभूषणों और कीमती वस्त्रों से सज्जित लोगों के आदेश मानने को हम बाध्य नहीं।

तृष्णा का जाल : परीक्षा की घड़ी

अप्पर इसके उपरान्त मदुरै, रामेश्वरम्, तिरुपुगलूर तथा तिरुवारूर गए और पुनः तिरुपुगळूर लौटे। यहां अप्पर की परीक्षा हुई। उनके चारों ओर तृष्णा का जाल बुना गया। मंदिर के क्षेत्र के कांटे, व्यर्थ घास, कंटीली झाड़ियां, कंकड़ इत्यादि को साफ करने की सेवा का कार्य अप्पर स्वयं करते थे। कंकड़ और मिट्टी के ढेलों के साथ मूल्यवान् मणियां उनके हाथ में आने लगीं। घनुषाकार भौहों वाली सुन्दर अप्सराएं अपने खुले दीर्घ केशपाश, हिलते हुए मांसल

नितम्ब, आंखों में काम की मादकता भरे उनके आलिंगन-पाश में बंधने को उद्यत थीं। अप्पर ने स्वर्ण और मणियों को कूड़े के ढेर के साथ ही कुएं में फेंक दिया; सुन्दर अप्सराओं के हाव-भाव का उनके हृदय पर तनिक भी प्रभाव न पड़ा, फलतः वे उन्हें सादर प्रणाम कर विदा हुईं। तिरुक्कुरल में वर्णित 'तत्त्वज्ञान' और 'तृष्णा उन्मूलन' का यह साकार उदाहरण था।

अप्पर अब अपने शिव के चरणों में जाने को तत्पर थे। उन्होंने गीत गाया –

ध्यान करता हूँ प्रभु-चरण नित्य ही
और किस वस्तु का स्मरण करूँ
चरण-कमल छोड़कर ?
नमन करता हूँ दर्शन करते हुए
तेरे दिव्य चरण,
नहीं चाहता देखना पद-कमल छोड़कर
पूम्पुगलूर में विराजे प्रभु !
काया में तुमने बनाए हैं नौ द्वार
ये सब के सब बंद हो जाएं एक साथ
संज्ञा शून्य हो जाएँ सकल इंद्रिय
हे पुण्यपुरुष ! मेरी एक मात्र इच्छा है
पहुंचूं मैं तुम्हारे चरण-युगल तक। (6-99-1)

मान्यता है कि इस भाव का गीत गाकर उन्होंने अपनी देह का त्याग कर दिया। उस समय उनकी आयु लगभग 81 वर्ष की थी।

तमिल के शैव-भक्ति साहित्य में संगीत, ज्ञान, गहन निष्ठा से युक्त भावनामूलक गीतों के रचयिता के रूप में उनका स्थान अमर है। मानवीय, सामाजिक मूल्यों की प्रतिष्ठा, सेवा-भावना के आदर्शरूप को प्रतिष्ठित कर, जड़ और चेतन में शिव के दर्शन करने वाले तिरुनावुक्करसु – अप्पर – वागीश ने सहज, सरल, दृढ़ आस्था से प्रेरित, ईश्वरीय संदेश से युक्त जिन 3064 पदों की रचना की वे

भक्तिभाव का अप्रतिम उदाहरण हैं। 'आत्मानुभूति' के गीत अपनी सम्प्रेषणीयता में भक्ति-काव्य में अनुपमेय हैं। दृढ़ इच्छाशक्ति और बाल्य-सुलभ कोमलता इनके चरित्र के विशेष गुण थे, दास्यभक्ति के मार्ग के श्रेष्ठ पथिक के रूप में, एक दृढ़ साधक, मन-वचन और कर्म से पूर्णतः अपने 'शिव' के रूप में लीन अप्पर निःसन्देह 'वागीश' हैं।

पौराणिक आख्यानों के संदर्भ

रावण दम्भ का नाश, रावण-अनुग्रह आदि

रावण की कथा को आधार बनाकर शिव द्वारा उसके अहंकार का नाश अनेकों बार शैव-भक्त कवियों के स्तुति-गीतों में वर्णन का विषय बना है। ज्ञानी लंकानरेश रावण 'मत्त' भी था और मूर्ख भी। वह अपने पुष्पक विमान पर सवार कैलाश पर्वत के निकट पहुँचा और उसे जब ज्ञात हुआ कि यह शिवक्षेत्र है, विमान आगे नहीं जा सकता तो उसने आक्रोश में आकर कैलाश को अपनी बीस भुजाओं से उठा लिया। पार्वती भयभीत हुईं, भूतगण व्याकुल हो गए। शिव ने एक मंदहास बिखेरते हुए अपने पाँव के अंगुष्ठ मात्र से पर्वत को तनिक दबा दिया। अप्पर ने इस दृश्य को अपने कल्पना चक्षुओं से इस भांति देखा –

उत्थित किया जैसे ही कैलास-गिरि को-
लंका के अधीश रावण ने
तनिक दबा दिया मंदस्मिति के संग
प्रभु ने पदांगुलि के प्रयोग से,
हड़बड़ाया हाहाकार कर उठा रावण
त्राहि त्राहि प्रभो ! कच्चिएकम्ब प्रभु !!
यों दर्प-दलन कर लंकेश को
वरदान दिया उसे भोलेनाथ ने। (5-47-11)

यह प्रसंग अनेक रूपों में शब्द-परिवर्तन के साथ शिव-महिमा

का गायन करने के लक्ष्य से अप्पर-तेवारम में उपलब्ध है –

(क) *स्मरण है प्रभु ?*
एकदा विकट अट्टहास के साथ
उठाया कैलाश-गिरि को रावण ने
दंडित किया तुमने दबाकर बीसों स्कंध
फिर प्रसन्न होकर सामगान से
अनुगृहीत किया रक्षराज को..... ।(4-1-10)

(नंदि देव द्वारा)

(ख) *रोकने पर भी कर दिया दुःसाहस*
जब धृष्ट राक्षस ने,
दर्प-दलन किया प्रभु ने
दबाकर दशमुख के कंधे और पाँव..... । (4-5-10)

(ग) *भर गया था अहंता से रक्षराज*
रुष्ट हुआ टोकने वाले अमात्य पर,
जंघा और भुजदंड पटकते हुए
अट्टहास पूर्वक उठा लिया कैलास बीसों स्कंध पर,
प्रभु ने तनिक दबाया पादांगुष्ठ से,
त्राणकाम रावण सामगान करने लगा
अपनी नसों को वीणा बनाकर,
प्रसन्न हो गए आशुतोष रावण पर
वरदान दिया 'चांद्रहास' खड्ग का
भक्तवत्सल प्रभु ने फिर...... (6-69-10)

(घ) *अपनी शक्ति-सामर्थ्य की सीमा से अनभिज्ञ होकर*
अट्टहासपूर्वक उठा दिया
रक्षराज ने कैलास को
ध्वस्त कर दिया प्रभु ने रावण का दंभ
अनुगृहीत भी किया उस पर सदय होकर.... (6-63-10)

(ङ) *उत्थित कर लिया जब रक्षराज ने*
आदि गिरि कैलाश को पुराकाल में
टूटने लगे उसके दसों शिर तत्क्षण
क्रंदन कर उठा रावण
'त्राहि-त्राहि पर-ज्योति स्वरूप'!'
अनुगृहीत कर दिया प्रभु ने उसी क्षण।..... (5-88-10)

रावण के दम्भ-नाश के साथ ही अनुग्रह करने का वर्णन ज्योतिरूप प्रभु के अनन्त करुणामय होने की भावना का पोषक है। मऱ्क्करुणै – कभी-कभी प्रभु की कृपा पीड़ादायक भी प्रतीत होती है पर मूल में वह पीड़ा, यंत्रणा मानव के कल्याण के लक्ष्य से ही होती है।

दक्ष-यज्ञ-ध्वंस

दक्ष-यज्ञ-ध्वंस 'शिव-पुराण' का एक प्रसिद्ध प्रकरण है। इसके मूल में सांस्कृतिक संघर्ष की गाथा भी है। प्रजापतियों के प्रभु दक्ष को समस्त ब्रह्माण्ड का अधिपति बनाया गया। गौरवपूर्ण पद को लेकर उनके मन में बहुत अहंकार था क्योंकि वे तत्त्वज्ञान से शून्य थे। एक प्रसंग में महादेव द्वारा उन्हें पर्याप्त सम्मान न दिए जाने के कारण वे रुष्ट हो गए। उन्होंने 'श्मशान निवासी', 'उत्तमकुल तथा जन्म से हीन', 'स्त्री में आसक्त और रतिकर्म में दक्ष' आदि शब्दों द्वारा शिव का तिरस्कार किया। बाद में जब दक्ष ने एक विशाल यज्ञ का आयोजन किया तो समस्त देवर्षियों, महर्षियों और देवताओं को बुलाया। इस यज्ञ में शिव को आमंत्रित नहीं किया गया। शंकर को उपस्थित न देखकर शिवभक्त दधीच ने उद्विग्न होकर निवेदन किया कि यज्ञ में शिव को सादर बुलाया जाना चाहिए। दक्ष ने शिव के प्रति निंदाजनक शब्द कहते हुए उनके कथन को वृथा ठहराया। दधीच विरोध प्रकट करते हुए यज्ञशाला को त्याग अपने आश्रम को चल दिए। इधर दक्ष-कन्या देवी सती को पिता के द्वारा आयोजित यज्ञ की सूचना चन्द्र-पत्नी रोहिणी के माध्यम से मिली। सती ने शिव से आग्रह किया कि

वे उनके पिता द्वारा किए जा रहे यज्ञ में चलें। शिव ने उन्हें समझाया कि बिना बुलाए दूसरे घर में अनादर होता है जो मृत्यु से बढ़कर कष्टदायक है; क्योंकि हमें आमंत्रित नहीं किया गया अतः हम दोनों को उस यज्ञ में नहीं जाना चाहिए। सती वास्तविकता जानना चाहती थीं अतः उन्होंने आग्रहपूर्वक आज्ञा मांगी। शिव ने सुसज्जित वृषभ और अन्य सब रुद्रगण आदि साथ देकर उन्हें दक्ष के घर भेज दिया। सती को देखकर दक्ष ने उनका आदर नहीं किया। यज्ञ में विष्णु आदि सबके भाग थे पर शम्भु का भाग कहीं न देखकर सती ने विष्णु, ब्रह्मा, इन्द्र आदि को फटकारा। दक्ष ने शिव को अमंगलरूप, अकुलीन, वेद-बहिष्कृत, भूतों और प्रेतों के स्वामी कहकर स्पष्ट कर दिया कि रुद्र को इस यज्ञ में नहीं बुलाया गया है। पति का अनादर सुनकर पश्चात्ताप करती हुई सती ने सब को शिव-महिमा से अवगत करवाया और उनके कर्त्तव्य का स्मरण दिलाया। तदुपरान्त पति शिव का स्मरण कर वे योगमार्ग में स्थित हो गयीं। आसन को स्थिर कर प्राणायाम द्वारा प्राण और अपान को एकरूप करके नाभिचक्र में स्थित किया। इस विधि को क्रमशः अग्रसर करते हुए अपने सम्पूर्ण अंगों में योगमार्ग के अनुसार वायु और अग्नि की धारणा की। शिव के चरणों का स्मरण करके योगाग्नि से स्वशरीर को भस्म कर दिया। इसके बाद की कथा के अनुसार सूचना मिलने पर दक्ष पर कुपित शिव ने अपनी जटा से वीरभद्र और महाकाली को प्रकट करके यज्ञ को पूर्णरूपेण विध्वंस कर दिया। वीरभद्र ने दक्ष की गर्दन मरोड़कर तोड़ डाली; चण्ड ने पूषा के दांत उखाड़ लिए; मणिभद्र ने मृगु की छाती को दबाकर उनकी दाढ़ी-मूँछ नोच ली। अप्पर ने इस कथा को शिव की अपार क्षमता का वर्णन करने के लिए प्रयुक्त किया है –

पुरा समय में निन्दित दक्ष से
हुआ जघन्य महापराध
अहम्मन्यता से यज्ञ का आयोजन
ध्वस्त किया रुष्ट रुद्र ने दर्पयज्ञ

धराशायी कर दिया यज्ञ-संभार
कर्तन किया ब्रह्म-शीर्ष को
दंड स्वरूप प्रचंड परमेश्वर ने
विराजे हैं प्रभु 'नागेश्वर धाम' में
अनुग्रह करते हुए भक्तों पर। (5-52-5)

अन्यत्र वर्णन आता है –

दक्षराज-यज्ञ में दंडित करते हुए देवों को
क्षीण किया इंदु को, उखाड़ डाली दंत पंक्ति रवि-मुख से....
(6-50-10)

इसी प्रकार से अनेक अन्य पदों में भी दक्ष-यज्ञ-ध्वंस की गाथा अप्पर के काव्य में पौराणिक गाथाओं के रूप में समाविष्ट हुई है।

त्रिपुर संहार

'त्रिपुर' नाम से एक असुर-संघ का वर्णन महाभारत के कर्ण पर्व से ही मिलना प्रारम्भ हो जाता है। मयासुर ने ब्रह्मा के वरदान से तीन नगर निर्मित किए। ये लोहमय, रौप्यमय और स्वर्णमय थे। ये नगर तारकासुर के तीन पुत्रों ताराक्ष, कमलाक्ष एवं विद्युन्मालि को सौंप दिए गए। देवताओं को त्रस्त न करने और उनका समुचित आदर करने के आदेश के साथ निर्माण के बाद मयासुर ने ये नगर इन असुरों को दिए थे। पुराणों में आकर यह कथा विस्तार ग्रहण करती गई और प्राचीन ब्राह्मण ग्रंथों की साधारण देवकथा का बृहद् विस्तार हुआ। सौर पुराण, लिंग पुराण, मत्स्य पुराण आदि में इसके रूप में पर्याप्त अंतर है। प्रारम्भ में पूर्ण सदाचारी, शिव भक्त पुरवासी कालांतर में अभिमानी और उद्दण्ड हो गए। इन दानवों के उपद्रव से मुक्ति पाने में विविध प्रकार के प्रयास असफल रहे। मत्स्य पुराण के अनुसार दानवों के नेता शिवभक्त बाणासुर को शिव ने अक्षुण्ण भक्ति का वरदान दिया पर त्रिपुर का विनाश कर दिया। जिन अमृतकुंडों के कारण ये पुर अमर थे उनका देवताओं ने गोरूप में प्राशन कर लिया

ऐसा पद्मपुराण में वर्णित है। मूलतः यह कथा शिवभक्त कवियों द्वारा शिव की अपार शक्ति और अपरिमेय क्षमता का परिचय देने के लिए आधार सामग्री के रूप में वर्णित है :

(अ) *संधान कर मेरु को धनुष रूप में*
ध्वस्त कर दिया प्रभु ने असुर सुरक्षित त्रिपुर झटिति में..।
(4-66-3)

(आ) *ध्वस्त हुए तुम्हारे एक बाण से*
असुरों के सुरक्षित तीनों पुर
धू-धू कर जल उठे, भस्मीभूत हुए....। (4-57-6)

(इ) *समरांगण में दिखाया ऐसा शौर्य*
कि धू-धू कर जल उठे असुरों के त्रिपुर....।(6-2-3)

इसी भाँति अनेक अन्य पदों में *'मेरु को धनुष बनाकर ध्वस्त कर दिये त्रिपुर'* (6-89-1) एवं *'वही प्रभु जिन्होंने देव संघ के परित्राण हित, मेरुगिरि को धनुष बनाकर टंकार किया'* आदि उदाहरण अप्पर द्वारा इस प्रसिद्ध पुराण-कथा के द्वारा शिव-महिमा के गान के लिए उदाहरण-स्वरूप लिए जा सकते हैं। त्रिपुर-ध्वंस की कथा को प्रतीक रूप में मानव-पशु के त्रिमल के विनाश के रूप में भी ग्रहण किया जा सकता है।

अर्जुन को 'पाशुपत' प्रदान करना

एक अन्य प्रसिद्ध पौराणिक-कथा अर्जुन द्वारा शिव से पाशुपत अस्त्र प्राप्त करने के विषय में है। इस कथा के अंतर्गत मूक नामक दैत्य द्वारा शूकर-रूप धारण करना, अर्जुन तथा किरात वेश में शिव द्वारा दैत्य का वध, किरात रूपधारी शिव और अर्जुन का इस शूकर को लेकर संघर्ष, भक्त-पराधीन शिव द्वारा अर्जुन को अपनी दासता प्रदान करने का वर्णन है। शिव-पुराण के अंतर्गत विस्तार से वर्णित इस कथा में महेश्वर ने समस्त प्राणियों के लिये दुर्जय पाशुपत नामक

अस्त्र अर्जुन को प्रदान किया। इस कथा में भी एक अंतर्कथा के रूप में श्रीकृष्ण (विष्णु) को शिव द्वारा 'मेरे आत्मरूप, भक्त और मेरा कार्य करने वाला' कहलवाया गया है।

इस पौराणिक कथा का अप्पर-काव्य में विविध स्थलों पर वर्णन है –

(i) *प्रशस्त 'वेदारण्य'–धाम में*
परिसर में है करुविलि की पहाड़ी
सघन निबिड़ कानन जहाँ
प्रकट हुए प्रभु पुराकाल में
व्याघ्र रूप में अनुगृहीत किया अर्जुन को। (5-69-4)

(ii) *'प्रदान किया पाशुपत पार्थ को' (6-74-1)*

(iii) *महिमामय वह अनादि अनंत है चिर पुरातन है,*
अर्जुन पर कृपा करने के हित प्रभु ने
किरात रूप धर शर-संधान किया वराह पर। (4-93-1)

इन वर्णनों से शिव द्वारा अर्जुन को व्याध रूप धारण कर पाशुपत अस्त्र देने की कथा को शिव के अनुग्रहकारी रूप का गुणगान करने की भावना स्पष्ट है।

मत्तगज को चीरना और गजचर्म धारण करना

झपट पड़ा था एकदा हाथी क्रोधोन्मत्त होकर
चीर कर ओढ़ लिया प्रभु ने तत्क्षण गजचर्म।....(6-14-1)

मत्तगज को चीरकर उसके चर्म को धारण करने के संदर्भ को आधार बनाकर कई पदों में कवि ने शिव को स्मरण किया है। यथा *'चीर डाला था जिन्होंने मत्तगज का चर्म अस्थिमय देह से'* (5-80-3) *'चीर कर पहन लिया जिन्होंने कटितट पर मत्तगज का चर्म'* (6-86-2) *'समरांगण में मत्तगज पर क्रुद्ध हुए प्रभु'* (5-78-1) *'चीर डाला चर्म आक्रामक हस्ती का'* (4-7-10)

दर्शनीय था तुम्हारा पराक्रम,
युद्ध मद से आ रहा था मत्तगज
तत्क्षण चीरकर ओढ़ लिया उसका चर्म.....(4-51-10)

आक्रामक हाथी का चर्म चीरकर
ओढ़ लिया परशु खड़्गधर प्रभु ने
भय-कंपित उमा के देखते-देखते।.....(6-63-2)

इस कथा के मूल में मानव के समस्त कल्मष नष्ट करने की प्रभु की अपार कृपा-भावना है। तिरुमूलर ने इस कृपा को 'अरुळ' कहा है –

परम कृपा-अनुग्रह का परिणाम है
यह सचराचर प्रकृति, सकल भुवन
अनंत रमणीय संसृति.... (मंत्र संख्या 1806)

शिव का ज्योति-लिंग रूप : विष्णु और विरिंचि के लिए अज्ञेय

प्राचीन काल में एक बार ब्रह्मा और विष्णु में यह विवाद हुआ कि उनमें से कौन श्रेष्ठ है। एक अग्निस्तम्भ उस समय उनके समक्ष प्रगट हुआ और उसका आदि-अंत ज्ञात करने का पता लगाने को ब्रह्मा और विष्णु से कहा गया। विष्णु नीचे की ओर गए और ब्रह्मा ऊपर की ओर। उस स्तम्भ का आदि और अंत कोई भी ज्ञात न कर पाया। जब दोनों हार कर लौट आए तो उस लिंगाकार अग्नि-स्तम्भ में से ॐ का चिह्न प्रकट हुआ और सब देवताओं ने प्रणव का स्वागत किया। शिव का सर्वमान्य और सम्मानित प्रतीक शिवलिंग पौराणिक युग में निराकार का प्रतीक बन गया। वायु पुराण, ब्रह्माण्ड पुराण और लिंग पुराण आदि में वर्णित उपरोक्त कथा को शिवभक्तों ने अनेकों बार स्मरण किया है। उनका लक्ष्य शिव के महत्त्व तथा श्रेष्ठता का प्रतिपादन और निराकार रूप में शिव का स्मरण करना है।

अप्पर ने इस पौराणिक संदर्भ का पुनः-पुनः उल्लेख किया है–

(i) *स्थापित कर लिया मैंने उस*
देवाधिदेव महादेव को निजमन में
जो सर्वथा अज्ञेय है
दशावतारी विष्णु के लिए और विरिंचि के लिए.... (4-7-9)

(ii) *जान न पाया विरिंचि*
प्रभु शीर्ष को हंस रूप में ऊपर उड़कर
देख न पाया विष्णु
प्रभु चरणों को वराह रूप में नीचे जाकर
विष्णु विरिंचि के लिए भी अज्ञेय.......(4-113-11)

इस भाव को अन्य कई स्थलों पर कवि ने विविध शब्दावली में वर्णित किया है। यथा *'विराज रहे हैं यहाँ ज्योतिराट्। आदि अंत विहीन परम ज्योति', 'जिसे पार न पा सके विरिंचि भी'*। (5-73-2)' *'खोज खोजकर दुःखी हो गए थे विष्णु, विरिंचि के संग देव संघ भी'* पर वे *'पा न सके ज्योतिस्वरूप को'*....। (5-78-6) *'जय हो तेरे चरणांबुज की, सुन्दर कमलासन के संग, विष्णु के लिए भी अदृश्य ज्योति स्वरूप'*.....। (6-32-6)

द्रष्टव्य है कि अप्पर ने वेदों का स्रोत शिव का मुख माना है। प्रलय, स्तम्भ आदि के रूप में 'परम' का उल्लेख है। वह 'परम' ब्रह्मा और विष्णु के समक्ष प्रकट हुआ.....। शिव के विविध स्तरों का संकेत श्री सी. वी. नारायण अय्यर ने किया है। विश्व का संहार करने वाले शिव से ऊपर की स्थिति परात्पर शिव की है जहाँ वह शिव और शक्ति का रूप धारण करता है। यह परशिव अथवा ज्योतिरूप है अतः इसे परम् ज्योति कहा गया। इसी को देखकर ब्रह्मा और विष्णु भ्रमित हुए थे। इसे काँची के एकाम्रेश्वर के रूप में सम्बन्धर ने भी वर्णित किया है। परन्तु इससे भी ऊपर की स्थिति अथर्ववेद में वर्णित स्तम्भ रूप की है। वह अवर्णनीय है; पर-ब्रह्म अथवा परम कहने का यही अभिप्राय है। अन्य शब्दों में यह शैव-सिद्धान्त में वर्णित 'शिव' का रूप है। इस स्तर पर अप्पर ने इसे 'परम्-ज्योति' कहा है और वैष्णव चिंतन में

विष्णु का उच्चतम सोपान भी इसी भांति स्वीकृत है। अप्पर ने इसे शिव अथवा महाविष्णु आदि नाम न देकर एकमात्र सत्ता (*एकावुरु*) एकेश्वर माना है। 'शैव और वैष्णव मतों के अनुयायी अपने-अपने आराध्य को सर्वश्रेष्ठ मानते थे। एकेश्वर को ग्रहण करने के फलस्वरूप शिव और विष्णु को एक ही ईश्वर के दो नाम माना जाने लगा था। कम से कम इन मतावलम्बियों में जो विवेकशील थे, वे तो ऐसा ही मानते थे.....त्रिमूर्ति अथवा शिव और विष्णु की संयुक्त प्रतिमाएँ बनाकर इसको मूर्त रूप दिया जा रहा था'– डॉ. यदुवंशी का यह मत हमारे लिए विशेष महत्त्व रखता है क्योंकि असहिष्णुता के बीज जब-जब विकसित हुए, सद्धर्म में आस्था रखने वाले चिंतकों और भक्ति-मार्ग के उन्नायकों ने परस्पर सहिष्णुता और सम्मान की भावना को ही मुखरित किया।

जलंधर वध

जलंधर वध की कथा का उल्लेख अप्पर शिव की चतुराई का बखान करने के लिए करते हैं –

पुराकाल में समरोद्धत जलंधर ने
'युद्धं देहि' की मांग की
निर्माण किया चतुर परमेश्वर ने अमोघ चक्रायुध
और चिरवा डाला असुर का वक्ष विष्णु के माध्यम से। (6-53-2)

पद्म-पुराण की कथा का अवलम्ब ग्रहण न करते हुए कवि ने स्कंद पुराण की कथा को अपने वक्तव्य का आधार बनाया है। यद्यपि स्कंद पुराण में शिव द्वारा सुदर्शन-चक्र से जालंधर (जलंधर) के वध का उल्लेख है अप्पर ने अपनी नवीन उद्भावना द्वारा यह कार्य शिव के चक्रायुध से विष्णु के माध्यम से करवाया है। एक अन्य प्रसंग में अप्पर ने इसी संदर्भ के लिए पद्म-पुराण की कथा को आधार बना कर कहा है –

एक बार जिसे घोंप दिया था प्रभु ने
निज प्रभापूर्ण चरण से थामकर
जलंधर के वक्ष पर ...... (4-14-10)

महाकाल द्वारा काल को दण्डित करना

काल को पराजित करने वाले शिव का संदर्भ शिवभक्तों ने पुनः-पुनः स्मरण किया है।

जिन चरणों ने गिरा दिया काल को
भक्त बालक मृकंड-सूनु के त्राणहित.... (4-108-1)

भक्त ज्ञानसम्बन्धर् ने कहा है कि 'भक्त' पर कृपा करने वाले आशुतोष महाकाल की करुणा से समस्त कल्मष नष्ट हो जाते हैं। एक पद में ज्ञानसम्बन्धर् ने वर्णन किया –

यही है महाकालेश्वर जिसने पदाघात से
धराशायी किया काल को भक्त के हित..... (76/3)

अप्पर ने इसी भांति एक पद में मार्कण्डेय के पुत्र की रक्षा के लिए शिव द्वारा काल को दण्डित करने का वर्णन किया है –

विलसित है प्रभु तिरुक्कडवूर धाम में कालकाल परमेश्वर
गिरा दिया जिसने पदाघात से
स्वयं मृत्यु-देवता को,
घन-तिमिर शरीर अग्नि-ज्वाल-सम केश
वक्र-जिह्वा विकराल दंष्ट्रायुत कालदेव को,
हरने आया था प्राण मार्कण्डेय वटु के
भव-बंधन से मुक्ति हेतु
प्रभु-जन में रत मृकण्डु सूनु के
पदाघात से लुढ़का दिया काल को कालकाल ने। (4-107-1)

यह भाव अन्यत्र कई स्थलों यथा 'तिरुवलं चुळि' (5-66-4); मुक्कूडल पल्ली (6-69-10) तिरुमार् पेरु (6-80-1; 4) में भी वर्णित हुआ है।

काम-दहन

ब्रह्मा के आदेश से देवताओं ने शिव और पार्वती का विवाह कराने के लक्ष्य से कामदेव को शिव का ध्यान भंग करके पार्वती के प्रति उनमें अनुराग पैदा करने के लिए नियुक्त किया। पूर्वजन्म की सती भी शिव को पाने के लिए तपस्यारत थीं। देवताओं को एक सेनापति की कामना थी जो शिव-पार्वती के संयोग से उत्पन्न हो और देवसेना का नायक बने। काम के बाणों से हृदय में उथल पुथल होने पर शिव ने नेत्र खोले और उनके तृतीय नेत्र की ज्वाला ने काम को तत्क्षण भस्म कर दिया। कथा के अनुसार बाद में देवी पार्वती के आग्रह से उसे अनंग रूप में पुनः जीवित कर दिया। कहीं-कहीं यह पुनर्जीवन काम की पत्नी रति की अनुनय-विनय के बाद शिव की दया का परिणाम है। यह कथा वराह पुराण, शिव पुराण, स्कन्द पुराण, ब्रह्मा पुराण आदि में विविध रूपों में आई है। अप्पर-काव्य में काम-दहन का संदर्भ शिव-महिमा का गायन करने के लिए प्रयुक्त हुआ है। 'परुप्पदम्' स्थल पर गाए गए पद में अप्पर कहते हैं – '*जला दिया कामदेव को भाल नेत्र से*।' (4-58-5) जम्बुकेश्वर के शिव-स्थल पर कवि ने गाया –

वीक्षण मात्र से प्रभु ने
भस्मीभूत कर दिया काम की देह को..... (6-63-10)

अन्यत्र तिरुनल्लार में अप्पर कहते हैं –

भस्मीभूत कर दिया प्रभु ने एकदा
अनंग कामदेव को अपने दृष्टिपात से.......(6-20-2)

आरूर में अप्पर ने कहा –

भस्मीभूत हो गया,
इक्षुदण्ड-धर कामदेव.....(4-102-5)

समुद्र मंथन

श्रीमद्भागवत के अनुसार समुद्र-मंथन के लिए देवता और दैत्यों ने मिलकर संसार की समस्त औषधियां क्षीरसागर में डालीं, मंदराचल को मथनी बनाया, नागराज वासुकि मंथन-रज्जु बने। स्वयं नारायण ने कच्छप अवतार धारण करके मन्दराचल को अपनी पीठ पर धारण किया। विश्लेषण करें तो अन्तर की देवासुर समग्र वृत्तियों के द्वारा शुद्ध-सात्विक अंतःकरण का मंथन किया जाये तो अमृत-तत्त्व की प्राप्ति होगी। स्थूल तत्त्व विष सर्वप्रथम प्रकट हुआ। इस हलाहल के ताप से नारायण का गौरवर्ण श्याम हो गया। विष के प्रभाव से देवता और असुर सब पलायन कर गए। सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने आशुतोष की प्रार्थना की। क्षीरोदधि से निःसृत महाविष से रक्षा की याचना की। शिव प्रकट हुए। विष के समस्त कणों को अपनी हथेली पर धारण किया और आचमन कर उसे कण्ठ में ही धारण कर लिया। संसार के प्राणियों के 'पाश' भी यही कल्मष हैं, शिवकृपा से प्राणिमात्र के कष्ट, पीड़ा, यंत्रणा दूर होते हैं। भक्त कवि अप्पर अपने लीलाधर की स्तुति करते हुए कहते हैं –

(i) *पान किया इसी प्रभु ने*
समुद्र-मंथन में उत्थित
ज्वालामय हलाहल का जगत् त्राण के हित। (4-8-9)

(ii) *वलयित कर उरग से मंद्राचल को*
मंथन किया असुरों के संग अमरगण ने
उथल-पुथल से शब्दायमान हुआ क्षीरसागर
सहसा प्रकट हुआ ज्वालामय हलाहल
पान किया शंकर ने अमृत मानकर। ..... (4-70-7)

(iii) *स्थापित हुआ मंद्राचल यज्ञवेदी में*
धृत बना उथल-पुथल करता क्षीर सागर
इंद्र से अनुष्ठित महायज्ञ में
निकला हलाहल ज्वालामय

जिसका समाधान कर
स्थापित किया निज परत्व को
महादेव ने
मेघ से टकराते तुंग वनयुत
कंडिल धाम के प्रभु ने। (4-28-5)

(iv) समुद्र से निकले हलाहल को निगलने के बाद
जिसका कुछ न बिगड़ा
उस नीलकंठ के आश्रित का
क्या बिगड़ेगा – यदि आकाश टूट जाए
भारी भूकंप मच जाए .... । (4-112-8)

'गरलपायी नीलकंठ' (6-32-5); *'पान किया नीलकंठ ने तुमुल सागर से उत्थित गरल का'* (6-46-6); *'नील नीलिभ है सुंदरेश का कंठदेश, सागर-निर्गत हलाहल के पान से'* (6-75-1); *'नीलकंठ प्रभु का प्रियधाम है कांचीपुरी'* (6-83-9); *'पान किया था सागर-निर्गत हलाहल को, नील-नीलिभ कंठ के ऊपर; मणि सम भासित ज्योति को देखा मैंने'* (6-84-9) *'पुराकाल में अनल-निभ गरल पीकर परित्राण किये सप्तलोक'* आदि संदर्भों से अप्पर का इस कथा के प्रति आग्रह स्पष्ट है।

शिव के प्रति विष्णु की भक्ति

शिव के प्रति महाविष्णु का भक्ति-भाव वर्णित करते हुए अप्पर ने एक प्रसिद्ध कथा का उल्लेख किया है –

संकल्प था सहस्र कमल समर्पित करने का,
सहसा न्यून हो गया एक कमल
निकाल लिया विष्णु ने निज नयन-कमल
और चढ़ा दिया प्रभु-चरणों में
अति प्रसन्न हुए तात परमेश्वर
प्रदान किया विष्णु को सुदर्शन-चक्र। (4-14-10)

यही कथा एक अन्य पद में भी वर्णित है। यह पद कुरुक्कै

वीरट्टानम् में गाया गया। (4-49-5) विष्णु द्वारा अपने नयन को पूजा के लिए समर्पित करने की कथा कई रूपों में भारतीय साहित्य में वर्णित हुई है। निराला के 'राम' रावण के विरुद्ध युद्ध में विजय प्राप्त करने के लक्ष्य से शक्ति की आराधना करते हैं। पर्वत के रूप में उस शक्ति की कल्पना है जिसके चरणों में गर्जित समुद्र सिंह का प्रतीक है। सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' 'राम की शक्तिपूजा' में दैवी विरोध और संघर्ष पर व्यक्ति की विजय का आलेख लिखते हैं। 'मातः, दशभुजा, विश्व-ज्योति' के प्रति पूजा में एक सौ आठ कमलों में से अंतिम कमल दुर्गा छिपकर 'हँस उठा ले गई पूजा का इंदीवर'। राम को उपाय सूझता है –

"यह है उपाय" कह उठे राम ज्यों मन्द्रित घन –
कहती थीं माता मुझे सदा राजीव नयन !
दो नील-कमल हैं शेष अभी, यह पुरश्चरण
पूरा करता हूँ देकर मातः एक नयन।"

पुष्पदन्त विरचित 'शिव महिम्नः स्तोत्र' मे भी विष्णु द्वारा एक सहस्त्र कमलों द्वारा पूजन करने और एक अंतिम कमल लुप्त होने पर स्वनेत्र अर्पित करने का वर्णन है–

हरिस्ते साहस्त्रं कमल बलिमाधाय पदयो –
र्यदेकोने तस्मिन् निजमुदहरन्नेत्रकलम्। .... (19)

मूलतः पौराणिक गाथाओं को आत्मसात करके काव्य में उनका प्रयोग तेवारम ग्रंथों में प्रायः सभी प्रमुख कवियों ने किया है। यही दृष्टि आळ्वारों के साहित्य में भी स्पष्ट दिखाई देती है।

प्रकृति

अप्पर ने सारी सृष्टि में ईश्वरीय ज्योति के ही दर्शन किए हैं। प्रकृति की समस्त विशालता, सुरम्यता, भयंकरता अथवा प्राकृतिक घटना-क्रम 'शिव' का ही रूप हैं अतः नदी का प्रवाह, सागर की

उच्छल तरंगें, सुगंधित पुष्प सब में उसकी ही छटा के दर्शन हैं। वीरट्टम् के स्थल पर अप्पर वर्णन करते हैं –

शुभ्र खड्गों के संघट्टन-सम
नदी लहरों में हो रहा अद्‌भुत संघर्ष
निद्रालीन है राजहंस
लोरी गा रहा है
हरीतिमा का अशन करता अलिकुल
चंवर डुलाती है कॅडिल नदी
क्या ही सुभग सौंदर्य है
प्रभु के प्रिय धाम 'वीरट्टम्' का। (4-104-1)

यहाँ कॅडिल नदी द्वारा चंवर डुलाने में जो सहज मानवीकरण है और 'निद्रालीन राजहंस' में जो ईश्वरीय शांति की झलक है वह असाधारण ही कही जाएगी।

कुरंगाडुतुरै *'विकसित सुमन गुच्छ युत उपवन वलयित'* है। (6-63-2) पुत्तूर में *'अरिशिल नदी का तट जल वीचियों के संग आ जुटी मुक्ता-मणि राशि से शोभित'* है। तिरुवल्लम्पुरम् धाम में कवि का मन प्रकृति के विविध रूपों पर रम गया है; वर्णन में भी सूक्ष्मता और विस्तार दोनों का सामंजस्य हुआ है–

दिव्य है, रमणीय है 'तिरुवलम्पुरम्' धाम
पूरित है परिसर विविध जलाशयों से
कलित हैं जिनमें कमल कुमुद
मंदार कदम्ब के सुरभित सुमन
लहलहाती हैं केदार में धान की बालियाँ
अहाते और वीथियाँ भरे हैं नाना तरुओं से
नारिकेल, कदली, आम और कटहल से
मधुर फल खाकर न अघाता खगकुल
चहचहाता, सुखाता है निज पंख
आनन्द का अमृतमय स्थान है
'वलम्पुरीश' का दिव्य धाम। (4-55-8)

स्कन्द, षण्मुख, मुरुगन

तिरुमूलर ने 'चण्मुगम्'– षण्मुख को शिव का ही रूप माना है–

पिता परमेश्वर के अग्निमय नेत्र से
निर्गत हुए छह स्फुलिंग, जन्म हुआ षण्मुख का,
पिता-पुत्र शिव और स्कन्द अभिन्न रूप में स्थित हैं
पिता-पुत्र को एकाकार समझ लो। (मंत्र-संख्या–1026)

अप्पर ने तिरुवदिगै वीराट्टम् धाम में शिव-चरणों की स्तुति करने वालों में *'अंजलिबद्ध कार्तिकेय से प्रपूजित चरण'* (6-6-1) द्वारा स्कंद को स्मरण किया। *'पूवण्णम् के अधीश'* का वर्णन करते हुए उन्होंने *'द्वादश भुजाओं वाले कुमार कार्तिकेय'* (6-18-4) का भी उल्लेख किया है। इसी भांति श्वेतारण्य में विराजे सुन्दरेश को *'वल्ली के स्वामी स्कंद के प्रिय तात'* कहा है। (6-23-4) *'कुमार कार्तिकेय के तात'* के रूप में शिव के तिरुवीऴिमिऴलै धाम में स्मरण किया है। पुळ्ळिरुक्कुवेकूर में प्रतिष्ठित शिव का वर्णन करते हुए अप्पर ने गाया –

जहाँ प्रभु को प्रसन्न किया अर्चन, आराघन से
जटायु ने ऋग्वेद ने, और स्वयं स्कंद ने .... (6-54-8)

यही भाव वैदीश्वर के दिव्य-धाम के संदर्भ में भी आया है। (5-79-1) वेल आयुधधारी कुमार द्वारा शुरपद्म असुर को समरांगण में धराशायी करने का वर्णन 'कोळम्ब' नामक स्थल में सुंदरेश की स्तुति के संदर्भ में आया है। (5-64-10) अप्पर युग के उपरान्त स्कन्द का जीवन और साहित्य में विकास होता रहा। शनैः शनैः तमिल भाषा के आदि प्रवर्तक के रूप में सौन्दर्य की प्रतिमूर्ति, प्रेमी और योद्धा 'मुरुगन' विजय, गति और परिवर्तन के प्रतीक बन गए।

आर्द्रा-उत्सव

अप्पर के युग में तिरुवारूर में त्यागेश के आर्द्रा उत्सव का विशिष्ट महत्त्व था। तीन पदों में कवि ने अनुपम, अवर्णनीय, भव्य

शोभायात्रा का वर्णन किया है। अगणित भक्तजन और रमणियाँ मणि-रत्न-स्वर्ण से समलंकृत मोतियों के विमान के तले उत्सव नायक को घेरकर चामर डुलाते। ज्ञानी, तपस्वी और व्रतधारी उनका अनुगमन करते। (4-21-1) वर्णन दूसरा रूप लेता है –

समलंकृत है आरूर की वीथियाँ
धवल ध्वजों से, वर्ण-वर्ण के वितानों से,
त्यागेश प्रभु शोभायात्रा में हैं
ज्योति बिखेरते हुए प्रज्वलित हैं
महार्घ मणिरत्न के संग
उत्कृष्ट प्रवाल एवं मुक्ता के हार भी
अवर्णनीय है आर्द्रा उत्सव
आदिदेव महादेव त्यागेश का। (4-21-3)

लोग समस्त अचरथल और चलित समुद्र, पुर-ग्राम के एक मात्र नायक को आर्द्रा-उत्सव काल में विनयपूर्वक नमन करते हैं। ईश के स्तुति-गीत, नृत्य आदि द्वारा उत्सव में शिवलीला का आनन्द मनाया जाता था। (4-21-10)

पूजा विधि

वह प्रभु मुक्ता-मणि राशि है, द्युतिमय कनक है, प्रवाल-गुच्छ का जाज्वल्यमान हीरक है। (4-74-1) उसे प्राप्त करने की, उसकी पूजा-अर्चना की विधि क्या हो ? भक्त-हृदय का यह एक स्वाभाविक प्रश्न है। अप्पर इसका उत्तर इन शब्दों में देते हैं –

किये बिना अभिषेक प्रभु का
पुण्यमयी कावेरी के सलिल से, दुग्ध, मधु आदि से,
किये बिना अलंकार, अर्चन, आराधन
चंदन-कुंकुम से, सुमनों से, स्तुति गीतों से,
समर्पित कर कमल-चरण-युगल पर
नयनों के तारे प्रभु का दर्शन किये बिना

व्यर्थ गँवा कर बहुमूल्य समय
क्या पाया सेवक ने इस जीवन में ? (4-75-1)

वह आश्रयदाताओं में अग्रगण्य है; त्रिदेवों का भी आदिपुरुष है; उस ज्योतिर्मय को, वेदागमों में प्रशंसित अनाथ-रक्षक को प्राप्त करने का मार्ग बताते हुए अप्पर कहते हैं –

जो पुकारते हैं आर्द्र चित्त से हृदय पसीज-पसीज कर
प्रभु सुनते हैं ध्रुव ही वह आर्त पुकार
और उबारते हैं संकट से,
सच्चा सहारा बनकर .... । (4-70-1)

वह सच्चिदानंद प्रभु काष्ठ में वह्नि-सम और दुग्ध में घृत सम अंतर्निहित है। महामणि में ज्योति के प्रकाश के समान व्याप्त उस शिव को प्राप्त करने का एक सरल मार्ग है –

अंतर्यामी है प्रभु परमेश्वर
प्रेम के डंडे पर बाँधें चेतना का डोर
मंथन करें धैर्य से दृढ़ता से
प्रत्यक्ष होगा प्रभु नवनीत सम। (5-90-10)

मुख से प्रेम-पूर्वक पंचाक्षर मंत्र का जाप, अर्पण के लिए सुमन, अभिषेक के लिए पवित्र जल उस जटाजूट परमेश्वर का अनुग्रह प्राप्त करने के लिए पर्याप्त है। '*जान सकते हैं जो प्रभु को प्रेम से अनुराग से, जानते वही हैं;* (5-80-3) (5-91-6)) '*स्मरण करो विमल मन से*'; (5-56-8) '*रमते हैं अनुरक्त भक्तों के मानस में*'; (6-84-1) '*ध्यान करने वाले साधकों के हृदय में मधुरिम होते हैं* (6-87-1) '*रमते हैं प्रभु निष्कपट साधकों के हृदय में*'; (6-88-8) '*नित्यवास करते हैं अनुरक्त भक्त-मानस पर*' आदि कथनों से प्रभु के प्रति अनन्य भक्ति और हृदय की पवित्रता को ही प्रभु-प्राप्ति का प्रमुख मार्ग माना गया है। वह आद्यन्त-विहीन ज्योतिराट् हैं –

प्रकट होते हैं प्रभु उन साधकों के ह्रदय में
जो निजकाया में आपको देखने में सक्षम हैं
जो समर्थ नहीं हैं
अंतर्यामी के दर्शन में
अति दुर्लभ हैं प्रभु उनके लिए। (5-97-29)

काव्य-सौंदर्य – एक टिप्पणी

अप्पर-काव्य में लक्ष्य निरंतर 'भक्ति' ही है पर कवि की संवेदनाएँ कुछ स्थलों पर शुद्ध काव्य की दृष्टि से भी उत्कर्ष का शिखर छू लेती हैं –

त्रुटिहीन वीणा के सुनाद-सी
सांध्य गगन की चांदनी-सी
मंद मलय समीर-सी
ग्रीष्मारम्भ की प्रथम किरण-सी
मधुप-गुंजित सरोवर-सी
मृदुल मधुरिम है आनंददायक है
तात चरणयुगल की शीतल छाया। (5-90-1)

'बुद्धि में उद्दीप्त ज्योति', 'संध्यारागसम', 'अनल सम', 'ज्योतिष्मान् है मुक्तामणि निभ', 'दीपज्योति में भासमान प्रभा', 'प्रवाल श्रृंखला की द्युति', 'कुलबुलाती मछलियाँ खेतों पर', 'विद्युल्लता सी उज्ज्वल चंद्रकला' आदि अनेकानेक उदाहरण काव्य-सौंदर्य एवं स्पष्ट और दीप्त भाषा का प्रमाण हैं। अप्पर-काव्य तद्युगीन तमिल की प्रांजल, परिमार्जित और साहित्यिक रूप का विकास है। दैनिक व्यवहार की शब्दावली, लोकजीवन में प्रचलित शब्द-समूह और मुहावरे और कवि का सूक्ष्म निरीक्षण उनके काव्य को विलक्षण बनाते हैं। कल्पना-शक्ति का विस्तार अनेक स्थलों पर हुआ है। प्रस्तुत पद में समुद्र-मंथन की कल्पना उनके चिंतन के विशाल फलक को उद्घाटित करती है –

स्थापित हुआ मंद्राचल यज्ञवेदी में
धृत बना उथल-पुथल करता क्षीर सागर
इंद्र से अनुष्ठित महायज्ञ में
निकला हलाहल ज्वालामय
जिसका समाधान कर
स्थापित किया निज परत्व को
महादेव ने
मेघ से टकराते तुंग वनयुत
कंडिल धाम के प्रभु ने। (4-28-5)

श्रीमद्भगवद्गीता (3/8) में ईश्वरीय ज्ञानयुक्त भक्त का उल्लेख है। 'ज्ञानी' पुरुष केवल कर्त्तव्य-बुद्धि से ही परमेश्वर की भक्ति करता है; यह भक्त सबसे श्रेष्ठ है। इस 'भक्त' को उपनिषद् के 'ब्रह्मस्वरूप' का अनुभव होता है। इन्द्रियगोचर शिव के विग्रह की इन्द्रियातीत, अनन्त, अव्यक्त रूप में उपासना करनेवाले अप्पर का समग्र कर्म लोकोपयोगार्थ कर्म है जो निष्काम बुद्धि से किया जाता है। अप्पर से पूर्व तिरुमूलर ने सर्वशक्तिमान ईश को विश्व का बीज-तत्त्व मानते हुए स्पष्ट किया था कि *'जो हैं विशुद्ध अंतर्–बाह्य, देखते वे सत् को यथावत्'* (मंत्र संख्या 105)। इस चिंतन को आत्मसात करने वाले भक्त अप्पर स्पष्ट करते हैं कि –

असीम कृपा से मेरे रोग-शोक, दुःख-संताप
हरण करते करुणामय को
क्षणभर भूलकर क्या उबर पाएगा
यह सेवक ? (5-4-10)

समग्रतः अप्पर-काव्य में भक्ति का उच्छल प्रवाह है; करुणामय ईश का विविध रूपों में चित्रण है, विवेचन है; सामाजिक जीवन, तद्युगीन धार्मिक संघर्ष आदि का सम्यक् उल्लेख है तथा जीवन की असारता और नश्वरता का संकेत देते हुए भ्रममय काया से मुक्ति प्राप्त करने और शिव-सन्मार्ग पर अग्रसर होने का संदेश है। अभय

होकर प्रभु के चरण-युगल पर नमन करके अक्षय सुख और आनन्द की प्राप्ति के मार्ग का परिचय है। मंदिरों के झाड़-झंखाड़, कंकर-पत्थर, मिट्टी और बालू को शारीरिक श्रम से साफ करने के मूल में जो 'सेवा' की भावना है; भक्तों के चरण-कमलों की रक्षा करने के लक्ष्य में जो विनम्रता है वह अप्पर के व्यक्तित्व में अंतर्निहित भक्ति-भावना और समर्पण का ही रूप है। मृत्यु से भय न करनेवाले, अखण्ड विश्वास और अपूर्व त्याग की भावना से सेवा-भावना के प्रतीक अप्पर के काव्य का तमिलनाडु के मंदिरों में हो रहा गायन और कोटि-कोटि भक्तों द्वारा उसका भक्ति-भावना से पाठ किया जाना इस बात का प्रमाण है कि श्रेष्ठ काव्य देश-काल की सीमाओं में आबद्ध नहीं होता।

द्वितीय खण्ड

2

तमिल शैवभक्त कवि अप्पर

तेवारम् ग्रंथों के मूल तमिल पद, देवनागरी लिप्यंतरण एवं हिन्दी भावानुवाद

(पद के बाईं ओर की संख्या प्रस्तुत ग्रंथ का क्रमांक है। पद के साथ दी गई संख्या क्रमशः तेवारम् ग्रंथ-संख्या, पदिगम्-संख्या और पद-संख्या का द्योतन करती है।)

திருச்சிற்றம்பலம்

1. கூற்றாயின வாறு விலக்ககிலீர்
கொடுமைபல செய்தன நான் அறியேன்
ஏற்றாய்அடிக் கேஇர வும்பகலும்
பிரியாது வணங்குவன் எப்பொழுதும்
தோற்றாதென் வயிற்றின் அகம்படியே
குடரோடு துடக்கி முடக்கியிட
ஆற்றேன்அடி யேன்அதி கைக்கெடில
வீரட்டா னத்துறை யம்மானே. 4.1.1

1. कूट्रायिनवाऱु विलक्कगलीऱ्
कॊडुमै पल चॆय्दन नानऱियेन्
एट्रायडिक्के इरवुम् पगलुम्
पिरियादु वणंगुवन् ऍप्पॊऴुदुम्
तोट्रादॆन् वयिट्रनगम्पडिये
कुडरोडु तुडक्कि मुडक्कियिड
आट्रेनडियेन् अदिगैक्कॆडिल
वीरट्टानत्तुऱै यम्माने। (4-1-1)

2. சலம்பூவொடு தூபம் மறந்தறியேன்
தமிழோடிசை பாடல் மறந்தறியேன்
நலந்தீங்கிலும் உன்னை மறந்தறியேன்
உன்னாமம் என்னாவில் மறந்தறியேன்
உலந்தார்தலை யிற்பலி கொண்டுழல்வாய்
உடலுள்ளுறு சூலை தவிர்த்தருளாய்
அலந்தேன்அடி யேன்அதி கைக்கெடில
வீரட்டா னத்துறை அம்மானே. 4.1.6

2. चलम्पूवॊडु तूपम् मऱन्दऱियेन्
तमिऴोडिशै पाडल् मऱन्दऱियेन्
नलन्तीङ्गिलुम् उन्नै मऱन्दऱियेन्
उन्नामम् ऍन्नाविल् मऱन्दऱियेन्
उलन्दार् तलैयिऱ् पलि कॊण्डुऴल्वाय्
उडलुळ्ळुऱु चूलै तविर्त्तरुळाय्
अलन्देन् अडियेन् अदिगैक्कॆडिल
वीरट्टानत्तुऱै अम्माने। (4-1-6)

तिरुचिट्रम्बलम्

1. दूर नहीं कर रहे हो प्रभु !
काल बनकर त्रास देते आंत्रशूल को
बोध नहीं मुझे निज पातकों का
हे वृषवाहन ! प्रणत रहूँगा
तेरे चरणों पर निशिदिन अविरत
अज्ञात रूप से साल रहा
उदर भीतर आंतड़ियों को
शूल सम यह आंत्रशूल
असहाय मैं, निरुपाय हूँ,
कॅडिल नदी तट पर
वीरट्टानम् धाम में विराजे
हे परमेश्वर ! परित्राण करो
निज दास का। (4-1-1)

2. तिरुवदिगै के कॅडिल तट पर
वीरट्टानम् में विराजे प्रभु परमेश्वर !
च्युति नहीं की इस दास ने
आपके पूजन में, अर्चन-आराधन में
भूला नहीं कभी जल, सुमन, धूप
सतत गाता हूँ सुंदर तमिल में स्तुतिगान
स्मरण करता हूँ तुम्हें सुख में, दुःख में
बिसरा नहीं तेरे दिव्यनाम का उच्चार
ब्रह्मकपाल में भिक्षाटन करते प्रभु !
दूर करो मेरे आंत्रशूल को
कलपाता है असह्य रूप से। (4-1-6)

3. போர்த்தாயங்கோ ரானையின் ஈருரிதோல்
புறங்கா டரங்காநட மாடவல்லாய்
ஆர்த்தான்அரக் கன்றனை மால்வரைக்கீழ்
அடர்த்திட்டருள் செய்த அதுகருதாய்
வேர்த்தும் புரண்டும் விழுந்தும் எழுந்தால்
என்வேதனை யான விலக்கியிடாய்
ஆர்த்தார்புனல் சூழ்அதி கைக்கெடில
வீரட்டா னத்துறை அம்மானே. 4.1.10

3. पोर्त्तायङ्को रानैयिन् ईरुरि तोल्
पुरङ्काडरङ्गा नडमाड वल्लाय्
आर्त्तान् अरक्कन्ऱनै माल्वरैक्कीऴ्
अडर्त्तिट्टरुळ् चॆय्द अदु करुदाय्
वेर्त्तुम् पुरण्डुम् विऴुन्दुम् एऴुन्दाल्
ऍन् वेदनैयान विलक्कियिडाय्
आर्त्तार् पुनल्चूऴ् अदिकैक्कॆडिल
वीरट्टानत्तुऱै अम्माने। (4-1-10)

4. சுண்ணவெண் சந்தனச் சாந்துஞ் சுடர்த்திங்கட்
சூளாமணியும்
வண்ண உரிவை யுடையும் வளரும் பவள நிறமும்
அண்ண லரண்முர ணேறும் அகலம் வளாய அரவும்
திண்ணன் கெடிலப் புனலு முடையா ரொருவர்
தமர்நாம்
அஞ்சுவதி யாதொன்று மில்லை அஞ்ச வருவது
மில்லை. 4.2.1

4. चुण्ण वॆण् चन्दनच् चान्दुम् चुडर्त्तिङ्गळ् चूळामणियुम्
वण्ण उरिवै युडैयुम् वळरुम् पवळ निऱमुम्
अण्णलरण् मुरणेऱुम् अगलम् वळाय अरवुम्
तिण्णन् कॆडिलप्पुनलुडैयार् ऒरुवर् तमर् नाम्
अंजुवदि यादॊन्ऱुमिल्लै अंज वरुवदुमिल्लै। (4-2-1)

3. कलकल नाद से युत
जल-प्रवाह से वलयित तिरुवदिगै में (दक्ष-यज्ञ के अवसर पर)
पहन लिया चीरकर मत्तगज का चर्म
नृत्य करने में समर्थ हो
श्मशान को बनाकर रंगमंच।
स्मरण है प्रभु ?
एकदा विकट अट्टहास के साथ
उठाया कैलास गिरि को रावण ने
दंडित किया तुमने दबाकर बीसों स्कंध
फिर प्रसन्न होकर सामगान से
अनुगृहीत किया रक्षराज को
आज विचार नहीं कर रहे हो अपनी असीम कृपा का
पसीने में तर होकर लुढ़क रहा भुवि पर
उठकर तड़पता गिर रहा मैं, असहाय हूँ
कॅडिल तट के वीरट्टानम् में विराजे
परमेश्वर ! परित्राण करो निज दास का। (4-1-10)

4. धवल भस्म है सकल देह पर
शोभित है प्रभु शीर्ष पर
धवल किरण-युत चन्द्र
चूडामणि सम शोभित है वपु पर
गज चर्म का चीर
प्रवाल सम है देह-कांति
रक्षक है अमित पराक्रमी वृष
वक्ष पर डोलायमान काल सर्प;
मंगल करने में सुदृढ़ कॅडिल नदी के अधीश के
हम बंधु हैं, परिजन हैं, दास हैं
कुछ भी नहीं है यहाँ
जो हमें भयभीत कर सके। (4-2-1)

5. கொலைவரி வேங்கை யதளுங் குவவோ டிலங்குபொற்
றோடும்
விலைபெறு சங்கக் குழையும் விலையில் கபாலக்
கலனும்
மலைமகள் கைக்கொண்ட மார்பும் மணியார்ந் திலங்கு
மிறும்
உலவு கெடிலப் புனலு முடையா ரொருவர் தமர்நாம்
அஞ்சுவதி யாதொன்று மில்லை அஞ்ச வருவது
மில்லை. 4.2.7

5. कॊलैवरि वेङ्गै यदळुम् कुववोडिलंगु पॊट्रोडुम्
विलैपॆरु शंकक्कुळैयुम् विलैयिल् कपालक्कलनुम्
मलैमगळ् कैक्कॊण्ड मार्बुम् मणियार्न्दिलंगु मिडरुम्
उलवु कॆडिलप्पुनलुडैयार् ऒरुवर् तमर् नाम्
अंजुवदि यादॊन्रु मिल्लै अंजवरुवदुमिल्लै । (4-2-7)

6. மாதர்ப் பிறைக்கண்ணி யானை மலையான்
மகளொடும் பாடிப்
போதொடு நீர்சுமந் தேத்திப் புகுவா ரவர்பின் புகுவேன்
யாதுஞ் சுவடு படாமல் ஐயா றடைகின்ற போது
காதன் மடப்பிடி யோடுங் களிறு வருவன கண்டேன்
கண்டே னவர்திருப் பாதங் கண்டறி யாதன
கண்டேன். 4.3.1

6. मादर्प् पिरैक्कण्णियानै मलैयान् मगळॊडुम् पाडि
पोदॊडु नीर् चुमन्देत्तिप् पुगुवारवर् पिन् पुगुवेन्
यादुम् चुवडु पडामल् ऐयारडैगिन्र पोदु
कादन् मडप्पिडियोडुम् कळिरु वरुवन कण्डेन्
कण्डेनवर् तिरुप्पादम् कण्डरियादन कण्डेन् ।
(4-3-1)

5. शोभित है कटितट पर
हत्यालोलुप व्याघ्र का चर्म
हृष्ट-पुष्ट स्कंधों के ऊपर
विलसित है कनक-रचित कर्णाभरण
बहुमूल्य शंख का मकर-कुंडल भी
करतल पर है 'अमूल्य' कपाल
गिरिजा से स्वांगीकृत वक्ष देश
नीलमणि निभ शोभायमान है कंठ देश
ऐसी महिमाओं से युत
कंडिल-अधिप के
हम बंधु-परिजन-दास हैं
कुछ भी नहीं है यहाँ
जो हमें भयभीत कर सके। (4-2-7)

6. स्तुतिगान करती बढ़ रही भक्त-मंडली
पर्वत राजकुमारी के संग विलसते
कमनीय चंद्रकलाधर परमेश्वर का
हो रहा स्तवन भक्तिभाव से
करतल पर लेकर सुमन-सलिल
अनुगमन किया मैंने
पुण्यशील भक्त-वृंद का
खोकर देहबोध, तत्त्वबोध, निजबोध
जब पहुँचा तिरुवैयारु के दिव्यधाम में
देखा मैंने –
करिणी संग मत्त मतंग एक युगल
देखा मैंने प्रभु का पावन चरण युगल
देखा मैंने वह सब
जो देखने को नहीं मिला कभी भी। (4-3-1)

7. திங்கள் மதிக்கண்ணி யானைத் தேமொழி யாளொடும்
பாடி
எங்கருள் நல்குங்கொ லெந்தை யெனக்கினி யென்னா
வருவேன்
அங்கிள மங்கைய ராடும் ஐயா றடைகின்ற போது
பைங்கிளி பேடையொ டாடிப் பறந்து வருவன
கண்டேன்
கண்டே னவர்திருப் பாதங் கண்டறி யாதன
கண்டேன். 4.3.10

7. तिङ्गळ् मदिक्कण्णियानैत् तेमॊऴियाळॊडुम् पाडि
ऍङ्करुळ् नल्गुम् कॊल् ऍन्दै एनक्किनि यॆन्ना वरुवेन्
अङ्किळ मंगैयराडुम् ऐयाऱडैकिन्ऱ पोदु
पैङ्किळि पेडैयोडाडिप् परन्दु वरुवन कण्डेन्
कण्डेन् तिरुप्पादम् कण्डऱियादन कण्डेन् ।
(4-3-10)

8. வளர்மதிக் கண்ணியி னானை வார்குழ லாளொடும்
பாடிக்
களவு படாததொர் காலங் காண்பான் கடைக்கணிற்
கின்றேன்
அளவு படாததொ ரன்போ டையா றடைகின்ற போது
இளமண நாகு தழுவி யேறு வருவன கண்டேன்
கண்டே னவர்திருப் பாதங் கண்டறி யாதன
கண்டேன். 4.3.11

8. वळर्मदिक् कण्णियिनानै वार्कुऴलाळॊडुम् पाडिक्
कळवु पडाददॊर् कालम् काण्बान् कडैक्कणिक्किन्ऱेन्
अळवु पडाददोरन्बोडु ऐयाऱडैगिन्ऱपोदु
इळमण नागु तऴुवि एऱु वरुवन कण्डेन्
कण्डेनवर् तिरुप्पादम् कण्डऱियादन कण्डेन् । (4-3-11)

7. गतिशील थे पग गांव नगर में
जिह्वा में यशोगान,
चंद्रकलाधर के संग मंजुल मधुबैनी का;
मन में था क्रंदन –
कब होगा दर्शन प्रभु का ? कहाँ मिलेगा अनुग्रह –
ज्यों ही पहुंचा मैं तिरुवैयारु
देखा पग घुंघरू बांध नाच रही थीं कन्याएँ
अहा ! उड़ता उड़ता आया
पंचरंगी शुक अपनी प्रिया के संग
जो देखा अद्भुत, अनोखा था
कभी न देखा जीवन में ! (4-3-10)

8. वर्धमान चन्द्रकलाधर प्रभु का
नीलकुंतला देवी के संग
स्तवन करते हुए मैं द्वार पर
उस पुण्यमय क्षण के लिए प्रतीक्षारत हूँ !
उस महार्ध क्षण की प्रतीक्षा में
जो लौकिकता के चौर्य से अछूता हो
सही अर्थ में महाकाल का क्षण हो;
पहुँचा मैं तिरुवैयारू के दिव्यधाम में
देखा मैंने –
सुरभित गौ को आश्लेष करता वृषभ,
देखा मैंने प्रभु का चरण युगल
देखा मैंने वह सब
जो देखने को नहीं मिला कभी भी ! (4-3-11)

9. பாடிளம் பூதத்தி னானும் பவளச்செவ் வாய்வண்ணத் தானும்
கூடிள மென்முலை யாளைக் கூடிய கோலத்தினானும்
ஓடிள வெண்பிறை யானும் ஒளிதிகழ் சூலத்தி னானும்
ஆடிளம் பாம்பசைத் தானு மாரூ ரமர்ந்தவம் மானே.
4.4.1

9. पाडिळम् पूदत्तिनानुम् पवळच्चॆव्वाय् वण्णत्तानुम्
कूडिळ मॆन्मुलैयाळैक् कूडिय कोलत्तिनानुम्
ओडिळ वॆण्पिऱैयानुम् ऒळितिगऴ् शूलत्तिनानुम्
आडिळम् पाम्बशैत्तानुम् आरूरमर्न्द वम्माने। (4-4-1)

10. நரியைக் குதிரைசெய் வானும் நரகரைத் தேவுசெய் வானும்
விரதங்கொண் டாடவல் லானும் விச்சின்றி நாறுசெய் வானும்
முரசதிர்ந் தானைமுன் னோட முன்பணிந் தன்பர்க ளேத்த
அரவரைச் சாத்திநின் றானு மாரூ ரமர்ந்தவம் மானே.
4.4.2

10. नरियैक्कुदिरै शॆय्वानुम् नरकरैत् तेवु शॆय्वानुम्
विरदम् कॊण्डाडवल्लानुम् विच्चिन्ऱि नाऱु शॆय्वानुम्
मुरशदिर्न्दानै मुन्नोड मुन्पणिन्दन्बर्गळेत्त
अरवरैच् चत्ति निन्ऱानुम् आरूरमर्न्द वम्माने। (4-4-2)

9. ताल-लय में गा रहे हैं भूतगण
अरुणिम अधर प्रवाल-तुल्य है
संग में है कोमलांगी गिरिजा
विलसित है धवल चंद्र शीर्ष पर
तेजोद्दीप्त है त्रिशूल
अंग-अंग पर पन्नग भूषण
ऐसी भंगिमा में
विराजे हैं प्रभु परमेश्वर
तिरुवारूर के दिव्यधाम में ! (4-4-1)

10. शृगाल को अश्व बनाने में,
नरक वासियों को देव बनाने में,
बीज बिन अंकुर के सृजन में
समर्थ है तिरुवारूर में
विराजे त्यागराज-प्रभु;
प्रसन्न होकर तप-व्रत से
बरसाता है वरदान आशुतोष
त्यागराज के मुरज के संग
शोभायात्रा में आगे है हाथी
प्रणत हैं भक्तगण
पन्नगभूषण त्यागेश के सामने। (4-4-2)

11. பையஞ் சுடர்விடு நாகப் பள்ளிகொள்வா னுள்ளத்
தானும்
கையஞ்சு நான்குடை யானைக் கால்விர லாலடர்த்
தானும்
பொய்யஞ்சி வாய்மைகள் பேசிப் புகழ் புரிந்தார்க்கருள்
செய்யும்
ஐயஞ்சி னப்புறத் தானு மாரூ ரமர்ந்தவம் மானே.
(4.4.10)

11. पैयञ् चुडर्विडु नागप्पळ्ळि कॉळ्वान् उळ्ळत्तानुम्
कैयंजु नान्गुडैयानैळ् काल्विरलाल् अडर्त्तानुम्
पॉय्यंजि वाय्मैगळ् पेशिप् पुगळ्पुरिन्दार्क्कु अरुळ्
शॅय्युम्
ऐयंजिनप्पुऱत्तानुम् आरूरमर्न्द वम्माने। (4-4-10)

12. மெய்யெலாம் வெண்ணீறு சண்ணித்த மேனியான்
தாள்தொ ழாதே
உய்யலா மென்றெண்ணி யுறிதூக்கி யுழிதந்தென்
னுள்ளம் விட்டுக்
கொய்யுலா மலர்ச்சோலை குயில்கூவ மயிலாலு
மாரூ ரரைக்
கையினாற் றொழா தொழிந்து கனியிருக்கக் காய்கவர்ந்த
கள்வ னேனே. 4.5.1

12. मॅय्यॅलाम् वॅण्णीऱु सण्णित्त मेनियान्
ताळ् तॉळादे
उय्यलामॅन्ऱॅण्णि उऱितूक्कि उळि तन्दॅन्
उळ्ळम् विट्टुक्
कॉय्युला मलच्चोलै कुयिल् कूव मयिलालुम्
आरूरैक्
कैयिनाल् तॉळादॉळिन्दु कनियिरुक्कक् कायकवर्न्द
कळ्वनेने। (4-5-1)

11. महागरल के संग मणियों से भासित
पन्नग है जिस की शय्या
उस महाविष्णु के हृदयदेश में
विराजे हैं महेश्वर आरूर में
एकदा कैलास में जिन्होंने
दबा दिया बीस भुजा के दशमुख को
निज पादांगुष्ठ से
जो वर्षित करते हैं वरदान
निज भक्तों पर
जो डरते हैं असत्य से,
चलते हैं सत्य मार्ग पर,
स्तवन करते हैं निरंतर
तत्त्वातीत होने पर भी
इह-पर सौख्य देते हैं भक्तजन को। (4-4-10)

12. भस्म की धवल कांति में
शोभायमान परमेश्वर के
चरण युगल पर नमन किये बिना ही
उद्धार पा लूँगा यह विचार कर
मन लगाया व्यर्थ के काम में,
ज्यों भजन करना भूलकर
ओटते हैं कपास,
तिरुवारूर का कुसुमित कानन
पूरित था पिक-कूजन से, मयूर-नर्तन से
पराङ्मुख मैं चलता रहा
त्यागेश के चरण गहे बिना
हाय ! मैं ऐसा चोर निकला
जो पक्व फल के रहते
टूट पड़ता है कच्चे फल पर। (4-5-1)

13. மறுத்தானொர் வல்லரக்க னீரைந்து முடியினொடு
தோளுந் தாளும்
இறுத்தானையெழின் முளரித்தவிசின்மிசை
யிருந்தான்றன்
தலையி லொன்றை
அறுத்தானை யாரூரி லம்மானை யாலால
முண்டு கண்டம்
கறுத்தானைக் கருதாதே கரும்பிருக்க இரும்புகடித்
தெய்த்த வாறே. 4.5.10

13. मऱुत्तानोर् वल्लरक्कन् ईरैन्दु मुडियिनोडु
तोळुम् ताळुम्
इऱुत्तानै ऍऴिल् मुळरित्तविसिन् मिसै इरुन्दान्ऱन्
तलैयिलोन्ऱै
अरुत्तानै आरूरिलम्मानै आलाल
मुण्डु कण्डम्
करुत्तानैक् करुदादे करुम्बिरुक्क इरुम्बु कडित्तु
ऍय्त्तवाऱे । (4-5-10)

14. கரவாடும் வன்னெஞ்சர்க் கரியானைக் கரவார்பால்
விரவாடும் பெருமானை விடையேறும் வித்தகனை
அரவாடச் சடைதாழ வங்கையினி லனலேந்தி
இரவாடும் பெருமானை யென்மனத்தே வைத்தேனே.
4.7.1

14. करवाडुम् वन्नॆञ्जर्क्करियानैक् करवार् पाल्
विरवाडुम् पॆरुमानै विडैयेऱुम् वित्तगनै
अरवाडच् चडैताऴ अङ्गैयिल् अनलेन्दि
इरवाडुम् पॆरुमानै ऍन् मनत्ते वैत्तेने । (4-7-1)

13. (नन्दिदेव द्वारा)
रोकने पर भी कर दिया दुःसाहस
जब धृष्ट राक्षस ने,
दर्प-दलन किया प्रभु ने
दबाकर दशमुख के कंधे और पाँव
काट लिया फिर
कमल पर विराजे विरिंचि का एक सिर,
कंठदेश बन गया नील
हलाहल के पान से
ऐसे महिमामय प्रभु का,
तिरुवारूर के अधीश का
ध्यान न करना कुछ ऐसी मूर्खता है
जैसे गन्ने के रहते
कोई चबाने चले काले लोहे को। (4-5-10)

14. अति दुर्लभ है प्रभु उनके लिए
जो कठिन-चित्त छिपाते हैं उनसे निज मन को
(और लौकिकता में निमग्न वे)
चौर्य में लगे हैं !
अति सुलभ है प्रभु उनके लिए
जिनका विमल हृदय आवास योग्य है ईश के लिए
सहज स्नेह बरसाता है ऐसे जनों पर !
अतः स्थापित कर लिया मैंने ईश को निज मन में
नर्तन करता है निशि के एकांत में, केवलावस्था में
वृषवाहन ज्ञानस्वरूप प्रभु !
संग में डोलते पन्नग हैं जटाएँ हो रहीं शिथिल
करतल पर सोहे प्रोज्ज्वल अनल ! (4-7-1)

15. ஆகம்பத் தரவணையா னயனறிதற் கரியானைப்
பாகம்பெண் ணாண்பாக மாய்நின்ற பசுபதியை
மாகம்ப மறையோது மிறையானை மதிற்கச்சி
யேகம்ப மேயானை யென்மனத்தே வைத்தேனே. 4.7.9

15. आगम्बत्तरवणैयान् अयनरिदर्करियानै
पागम् पॅण्णाण् पागमाय् निन्ऱ् पशुपतियै
माकम्प मऱैयोदुम् इऱैयानै मदिर्कच्चि
एकम्ब मेयानै ऍन्मनत्ते वैत्तेने। (4-7-9)

16. அடுத்தானை யுரித்தானை யருச்சுனற்குப் பாசுபதம்
கொடுத்தானைக் குலவரையே சிலையாகக் கூரம்பு
தொடுத்தானைப் புரமெரியச் சுனைமல்கு கயிலாயம்
எடுத்தானைத் தடுத்தானை யென்மனத்தே
வைத்தேனே. 4.7.10

16. अडुत्तानै युरित्तानै अरुच्चुनर्कुप् पाशुपतम्
कॉडुत्तानैक् कुलवरैये शिलैयागक् कूरम्बु
तॉडुत्तानैप् पुरमॅरियच् चुनैमल्गु कयिलायम्
ऍडुत्तानैत् तडुत्तानै ऍन् मनत्ते वैत्तेने। (4-7-10)

15. स्थापित कर लिया मैंने उन
देवाधिदेव महादेव को निज मन में
जो सर्वथा अज्ञेय है
दशावतारी विष्णु के लिए और विरिंचि के लिए,
जिसने समभाग दिया नारी को
अर्धनारीश्वर वह पशुपति है,
घन गंभीर गिरा में करता वेदगान है
विलसित है प्रभु वह
कांची के तुंग प्राचीर के भीतर
एकाम्रनाथ के रूप में। (4-7-9)

16. स्थापित कर लिया मैंने निज मन में
परमेश्वर को, जिसने
उद्धार करके मुझे स्वीकार किया दास रूप में !
चीर डाला चर्म आक्रामक हस्ती का
प्रदान किया पाशुपत पार्थ को
मेरु को धनुष बनाकर
संधान किया तीक्ष्ण शर
जिससे धू-धू कर जल उठे त्रिपुर,
महिमामय ईश विराजे हैं कैलास में
विलसित है जो पावन 'मानस' से। (4-7-10)

17. மலைமடமங்கையோடும் வடகங்கைநங்கை
மணவாளராகி மகிழ்வர்
தலைகலனாகவுண்டு தனியேதிரிந்து
தவவாணராகி முயல்வர்
விலையிலிசாந்தமென்று வெறிநீறுபூசி
விளையாடும்வேட விகிர்தர்
அலைகடல்வெள்ளமுற்று மலறக்கடைந்த
வழனஞ்சமுண்ட வவரே. 4.8.9

17. मलै मडमङ्गैयोडुम् वडगंगैनंगै
मणवाळरागि मगिऴ्वर्
तलैकलनाग उण्डु तनिये तिरिन्दु
तव वाणरागि मुयल्वर्
विलैयिलि चान्दमॆन्ऱु वॆऱिनीऱुपूशि
विळैयाडुम् वेड विकिर्दर्
अलैकडल् वॆळ्ळमुट्ऱु मलऱक्कडैन्द
अऴनञ्जमुण्ड ववरे। (4-8-9)

18. தலையே நீவணங்காய் — தலை
மாலை தலைக்கணிந்து
தலையா லேபலி தேருந் தலைவனைத்
தலையே நீவணங்காய். (4.9.1)

18. तलैये नी वणङ्गाय् — तलै
मालै तलैक्कणिन्दु
तलैयाले बलि तेरुम् तलैवनै
तलैये नी वणङ्गाय्। (4-9-1)

17. शक्तिरूपिणी पर्वतनंदिनी के संग,
उत्तर गंगा तरंगिणी को भी
मुदिर करते हैं सुंदरेश प्रभु
प्रिय नाथ के रूप में।
करतल पर लेकर कपाल
भिक्षाटन पर निकलते हैं
घूमते हैं कांतार के एकांत में
तपोधनों को अनुगृहीत करते हुए
अमूल्य अंगराग सम
महकते विभूत का लेपन कर
आनंद नृत्य करते प्रभु
विविध रूपधारी लीलाधर हैं
पान किया इसी प्रभु ने
समुद्र-मथन में उत्थित
ज्वालामय हलाहल का जगत् त्राण के हित। (4-8-9)

18. नमन करो मेरे शिर !
कपाल-मालाधर प्रभु को
जो भिक्षाटन करते हैं
कपाल में;
नमन करो मेरे शिर
अनायकैक नायक को। (4-9-1)

19. கண்காள் காண்மின்களோ — கடல்
நஞ்சுண்ட கண்டன்றன்னை
எண்டோள் வீசிநின் றாடும்பி ரான்றன்னைக்
கண்காள் காண்மின்களோ. 4.9.2

19. कण्गाळ् काण्मिन्गळो — कडल्
नंजुण्ड कण्डन् तन्नै
एण्डोळ् वीशि निन्ऱाडुम् पिरान्ऱन्नैक्
कण्गाळ् काण्मिन्गळो। (4-9-2)

20. நெஞ்சே நீநினையாய் — நிமிர்
புன்சடை நின்மலனை
மஞ்சா டும்மலை மங்கைம ணாளனை
நெஞ்சே நீநினையாய். 4.9.6

20. नॆञ्जे नी निनैयाय् — निमिर्
पुन्चडै निन्मलनै
मंजाडुम् मलैमङ्गै मणाळनै
नॆञ्जे नी निनैयाय्। (4-9-6)

21. கால்க ளாற்பயனென் — கறைக்
கண்ட னுறைகோயில்
கோலக் கோபுரக் கோகர ணஞ்சூழாக்
கால்க ளாற்பயனென். 4.9.9

21. काल्गळार् पयनॆन् — कऱैक्
कण्डनुऱै कोयिल्
कोलक् कोपुरक् कोगरणम् चूऴाक्
काल्गळार् पयनॆन्। (4-9-9)

19. दर्शन करो मेरे नयन !
क्षीर सागर से समुत्थित
हलाहल पायी नीलकंठ के,
दर्शन करो नटराज के,
दिशिदिशि वीजित हैं
अष्टभुजाएँ जिनकी
दर्शन करो मेरे नयन ! (4-9-2)

20. चिंतन करो मेरे हृदय !
समुन्नत स्वर्णिम जटाजूट
निर्मल का
चिंतन करो मेरे हृदय !
हिमगिरि तनया के
प्राणनाथ का। (4-9-6)

21. इन चरणों से क्या लाभ
जो नहीं करते परिक्रमा
प्रभु नीलकंठ के मंदिर की
तुंग गोपुर युत
दिव्य गोकर्ण धाम की,
जो नहीं करते परिक्रमा ! (4-9-9)

22. சொற்றுணை வேதியன் சோதி வானவன
பொற்றுணைத் திருந்தடி பொருந்தக் கைதொழக்
கற்றுணைப் பூட்டியோர் கடலிற் பாய்ச்சினும்
நற்றுணை யாவது நமச்சி வாயவே. 4.11.1

22. चॉट्रुणै वेदियन् चोति वानवन्
पॉट्रुणै तिरुन्दडि पॉरुन्दक् कैतॊऴक्
कट्रुणै पूट्टियोर् कडलिर् पाय्च्चिनुम्
नट्रुणै यावदु नमश्शिवायवे । (4-11-1)

23. பூவினுக் கருங்கலம் பொங்கு தாமரை
ஆவினுக் கருங்கல மரனஞ் சாடுதல்
கோவினுக் கருங்கலங் கோட்ட மில்லது
நாவினுக் கருங்கல நமச்சி வாயவே. 4.11.2

23. पूविनुक्करुङ्कलम् पॉङ्गु तामरै
आविनुक्करुङ्कलम् अनंरजाडुदल्
कोविनुक्करुङ्कलम् कोट्टमिल्लदु
नाविनुक्करुङ्कलम् नमश्शिवाये । (4-11-2)

24. இடுக்கண்பட் டிருக்கினு மிரந்தி யாரையும்
விடுக்கிற் பிரானென்று வினவுமோ மல்லோம்
அடுக்கற்கீழ்க் கிடக்கினு மருளி னாமுற்ற
நடுக்கத்தைக் கெடுப்பது நமச்சி வாயவே. 4.11.4

24. इडुक्कण् पट्टिरुक्किनुम् इरन्दि यारैयुम्
विडुक्किऱ् पिरानंन्ऱु विनवुवोभल्लोम्
अडुक्कर्कीऴ् किडक्किनुम् अरुळि नामुट्र
नडुक्कत्तैक् कॆडुप्पदु नमश्शिवायवे । (4-11-4)

22. शब्द का वाच्य है
वेदसार परमेश्वर,
यदि एकाग्र चित्त से
कराञ्जलि बद्ध हो
नमन करें ज्योति स्वरूप को,
देवाधिदेव को,
भले ही फेंक दें
पत्थर से बांधकर समुद्र में
ध्रुव ही साथ देगा
पावन नाम नमश्शिवाय का। (4-11-1)

23. पुष्पों का अलंकार है
नीर पर उत्थित कमल
गो का अलंकार है
परिपावन पंचगव्य
नृपति का अलंकार है
नीति-निष्ठ सुशासन
जिह्वा का अलंकार है
परम पावन नमश्शिवाय नाम। (4-11-2)

24. भले ही दें यातना दुरित-परंपराएँ
याचना नहीं करेंगे किसी और से
कि त्राण करो, मानूँ तुम्हें अपना स्वामी,
जैसे कि रावण के साथ हुआ था
दबा रहना पड़े पहाड़ के नीचे
अनुगृहीत कर भीति दूर करने वाला
केवल मात्र नमश्शिवाय नाम ही। (4-11-4)

25. வீடினா ருலகினில் விழுமிய தொண்டர்கள்
கூடினா ரந்நெறி கூடச் சென்றலும்
ஓடினே னோடிச்சென் றுருவங் காண்டலும்
நாடினே னாடிற்று நமச்சி வாயவே. 4.11.7

25. वीडिनारुलगिनिल् विऴुमिय तॊण्डर्गळ्
कूडिनारन्नॆऱि कूडच् चॆन्ऱलुम्
ओडिनेन् ओडिच्चॆन्ऱुरुवम् काण्डलुम्
नाडिने नाडिट्रु नमश्शिवायवे। (4-11-7)

26. இல்லக விளக்கது விருள்கெ டுப்பது
சொல்லக விளக்கது சோதி யுள்ளது
பல்லக விளக்கது பலருங் காண்பது
நல்லக விளக்கது நமச்சி வாயவே. 4.11.8

26. इल्लग विळक्कदु इरुळ् कॆडुप्पदु
चॊल्लग विळक्कदु चोति युळ्ळदु
पल्लग विळक्कदु पलरुम् काण्पदु
नल्लग विळक्कदु नमश्शिवायवे। (4-11-8)

27. முன்னெறி யாகிய முதல்வன் முக்கணன்
தன்னெறி யேசர ணாத றிண்ணமே
அந்நெறி யேசென்றங் கடைந்த வர்க்கெலாம்
நன்னெறி யாவது நமச்சி வாயவே. 4.11.9

27. मुन्नॆऱियागिय मुदल्वन् मुक्कण्णन्
तन्नॆऱिये शरणादल् तिण्णमे
अन्नॆऱिये चॆन्ऱङ् कडैन्दवर्क्कॆल्लाम्
नन्नॆऱियावदु नमश्शिवायवे। (4-11-9)

25. शिवमार्ग पर चल रहा
संतजनों का पुण्य समागम
भाग कर पहुँचा मैं
पुण्यपंथ के दिव्य समागम में,
पहुँच कर पा लिया 'नाथ' का स्वरूप
नमश्शिवाय दिव्य-मंत्र में
आसक्त हुआ उसी में
कर लिया ग्रहण मुझे नमश्शिवाय नाम ने। (4-11-7)

26. गृह (जीव-हृदय) का यह मणिदीप है
नाश करता तम भीतर बाहर का
शब्द में भासित अर्थपूर्ण दीप यह
प्रसरित करता चतुर्दिक् ज्योति है,
बहुमार्ग में निहित तत्त्व-दीप
सर्व-दर्शनों की तेजोमय ज्योति है
ज्ञान स्वरूप महाज्योति
नमश्शिवाय नाम है। (4-11-8)

27. आदिमार्ग यह अनादि मार्ग है
त्रिनेत्र प्रभु का शिव-सन्मार्ग
शरण प्रदाता पंथ यह ध्रुव है
आरूढ़ होते हैं जो दृढ़ संकल्प से
मुद मंगलदाता है
नमश्शिवाय का यह सन्मार्ग। (4-11-9)

28. சொன்மாலை பயில்கின்ற குயிலினங்காள் சொல்லீரே
பன்மாலை வரிவண்டு பண்மிழற்றும் பழனத்தான்
முன்மாலை நகுதிங்கண் முகிழ்விளங்கு முடிச்சென்னிப்
பொன்மாலை மார்பனென் புதுநலமுண் டிகழ்வானோ.
4.12.1

28. चॊन्मालै पयिल्गिन्ऱ् कुयिनंगाळ् चॊल्लीरे
पन्मालै वरिवण्डु पण्मिऴट्रुम् पऴनत्तान्
मुन्मालै नगु तिङ्गळ् मुगिऴ् विळङ्कु मुडिच्चॆन्निप्
पॊन्मालै मार्बनॆन् पुदुनलमुण्डिगऴ्वानो । (4-12-1)

29. மண்பொருந்தி வாழ்பவர்க்கும் மாதீர்த்த வேதியர்க்கும்
விண்பொருந்து தேவர்க்கும் வீடுபேறாய் நின்றானைப்
பண்பொருந்த விசைபாடும் பழனஞ்சே ரப்பனையென்
கண்பொருந்தும் போதத்துங் கைவிடநான் கடவேனோ.
4.12.5

29. मण्पॊरुन्दि वाऴ्बवर्क्कुम् मातीर्त्त वेदियर्क्कुम्
विण्पॊरुन्दु देवर्क्कुम् वीडुपेऱाय् निन्ऱानै
पण्पॊरुन्द इशै पाडुम् पऴनम् चेरप्पनै यॆन्
कण् पॊरुन्दुम् पोदत्तुम् कैविड नान् कडवेनो । (4-12-5)

30. ஊழித்தீ யாய்நின்றா யுள்குவா ருள்ளத்தாய்
வாழித்தீ யாய்நின்றாய் வாழ்த்துவார் வாயானே
பாழித்தீ யாய்நின்றாய் படர்சடைமேற் பனிமதியம்
ஆழித்தீ யையாறர்க் காளாய்நா னுய்ந்தேனே. 4.13.4

30. ऊऴित्तीयाय् निन्ऱाय् उळ्गुवारुळ्ळत्ताय्
वाऴित्तीयाय् निन्ऱाय् वाऴ्त्तुवार् वायाने
पाऴित्तीयाय् निन्ऱाय् पडर्चडै मेऱ् पनि मदियम्
अऴित्ती ऐयाऱर्क्काळाय् नानुय्न्देने । (4-13-4)

28. (शिव-कामिनी नायिका द्वारा कोयलिया को दूती बनाकर भेजना)
मधुमय शब्द का, तान का
अभ्यास करती कोयलिया !
निवेदन करो मेरे नाथ से –
अलिवृन्द के मधु गुंजन से
पूरित पऴन नगर का स्वामी धारण किये है जो
संध्यापूर्व आकाश में शोभित चंद्र को निज शिर पर,
स्वर्णिम हार को वक्ष पर,
क्या वह मेरा स्वामी
व्यर्थ बीतने देगा मेरे कौमार्य को ! (4-12-1)

29. गृहस्थ जन, विमल योगी और
गगन तल के अमरगण सबके लिए,
यथायोग्य रुप में,
वांछित सकल सुख और सायुज्य रूप
रागमय गीत मुखरित पऴन नगर के अधीश को,
विस्मृत न करूँ मैं अंत समय में भी
इसी अनुग्रह की कामना है। (4-12-5)

30. महाप्रलय में कालाग्नि रूद्र
बसे हो तुम सूक्ष्म ज्योति बन
भक्तयोगियों के हृदय में,
स्तुतिगान में अनुग्रह-गिरा हो
सृजनकारक अग्नि तुम,
जीव संधारक त्रिकाग्नि भी,
महादेव तुम्हारी जटा पर भी
विलसित है समुद्र से निकली ज्योति चन्द्रकला बन कर,
तर गया मैं भी तिरुवैयारु धाम में विराजे
अग्नीश्वर का दास बनकर। (4-13-4)

31. தடமல ராயிரங்கள் குறைவொன்றதாக
நிறைவென்றுதன்க ணதனால்
உடன்வழி பாடுசெய்த திருமாலையெந்தை
பெருமானுகந்து மிகவும்
சுடரடி யான்முயன்று சுழல்வித்தரக்க
னிதயம்பிளந்த கொடுமை
அடல்வலி யாழியாழி யவனுக்களித்த
வவனாநமக்கொர் சரணே. 4.14.10

31. तडमलर् आयिरंगळ् कुऱ़ैवॊन्ऱ़दाग
निऱ़ैवॆन्ऱ़ु तन् कणदनाल्
उडन् वऴ़िपाडु चॆय्द तिरुमालै ऍन्दै
पॆरुमानुगन्दु मिगवुम्
चुडरडियान् मुयन्ऱ़ु चुऴ़ल्वित्तरक्कन्
इदयम् पिळन्द कॊडुमै
अडल् वलि याऴ़ि याऴ़ि अवनुक्कळित्त
अवना नमक्कॊर् शरणे। (4-14-10)

32. பற்றற்றார்சேர் பழம்பதியைப் பாசூர்நிலாய பவளத்தைச்
சிற்றம்பலத்தெந் திகழ்கனியைத் தீண்டற்கரிய
திருவுருவை
வெற்றியூரில் விரிசுடரை விமலர்கோனைத் திரைசூழ்ந்த
ஒற்றியூரெ முத்தமனை யுள்ளத்துள்ளே வைத்தேனே.
(4.15.1)

32. पट्रट्रार् चेर् पऴ़म् पतियैप् पासूर् निलाय पवळत्तैच्
चिट्रम्बलत्तॆन्तिगऴ़् कनियैत् तीण्डर्करिय तिरुवुरुवै
वॆट्रियूरिल् विरिचुडरै विमलर् कोनैत् तिरैचूऴ़्न्द
ऒट्रियूरॆमुत्तमनै उळ्ळत्तुळ्ळे वैत्तेने। (4-15-1)

31. एकदा शिव-पूजन में रत थे महाविष्णु,
संकल्प था सहस्त्र कमल समर्पित करने का,
सहसा न्यून हो गया एक कमल
निकाल लिया विष्णु ने निज नयन-कमल
और चढ़ा दिया प्रभु चरणों में
अति प्रसन्न हुए तात परमेश्वर
प्रदान किया विष्णु को सुदर्शन चक्र
एक बार जिसे घोंप दिया था प्रभु ने
निज प्रभापूर्ण चरण से थामकर
जलंधर के वक्ष पर
हमारा एक शरण है भक्तवत्सल प्रभु। (4-14-10)

32. स्थापित कर लिया
मैंने अंतरतम में
प्राचीनधाम पासूर में
प्रकाशित प्रवाल मूर्ति को
मणि-मंदिर में शोभित मुक्ता-फल को
स्पर्शातीत पावन ज्योतिराट् को
एकमेव लक्ष्य जो है निस्संग संतजन का
प्रतिष्ठित कर लिया हृदय में देवाधिदेव को
ओट्रियूर में व्याप्त परम-ज्योति को
तरंग-वलयित ओट्रियूर में विराजे 'उत्तम' को। (4-15-1)

33. செய்யர் வெண்ணூலர் கருமான் மறிதுள்ளும்
கையர் கனைகழல் கட்டிய காலினர்
மெய்யர் மெய்ந்நின் றவர்க்கல்லா தவர்க்கென்றும்
பொய்யர் புகலூர்ப் புரிசடை யாரே. 4.16.1

33. चॆय्यर् वॆण्णूलर् करुमान्मऱि तुळ्ळुम्
कैयर् कनैकऴल् कट्टिय कालिनर्
मॆय्यर् मॆय्निन्ऱ् वक्कु अल्लदवर्क्कॆन्ऱुम्
पॊय्यर् पुगलूर्प् पुरिचडैयारे। (4-16-1)

34. எத்தீ புகினு மெமக்கொரு தீதிலை
தெத்தே எனமுரன் றெம்மு ளுழிதர்வர்
முத்தீ யனையதொர் மூவிலை வேல்பிடித்
தத்தீ நிறத்தா ரரநெறி யாரே. 4.17.1

34. ऍत्तिशै पुगिनुम् ऍमक्कॊरु तीदिलै
तॆत्ते ऍन मुरन्ऱ्म्मुळ् उऴिदर्वर्
मुत्ती अनैयदॊर् मूविलै वेल् पिडित्तु
अत्ती निऱत्तार् अरनॆऱियारे। (4-17-1)

35. ஒன்றுகொ லாமவர் சிந்தை யுயர்வரை
ஒன்றுகொ லாமுய ரும்மதி சூடுவர்
ஒன்றுகொ லாமிடு வெண்டலை கையது
ஒன்றுகெ லாமவ ரூர்வது தானே. 4.18.1

35. ऑन्ऱु कॊलामवर् चिन्तै युयर् वरै
ऑन्ऱु कॊलामुयरुम् मदि चूडुवर्
ऑन्ऱु कॊलामिडु वॆण्डलै कैयदु
ऑन्ऱु कॊलामवर् ऊर्वदु ताने। (4-18-1)

33. अरुणाभ देह पर है विलसित
धवल उज्ज्वल यज्ञोपवीत
उछल रहा है करतल पर
चंचल चपल मृगशावक
पदतल में शिंजित नूपुर
सत्यस्वरूप है, अनुग्रह ज्योति है !
साधक भक्तों के हित
अति भीकर इतर जन के लिए
अपरंपार है महिमा
पुगलूर में विराजे जटाधर शंकर की। (4-16-1)

34. भय नहीं है मुझे किसी अनल से
लेश भी होगा नहीं अहित मेरा
हो रहा मेरे हृदय में
ईश का 'धा-धै' नृत्य सदा ही
प्रभु के कर में विलसित है
त्रिकाग्नि सम त्रिशूल भी
और स्वयं वे अग्नि वर्ण हैं
धर्माग्नि स्वरूप हैं। (4-17-1)

35. एकमेव उत्कृष्ट है कैलास गिरि
तुंगता में प्रभु-हृदय-सम
समुन्नत है वह चंद्र भी
धारण किया जिसे सर्वेश ने
एकमेव है वह ब्रह्म कपाल
प्रभु के करतल पर शोभित है
एकमेव है अद्वितीय है
प्रभु का वह वृषवाहन। (4-18-1)

36. பத்துக்கொ லாமவர் பாம்பின்கண் பாம்பின்பல்
பத்துக்கொ லாமெயி றுந்நெரிந் துக்கன
பத்துக்கொ லாமவர் காயப்பட் டான்றலை
பத்துக்கொ லாமடி யார்செய்கை தானே. 4.18.10

36. पत्तुक्कॊलामवर् पाम्बिन्कण् पाम्बिन्पल्
पत्तुक्कॊलामॆयिऱुम् नॆरिन्दुक्कन
पत्तुक्कॊलामवर् कायप्पट्टान् तलै
पत्तुक्कॊलाम् अडियार् चॆय्गैताने । (4-18-10)

37. சூலப் படையானைச் சூழாக வீழருவிக்
கோலத்தோட் குங்குமஞ்சேர் குன்றெட் டுடையானைப்
பாலொத்த மென்மொழியாள் பங்கானைப் பாங்காய
ஆலத்தின் கீழானை நான்கண்ட தாரூரே. 4.19.1

37. शूलप्पडैयानैच् चूऴाग वीऴरुविक्
कोलत्तोळ् कुंकुमम्चेर् कुन्ऱॆट्टुडैयानैप्
पालॊत्त मॆन्मॊऴियाळ् पङ्गनैप् पाङ्गाय्
आलत्तिन् कीऴानै नान् कण्डदारूरे । (4-19-1)

38. முத்துவிதான மணிப்பொற்கவரி முறையாலே
பத்தர்களோடு பாவையர்சூழப் பலிப்பின்னே
வித்தகக்கோல வெண்டலைமாலை விரதிகள்
அத்தனாரூ ராதிரைநாளா லதுவண்ணம். 4.21.1

38. मुत्त वितान मणिप्पॊर्कवरि मुऱैयाले
पत्तर्गळोडु पावैयर् चूऴप्पलिप् पिन्ने
वित्तगक्कोल वॆण्डलैमालै विरदिगळ्
अत्तनारूर् आदिरैनाळालदु वण्णम् । (4-21-1)

36. दस हैं अक्षि, दांत भी दस हैं
नाथ के प्रिय पंच नाग के
मर्दित हुए कैलास के नीचे
दश मुख के दस शीश
कैलासपति के क्रोध से;
श्लाघनीय चर्या भी दस हैं
वंदनीय शिव भक्तों की। (4-18-10)

37. दर्शन हुआ तिरुवारूर धाम में
त्रिशूलधारी प्रभु का
पर्वत निभ अष्ट-स्कंध से
निःसृत कुंकुम-निर्झर
वामांग में विलसी मधुर गिरा
उमा दुग्ध धवल वर्ण में
देखा मैंने तिरुवारूर धाम में
वटवृक्ष के तले
सार्थक हुए मेरे नयन। (4-19-1)

38. अनुपम है, अवर्णनीय है
त्यागेश का आर्द्रा उत्सव
तिरुवारूर में भव्य शोभायात्रा
मोतियों के वितान के तले
समंलकृत जो मणि-रत्न-कनक से, चामर से
उत्सव नायक को घेर कर
अगणित भक्तजन और रमणियाँ
अनुगमन कर रहे
ज्ञान-धन तपस्वी व्रतधारी। (4-21-1)

39. வீதிகடோறும் வெண்கொடியோடு விதானங்கள்
சோதிகள்விட்டுச் சுடர்மாமணிக ளொளிதோன்றச்
சாதிகளாய பவளமுமுத்துத் தாமங்கள்
ஆதியாரூ ராதிரைநாளா லதுவண்ணம். 4.21.3

39. वीदिगळ् तोरुम् वॆण्कॊडियोडु वितानंगळ्
चोतिगळ् विट्टुच् चुडर्मणिगळ् ऑळितोन्ऱच्
चातिगळाय पवळ मुत्तुत्तामङ्गळ्
आदि यारूर् आदिरै नाळालदु वण्णम् । (4-21-3)

40. பாரூர்பௌவத் தானைபத்தர் பணிந்தேத்தச்
சீரூர்பாட லாடலறாத செம்மாப்பார்ந்
தோரூரொழியா துலகமெங்கு மெடுத்தேத்தும்
ஆரூரன்ற னாதிரைநாளா லதுவண்ணம். 4.21.10

40. पारूर् पौवत्तानै पत्तर् पणिन्देत्तच्
चीरूर् पाडलालऱाद चॆम्माप्पार्न्दु
ओरूरॊळिया दुलगमॆङ्गुम् ऍडुत्तेत्तुम्
आरूरन्ऱन् आदिरैनाळालदु वण्णम् । (4-21-10)

41. பத்தனாய்ப் பாடமாட்டேன் பரமனே பரமயோகி
எத்தினாற் பத்திசெய்கே னென்னைநீ யிகழவேண்டா
முத்தனே முதல்வாதில்லை யம்பலத் தாடுகின்ற
அத்தாவுன் னாடல்காண்பா னடியனேன் வந்தவாறே.
423.1

41. पत्तनाय्प् पाडमाट्टेन् परमने परमयोगी
ऍत्तिनाऱ् पत्ति सॆय्केन् ऍन्नै नी इगळवेण्डा
मुत्तने मुदल्वा तिल्लै यम्बलत्ताडुकिन्ऱ
अत्ता उन्नाडल् काण्बान् अडियनेन् वन्दवाऱे । (4-23-1)

39. समलंकृत है आरूर की वीथियाँ
धवल ध्वजों से, वर्ण-वर्ण के वितानों से,
त्यागेश प्रभु शोभायात्रा में हैं
ज्योति बिखेरते हुए प्रज्वलित हैं
महार्ध मणिरत्न के संग
उत्कृष्ट प्रवाल एवं मुक्ता के हार भी
अवर्णनीय है आद्रा उत्सव
आदिदेव महादेव त्यागेश का। (4-21-3)

40. अचर थल और चलित समुद्र के संग
सकल पुर-ग्राम के एकैक नायक को
विनत होकर नमन करते हैं
पुण्य नगरी तिरुवारूर में
आर्द्रा के उत्सव काल में।
निरंतर चलते हैं ईश के स्तुति-गीत, नर्तन
जिनके बिना बीते नहीं एक भी दिन
इस भांति उत्कृष्ट है
तिरुवारूर का आर्द्रा महोत्सव
अनुपम-अद्वितीय है जो सकल जग में। (4-21-10)

41. भक्ति से अनुरक्त होकर आज
गाऊँगा नहीं प्रभु ! तेरा स्तुति गान
भजन न करूँ मैं, ठुकरा न देना स्वामी !
भजन के लिए नहीं, वरन्
आगत हूँ यहाँ पर आपका नृत्य देखने के लिए
हे मुक्तिदायक प्रभु, देवाधिदेव
तिल्लै चिदम्बरम् में नृत्यरत तात
आगत हूँ यहाँ आपका नृत्य देखने के लिए ! (4-23-1)

42. நீதியா னினைசெய்நெஞ்சே நிமலனை நித்தமாகப்
பாதியா முமைதன்னோடும் பாகமாய் நின்றவெந்தை
சோதியாய்ச் சுடர்விளக்காய்ச் சுண்ணவெண்ணீறதாடி
ஆதியு மீறுமானா ரதிகைவீ ரட்டனாரே. 4.25.7

42. नीतिया निनै शंय् नंञ्जे निमलनै नित्तमागप्
पादिया मुमै तन्नोडुम् पागमाय् निन्ऱ्वंन्दै
चोतियाय्च् चुडर् विळक्काय्च् चुण्ण वंण्णीऱ्दाडि
आदियु मीऱुमानार् अदिगै वीरट्टनारे। (4-25-7)

43. நம்பனே யெங்கள்கோவே நாதனே யாதிமூர்த்தி
பங்கனே பரமயோகி யென்றென்றே பரவிநாளும்
செம்பொனே பவளக்குன்றே திகழ்மலர்ப்
பாதங்காண்பான்
அன்பனே யலந்துபோனே னதிகைவீ ரட்டனீரே. (4.26.1)

43. नम्बने ऍङ्गळ् कोवे नादने आदिमूर्ति
पङ्गने परमयोगी ऍन्ऱ्ंन्ऱे परवि नाळुम्
चंम्बोने पवळक्कुन्ऱे तिगऴ् मलर्प्पादम् काण्बान्
अन्बने यलन्दु पोनेन् अदिगै वीरट्टनीरे। (4-26-1)

44. நீதியால் வாழமாட்டே னித்தலுந் தூயேனல்லேன்
ஓதியு முணரமாட்டே னுன்னையுள் வைக்கமாட்டேன்
சோதியே சுடரேயுன்றன் றூமலர்ப் பாதங்காண்பான்
ஆதியே யலந்துபோனே னதிகைவீ ரட்டனீரே. 4.26.3

44. नीदियाल् वाऴमाट्टेनित्तलुम् तूयेनल्लेन्
ओदियुमुणर माट्टेन् उन्नैयुळ् वैक्कमाट्टेन्
चोतिये चुडरे उन्ऱन् तूमलर्प्पादम् काण्बान्
आदिये अलन्दु पोनेन् अदिगै वीरट्टनारे। (4-26-3)

42. हे मेरे हृदय ! ध्यान करो
अमल विमल सदाशिव का
आगम विधि के अनुरूप
जो विलसित है अर्धनारीश्वर रूप में,
ज्योतिस्वरूप है, लेपित है
धवलोज्वल भस्म से,
आदि का आदि है अंत का भी अंत
अदिगै वीरट्टानम् का अधीश। (4-25-7)

43. परम प्रिय ! मेरे नाथ !
आदिदेवी को वामभाग दिए हो दयामय !
संतत शिवानंद में रमते परमयोगी
कनक और प्रवाल के पुंजीभूत पर्वत हो !
इस तरह अनुदिन, प्रतिक्षण
तेरी महिमा गाता हुआ
तरस रहा हूँ मैं तुम्हारे
सुमन सदृश चरण-युगल के दर्शन के हित
हे प्रिय ! अदिगै वीरट्टानम् में विराजे प्रभु ! (4-26-1)

44. जीता नहीं मैं धर्म-नीति पूर्वक
दावा नहीं करता चित्त-शुद्धि का
पढ़ता हूँ सद्ग्रंथ, पर
समझ न पाता उनके निगूढ़ तत्त्व
मन में तुम्हें स्थापित करने की
नहीं आती विधि भी,
अदिगै वीरट्टानम् धाम के
हे भासमान ज्योति-स्वरूप !
तरस गया हूँ मैं
सुमन-सदृश तेरे चरण-दर्शन के लिए। (4-26-3)

45. மந்திர முள்ளதாக மறிகட லெழுநெய்யாக
இந்திரன் வேள்வித்தீயி லெழுந்ததோர்
கொழுந்தின்வண்ணம்
சிந்திர மாகநோக்கித் தெருட்டுவார் தெருட்டவந்து
கந்திர முரலுஞ்சோலைக் கானலங் கெடிலத்தாரே.
4.28.5

45. मन्तिर मुळ्ळदाग मऱिकडल् ऍऴु नॆय्याग
इन्दिरन् वेळ्वित्तीयिल् ऍऴुन्ददोर् कॊऴुन्दिन् वण्णम्
चिन्तिरमाग नोक्कित् तॆरुट्टुवार् तॆरुट्टवन्दु
कन्दिर मुरलुम् चोलैक् कानलङ् कॆडिलत्तारे।
(4-28-5)

46. பழியுடை யாக்கைதன்னிற் பாழுக்கே நீரிறைத்து
வழியிடை வாழமாட்டேன் மாயமுந் தெளியகில்லேன்
அழிவுடைத் தாயவாழ்க்கை யைவரா லலைக்கப்பட்டுக்
கழியிடைத் தோணிபோன்றேன் கடவூர்வீ ரட்டனீரே.
4.31.6

46. पऴियुडै याक्कै तन्निऱ् पाऴुक्के नीरिऱैत्तु
वऴियिडै वाऴमाट्टेन् मायमुम् तॆळियगिल्लेन्
अऴिवुडैत्ताय वाऴ्क्कै ऐवराल् अलैक्कप्पट्टुक्
कऴियिडैत्तोणि पोन्ऱेन् कडवूर् वीरट्टनीरे। (4-31-6)

47. தந்தையாய்த் தாயுமாகித் தரணியாய்த் தரணியுள்ளார்க்
கெந்தையு மென்னநின்ற வேழுல குடனுமாகி
எந்தையெம் பிரானேயென்றென் றுள்குவா
ருள்ளத்தென்றும்
சிந்தையுஞ் சிவமுமாவார் திருப்பயற் றூரனாரே. 4.32.8

47. तन्दैयाय्त् तायुमागित् तरणियाय् तरणियुळ्ळार्क्कु
ऍन्दैयुमॆन्न निन्ऱ एऴुलगुडनुमागि
ऍन्दैयॆम्बिराने ऍन्ऱॆन्ऱुळ्गुवार् उळ्ळत्तॆन्ऱुम्
चिन्तैयुम् शिवमुमावार् तिरुप्पयट्रूरनारे। (4-32-8)

45. स्थापित हुआ मंद्राचल यज्ञवेदी में
घृत बना उथल-पुथल करता क्षीर सागर
इंद्र से अनुष्ठित महायज्ञ में
निकला हलाहल ज्वालामय
जिसका समाधान कर
स्थापित किया निज परत्व को
महादेव ने
मेघ से टकराते तुंग वनयुत
कंडिल धाम के प्रभु ने। (4-28-5)

46. पापयुत कलेवर के क्षेत्र में
वृथा जल-सेचन करता हुआ
